धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

02.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

khabarmantralive.com

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net

मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081

मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 140



12 भारतवंशी काश पटेल बने एफबीआइ के डायरेक्टर

# मंईयां की झोली भरने को तैयार हेमंत सरकार

## 11 तक पांचवीं किस्त के 2500 रुपये आने की उम्मीद, कल्याण विभाग ने शुरू की तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में हेमंत सोरेन के दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद राज्य की गरीब महिलाओं को अब बहुत जल्द मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 रुपये मिलने वाले हैं। इसे लेकर कल्याण विभाग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बार से मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को 1000 रुपये की जगह 2500 रुपये आयेंगे । कल्याण विभाग ने पांचवीं किस्त जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। सूत्रों का कहना है कि 11 दिसंबर को यह राशि महिलाओं के खातों में पहुंचने की उम्मीद है। इस योजना का झामुमो को विधानसभा चुनाव में बड़ा लाभ मिला था।






### चुनाव में सरकार को हुआ फायदा

मंईयां सम्मान योजना का विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को बड़ा फायदा हुआ। कल्याण विभाग ने बताया कि योजना का रजिस्ट्रेशन अब भी जारी है। नयी सरकार के गठन के बाद योजना के कार्य में तेजी आ गयी है। इस योजना ने महिलाओं को आर्थिक मजबूती किया है। साथ ही इस योजना ने महिलाओं में सरकार के प्रति सकारात्मक धारणा बनाने में मदद की है। हेमंत सरकार की देखादेखी चुनाव के दौरान भाजपा ने गोगो दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2100 रुपये की बात कही गई। इसके बाद हेमंत सोरेन सरकार की ओर से मंईयां सम्मान योजना की राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये करने का ऐलान कर दिया। आदर्श आचार संहिता के कारण नवंबर से इसका लाभ नहीं दिया जा सका। अब दिसंबर से महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा।

### 57 लाख महिलाओं को मिल रहा लाभ

मंईयां सम्मान योजना के तहत 18 से 50 वर्ष की करीब 57 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं। योजना के तहत अब तक एक-एक हजार रुपये की चार किस्त खातों में भेजी जा चुकी है। पांचवी की तैयारी जोरों पर है। चुनाव से पहले हेमंत सोरेन ने घोषणा की थी कि झारखंड में अबुआ सरकार बनते ही दिसंबर से 2500 रुपये महिलाओं के खातों में भेजेंगे।

## न्यूज डायरी

### मुठभेड़ में नक्सली नेता समेत सात माओवादी ढेर

**मुलुगु (तेलंगाना)।** छत्तीसगढ़ व तेलंगाना की सीमा पर मुलुगु जिले के इटुरनगरम वन क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली नेता सहित सात माओवादी मारे गये। पुलिस के अनुसार, माओवादी विरोधी दस्ते के साथ समन्वय में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स ने जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ होने पर माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।

### कंस्ट्रक्शन साइट में आगजनी, वाहन फूंका

**रांची।** राजधानी से सटे ओरमांझी थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटार स्थित श्रीराम कंस्ट्रक्शन के साइट पर अज्ञात अपराधियों ने शनिवार की देर रात आगजनी और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। चार से पांच की संख्या में आये अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की और फिर एक वाहन को फूंक दिया।

### माणिक लाल हेंब्रम बने विस के प्रभारी सचिव

**रांची।** झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव माणिक लाल हेंब्रम को सचिव पद का प्रभारी बनाया गया है। 1 दिसंबर से अगले आदेश तक माणिक लाल हेंब्रम, सचिव पद के सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस बाबत विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### कर्रा में ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**रांची।** खूंटी के क र्रा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों मालगो और चियूर गांव के समीप ट्रेन से कटकर से दो लोगों की मौत गयी। पुलिस ने रविवार को सदर अस्पताल खूंटी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। मृतकों में मालगो गांव के पास पतरा मुछिया गाव निवासी स्वकरमदास हेरेंज का पुत्र अनमोल हेरेंज है।

### चंपई ने की हेमंत की तारीफ तरह-तरह की चर्चा तेज

**रांची।** भाजपा नेता और पूर्व सीएम चंपई सोरेन को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वह एक बार फिर से झामुमो में शामिल होंगे। दरअसल, चंपई सोरेन का एक वीडियो काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह सीएम हेमंत सोरेन की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। चंपई सोरेन कहते नजर आ रहे है कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में बहुत सारे काम किये हैं। उधर, भाजपा की 2 दिन की समीक्षा बैठक में भी चंपई सोरेन नजर नहीं आये। इससे चर्चा का बाजार गर्म है। हालांकि चंपई सोरेन ने इस पर साफ इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा, एक पुराना वीडियो वायरल करा कर, मेरे संबंध में कुछ भ्रामक अफवाहें फैलाई जा रही हैं। ऐसी झूठी अफवाहों से बचें।

## सीएम की पहल पर आलू संकट टलने के आसार बढ़े

# दोनों राज्यों के सीएस ने की बात, समाधान शीघ्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में आलू संकट के अब शीघ्र हल की उम्मीद बढ़ गयी है। पश्चिम बंगाल से आलू के निर्यात पर रोकने के मामले में सीएम हेमंत ने संज्ञान लिया है। सीएम ने मुख्य सचिव अलका तिवारी को इस समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया है। सीएम के निर्देश के बाद मुख्य सचिव ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से इस संबंध में बात की है। मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक समिति बनाकर इस समस्या का समाधान किया जायेगा। मुख्यमंत्री के इस हस्तक्षेप से किसानों और व्यापारियों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है। पश्चिम बंगाल सरकार ने दूसरे राज्यों में आलू के निर्यात पर रोक लगा दी है। इसका असर झारखंड पर सबसे अधिक पड़ रहा है। राज्य में आलू की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने ये फैसला लिया है।



**कमेटी बना कर हल निकालेंगे**

झारखंड के मुख्य सचिव को सीएम हेमंत ने इस संकट को शीघ्र हल करने का निर्देश दिया। फिर दोनों राज्यों के सीएस अलका तिवारी और मनोज पंत की बातचीत में एक कमेटी बना कर शीघ्र इस मामले को सुलझाने पर सहमति बनी। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 28 नवंबर को अपने प्रदेश से आलू के निर्यात पर रोक लगा दी। अचानक इस फैसले की वजह से बड़ी संख्या में आलू लदे ट्रक पश्चिम बंगाल के बॉर्डर पर फंसे हुए हैं। आलू का आवक प्रभावित होने पर झारखंड में आलू के दाम 5 से 10 रुपये तक बढ़ गये हैं।

### संकट पर भी राजनीति

भाजपा का कहना है कि शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए हेमंत सोरेन ने ममता बनर्जी को आमंत्रित किया था। समारोह में ममता बनर्जी शामिल भी हुईं। यहां से पश्चिम बंगाल लौटते ही उन्होंने झारखंड सरकार को रिटर्न गिफ्ट दे दिया। आलू की सप्लाई पर रोक लगा दी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मामले को गंभीर बताते हुए सीएम हेमंत सोरेन से तत्काल संज्ञान लेने की अपील की थी। वहीं झामुमो ने कहा था कि इस मामले को लेकर झारखंड सरकार गंभीर है और इसका निष्पादन जल्द कर लिया जायेगा।

## प्रदेश भाजपा की समीक्षा बैठक में हार के कई कारण उजागर

# सर्वस्पर्शी समाज का निर्माण ही हमारी प्राथमिकता : डॉ वाजपेयी

## पार्टी सजग लोकतांत्रिक प्रहरी की भूमिका निभायेगी : डॉ राय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने दो दिनों तक विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की। रविवार को समीक्षा बैठक के दौरान जो बातें निकल कर सामने आयीं, अब उसे आलाकमान को अवगत कराया जायेगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। बैठक में संगठन के आगे की रूपरेखा तय की जायेगी। बैठक के बाद प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने कहा है कि लोकतांत्रिक प्रहरी की भूमिका सड़क से सदन तक निभायेंगे। वह पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, चुनाव हम जरूर हारे पर हमार वोट प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा की प्राथमिकता र्स्वस्पर्शी समाज का निर्माण करना है। हमारा इस ओर लगातार प्रयास जारी रहेगा।



### मजबूत संगठन बनाने का संकल्प

दोनों नेताओं ने कहा कि समीक्षा बैठक में जो निष्कर्ष निकला है, वह भाजपा के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। यह सच है कि हम चुनाव हारे पर चुनाव में अंकगणित काम देता है। हमने वोट बढ़ाये हैं और वोटों का प्रतिशत बढ़ाया है। जनता में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस हार से सबक ले कर एक मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लिया गया है। सदस्यता अभियान के माध्यम से एक बार हम सर्वाग्रहि कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाला संगठन का निर्माण करेंगे।

अध्यक्ष का चुनाव अगले माह

उन्होंने कहा कि फरवरी तक नये प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन हो जायेगा। सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेंगे। भाजपा झारखंड में सरकार के जन विरोधी काम करने पर भाजपा सड़क पर भी जाने में कोई संकोच नहीं करेगी। जनता के साथ कोई घटना होगी तो निश्चित तौर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे।

(शेष पेज 11 पर)

# संचालक व महिला कॉउंसलर गये जेल

### पलामू बालिका गृह यौन शोषण मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बालिका गृह पलामू में यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मेदिनीनगर महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए संचालक राम प्रताप गुप्ता (72) और महिला कॉउंसलर प्रियंका कुमारी (26) को रविवार दोपहर एक बजे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार देर शाम आनन-फानन में बालिका गृह को सील कर सभी लड़कियों को जेलहाता स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। अधिकारियों की जांच दूसरे दिन भी जारी है।

बालिका गृह का संचालन समाज कल्याण विभाग के जरिये होता है। पिछले तीन वर्षों से एनजीओ विकास इंटरनेशनल को इसे चलाने का जिम्मा दिया गया था। आरोपित राम प्रताप गुप्ता इस एनजीओ का सचिव है। जिस नाबालिग लड़की के साथ रामप्रताप ने दुष्कर्म किया है, वह जिले के नक्सल प्रभावित इलाके की रहने वाली है। उसके माता-पिता नहीं हैं। उसके साथ गांव के ही युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसे दो साल पहले बालिका गृह लाया गया था। पीड़िता के साथ उसकी छोटी बहन भी यहां रहती थी। जून माह में छोटी बहन की मौत हो गयी थी। इसका एक भाई बाल गृह में रहता है। बालिका गृह के मैनेजमेंट पर पहले भी सवाल उठते रहते हैं। यहां से बच्चियों के भाग निकलने की घटनाएं भी हमेशा सामने आती हैं। बच्चियों के भागने के बाद उन्हें खोज कर फिर से लाया जाता है।

बालिका गृह में 28 बच्चियां रहती हैं, जिसमें दो बच्चियों ने बालिका गृह के संचालक राम राम प्रताप गुप्ता पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। राम प्रताप को बच्चियां दादा जी कहती थीं।

मामला सामने आने के बाद शनिवार को पुलिस की टीम घंटों मामले की जांच में जुटी रही। बच्चियों के आरोप को पुलिस ने सही पाया।

# शिंदे मुंबई लौटे, कहा- कोई विवाद नहीं, आज सीएम का नाम तय होगा

## देवेंद्र फड़णवीस के नाम पर मुहर संभव शिवसेना व एनसीपी से 1-1 डिप्टी सीएम

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पांच दिसम्बर को नयी सरकार का गठन होगा। भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए केंद्रीय पार्टी पर्यवेक्षकों की टीम दो दिसंबर को मुंबई पहुंचेगी। कार्यकारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तबीयत खराब होने के कारण अपने गांव चले गये थे। वह रविवार को मुंबई लौट आये हैं। उन्होंने कहा, मैंने बिना शर्त भाजपा नेतृत्व को समर्थन की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि महायुति में सरकार गठन को ले कर कोई मतभेद नहीं है। सोमवार को महाराष्ट्र के नये सीएम का नाम तय हो जायेगा। सूत्रों के अनुसार भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच सत्ता में भागीदारी को लेकर बने फामूर्ले के मुताबिक महाराष्ट्र में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और दोनों सहयोगी दलों को उपमुख्यमंत्री का एक-एक पद मिलेगा। फिलहाल सीएम पद की दौड़ में देवेंद्र फड़णवीस सबसे आगे बने हुए हैं। नये सीएम का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसंबर को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। पीएम मोदी भी समारोह में शामिल होंगे। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। भाजपा 132 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि शिवसेना ने 57 और राकांपा ने 41 सीट जीतीं।



### भाजपा जो फैसला ले मंजूर

कार्यवाहक सीएम ने राज्य में सरकार के गठन को लेकर कहा कि, मैंने पार्टी (भाजपा) नेतृत्व को बिना शर्त समर्थन दिया है और मैं उनके फैसले का समर्थन करूंगा। पिछले 2.5 सालों में हमारी सरकार के काम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। यही वजह है कि लोगों ने हमें ऐतिहासिक जनादेश दिया है और विपक्ष को विपक्ष का नेता चुनने का मौका नहीं दिया। शिंदे ने कहा, महायुति के तीनों सहयोगी दलों में अच्छी समझ है... सीएम उम्मीदवार का फैसला कल होगा।

(शेष पेज 11 पर)




| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 71600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 92000 रु./प्रति किलो |


### तीसरी आंख




# घटती आबादी चिंतनीय, वृद्धि दर 2.1 से नीचे रहा तो समाज नष्ट

## दो या तीन बच्चे जरूरी, वरना मानवता ही खतरे में : मोहन भागवत

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या नीति को लेकर अहम बयान दिया है। उन्होंने परिवार के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अगर किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज अपने आप नष्ट हो जायेगा। वह रविवार को महाराष्ट्र में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 2.1 से नीचे न जाये। हमारे लिए यह जरूरी है कि दो या तीन बच्चे पैदा किये जायें। दो या तीन बच्चे पैदा करना जरूरी, वरना मानवता ही खतरे में आ जायेगी।



संघ प्रमुख ने कहा कि ऐसा जनसंख्या विज्ञान कहता है और यदि औसत आंकड़ा 2.1 का ही रहा तो फिर बिना किसी खतरे के ही पृथ्वी से मानवता समाप्त हो जायेगी। आबादी यदि ऐसे ही कम होने की दर बनी रही तो फिर कई भाषाएं और सभ्यताएं खत्म होने के कगार पर पहुंच जायेंगी। उन्होंने कहा, आबादी का घटना चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान भी कहता हैस ऐसे में धरती से मानवता ही खत्म होने का खतरा पैदा हो जाता है। जबकि उसके आगे कोई प्रत्यक्ष संकट नहीं होता। ऐसी स्थिति में कई भाषाओं और सभ्यताओं के खत्म होने का खतरा होता है। देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय हुई थी।

### नये कानून पर विचार

आंध्र प्रदेश के सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य में बढ़ती उम्रदराज आबादी के प्रभावों के प्रति लोगों को आगाह किया। पिछले दिनों उन्होंने एक जनसभा में कहा कि उनकी सरकार परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए कानून बनाने पर विचार कर रही है, जो जनसंख्या नियंत्रण के उद्देश्य से पहले की नीतियों को पलट देगा। वहीं पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य अर्थशास्त्री शमिका रवि ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की थी कि भारत के तीन-चौथाई से अधिक राज्यों में प्रजनन दर अब जनसंख्या स्तर को बनाये रखने के लिए आवश्यक स्तर से कम है।

(शेष पेज 11 पर)

# जय शाह ने आइसीसी के चेयरमैन का पदभार संभाला

**नयी दिल्ली(एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी आयोजन विवाद के बीच जय शाह का इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) के चेयरमैन के तौर पर कार्यकाल शुरू हो कर दिया। 36 वर्षीय जय शाह, ग्रेग बार्कले की जगह लेंगे, जो नवंबर 2020 से इस पद पर कार्यरत हैं। वह आईसीसी के अध्यक्ष बनने वाले 5वें भारतीय और चेयरमैन बनने वाले बने तीसरे इंडियन हैं। इस संबंध में जय शाह का कहना है कि आईसीसी चेयरमैन का पद संभालने पर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह आईसीसी निदेशकों और सदस्य बोर्डों के समर्थन और विश्वास के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा, यह खेल के लिए एक रोमांचक क्षण है, हम ओलंपिक गेम्स 2028 की तैयारी कर रहे हैं, हम प्रशंसकों के लिए क्रिकेट को और अधिक दिलचस्प बनाने की कोशिश कर रहे हैं।



(शेष पेज 11 पर)

### माओवादी पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गोरिल्ला आर्मी का स्थापना सप्ताह मनायेगी

# माओवादियों ने अपनी कमेटियों को किया भंग, कमांडरों को भूमिगत होने का निर्देश!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने पूरे देश भर में अपनी कमेटियों को भंग कर दिया है। माओवादी कमांडरों को भूमिगत होने को कहा गया है। माओवादियों के पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गोरिल्ला आर्मी को डिसेंट्रलाइज्ड होने को कहा गया है।

गोरिल्ला आर्मी के कमांडरों को छोटे-छोटे ग्रुप बनाने को कहा गया है और बड़ी गतिविधि के लिए ही जमा होने को कहा गया है। माओवादियों ने छत्तीसगढ़, ओड़िशा, तेलंगाना और बिहार-झारखंड में सेंट्रल कमेटी, रीजनल समिति, जोनल कमेटी, सब जोनल, एरिया कमेटी को भंग किया है। माओवादी खुद को रिट्रीट करने के लिए सभी कमेटी को भंग किया है और पीएलजीएके कमांडर को सुरक्षित ठिकानों में छुपने को कहा गया है। माओवादी कमांडरों को सिर्फ शहरी गतिविधि में शामिल रहने और निर्णय लेने के लिए डिसेंट्रलाइज होने को कहा गया है।



माओवादियों के नए कदम पर सुरक्षा एजेंसियों की नजर : सुरक्षा एजेंसियों को माओवादियों की कमेटी भंग होने की जानकारी मिली है। सुरक्षा एजेंसियों ने माओवादियों के कदम पर निगरानी बढ़ा दी है। माओवादियों के नए कदम की जानकारी छत्तीसगढ़, ओड़िशा, आंध्र प्रदेश, बिहार और झारखंड के सुरक्षा अधिकारियों से साझा की जा रही है। छत्तीसगढ़ की सुरक्षा एजेंसियों को पूरे मामले की जानकारी मिल गई है, जिसके बाद हाई अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। माओवादियों के पूर्वी क्षेत्रीय ब्यूरो का मुख्यालय झारखंड के सारंडा में है।

#### देश भर में कमजोर हुए हैं माओवादी, वजूद की लड़ रहे लड़ाई

माओवादी पूरे देशभर में पीछे हटने की बात बोल रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। झारखंड और बिहार में माओवादी वजूद की लड़ाई लड़ रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में भी अंतिम दौर की लड़ाई शुरू हुई है। सोमवार से माओवादी अपनी पीपुल्स लिबरेशन ऑफ गोरिल्ला आर्मी का स्थापना सप्ताह भी मनाने की घोषणा की है। इसस पहले माओवादियों ने अपनी सारी कमेटियों को भंग करने की बात कही है। इस मुद्दे को लेकर नक्सल मामलों के जानकार बताते हैं कि नक्सलवाद की शुरूआत के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है कि इस तरह की बात निकाल कर सामने आई है। पूरे देशभर में नक्सलियों की स्थिति कमजोर हो गई है। लोग इन्हें विकास का सबसे बड़ा दुश्मन मानने लगे हैं।

### मूलवासी सदानों की अनदेखी ने भाजपा को दिखाया हार का रास्ता

# पीएम और गृह मंत्री से मिलकर बतायेंगे झारखण्ड की हकीकत : राजेन्द्र प्रसाद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मिलक र उन्हें झारखण्ड की वास्तविकता से अवगत करायेंगे। दोनों से मिलने का समय मांगगे और उन्हें यहां के राजनीति हकीकत की जानकारी देंगे। भाजपा की समीक्षा बैठक में विधानसभा चुनाव में हारे हुए उम्मीदवारों और प्रदेश के नेताओं द्वारा मंईया सम्मान योजना और जेएलकेएम पर भाजपा नेता ठीकरा फोड़ रहे हैं, जबकि उन्हें हार की गहराई में जाना चाहिए। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बता दिया था कि झारखण्ड में दूर-दूर तक कहीं से भाजपा की सरकार बनते नहीं दिख रही है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को भी बता दिया था सदान नॉट हैप्पी। भाजपा के कोर वोटर मूलवासी सदान हैं। लेकिन मूलवासी सदानों को 112 प्रखंडों के सभी पंचायतों में मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया। ओबीसी का आरक्षण को 27 से घटाकर 14% कर दिया गया। सात जिलों में ओबीसी का आरक्षण शून्य कर दिया गया। नियोजन नीति और स्थानीय नीति को परिभाषित नहीं करने से सबसे ज्यादा नुकसान झारखंड में मूलवासी सदानों का हुआ है। इससे मूलवासी सदान आहत हुए हैं। भाजपा के प्रदेश के नेताओं को अपने मूल वोटर पर ध्यान देना चाहिए था।

राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान मोर्चा ने स्थानीय नीति, नियोजन नीति और क्षेत्रीय भाषाओं को लेकर लगातार आन्दोलन किया है। इसके अलावा ओबीसी आरक्षण, 112 प्रखंडों में तमाम पंचायतों को आरक्षित करने के विरुद्ध में मूलवासी सदान मोर्चा ने लगातार आंदोलन व धरना प्रदर्शन करते रहा है लेकिन इन सभी मुद्दों पर भाजपा प्रदेश की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया, बल्कि स्थानीय नीति नियोजन नीति को लेकर एक बाहरी भाजपा के सांसद ने कहा कि 1932 खतियान की मांग करने वाले बांग्लादेशी हैं।

# माणिक लाल हेंब्रम बनाये गये विधानसभा के सचिव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव माणिक लाल हेंब्रम को विधानसभा का प्रभारी सचिव बनाया गया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय के अवर सचिव जितेंद्र कुमार ने शनिवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके मुताबिक माणिक लाल को एक दिसम्बर से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव पद का प्रभारी बनाया जाता है।

गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा के सचिव सैयद जावेद हैदर का कार्यकाल नवंबर 2024 में खत्म हो गया। चूंकि 9 दिसंबर से विधानसभा का विशेष सत्र आहूत है। इसमें हेमंत सरकार बहुमत पेश करेगी। वहीं 12 दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र के लिहाज से सचिव का होना भी जरूरी था। इसे देखते विधानसभा सचिवालय ने माणिक लाल हेंब्रम को प्रभारी सचिव नियुक्त किया है।

### झारखंड के सभी जिलों में 15 दिसंबर से धान खरीदेगी राज्य सरकार

# किसानों से 200 क्विंटल तक धान खरीदेगी सरकार

**ग्रेड-ए धान के लिए किसान को होगा 2420 रुपये का भुगतान**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विभिन्न जिलों में सरकार के स्तर पर धान खरीद की प्रक्रिया 15 दिसंबर से शुरू होगी। इसके तहत सरकार ने फैसला लिया है कि प्रति किसान से 200 क्विंटल तक धान खरीदा जायेगा और अधिक से अधिक किसानों को एमएसपी का लाभ दिया जाएगा। धान में 17 फीसदी तक ही नमी को स्वीकार किया जायेगा। राज्य सरकार ने इस बार साधारण धान की खरीद के लिए किसानों को 2400 रुपए (प्रति क्विंटल) और ग्रेड-ए धान के लिए 2420 रुपए (प्रति क्विंटल) भुगतान करने का फैसला लिया है। इसमें केंद्र सरकार द्वारा तय एम एस पी 2300 रुपए और 2320 रुपए के अतिरिक्त 100 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस भी शामिल है। धान केंद्र पर देने के बाद पहले 50% राशि का भुगतान होगा और इसके बाद अगले राउंड में शेष राशि दी जाएगी।

**किसानों को सुरक्षित भंडारण की सलाह :** जिलों में किसानों से अपने फसल (खासकर धान) के लिए अन्न भंडारण की विधि बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि फसल कटाई प्रारंभ है। सुरक्षित अन्न भंडारण की सही जानकारी नहीं होने से 10-15% तक अनाज नष्ट हो जाते हैं। कीडों के प्रकोप के कारण भंडारण की सुरक्षा और गुणवत्ता को हानि पहुंचती है। नमी, चूहा, भंडारण का बोरा वगैरह भी अनाज के संक्रमण का कारण बनते हैं। ऐसे में भंडारण से पहले अनाज को अच्छी तरह सूखा लें, ताकि दानों में 10% से ज्यादा नमी नहीं रहने पाए। पक्के एवं हवादार भंडार गृह का चयन करें। भंडार गृह के नजदीक पानी का स्रोत न हो। बारिश की स्थिति में खिड़की, रोशनदान से पानी अंदर नहीं आना चाहिए। भंडारण वाली जगह को कीटमुक्त करने को मालाथियन 50 ईसी का पानी में 1:100 में बने घोल को दीवारों और फर्श पर छीडक दें। पुराने और नये अनाज को ना मिलाएं। अनाज भंडारण में नीम की पत्तियों का प्रयोग करते समय नीम की पत्तियां सुखी होनी चाहिए। चूहों से बचाव के लिए जिंक फॉस्फाइड युक्त विषाक्त चारा या चूहेदानी का प्रयोग करें।

# आईपीएस अजय भटनागर हुए सेवानिवृत्त अगले दो माह में तीन डीजी होंगे रिटायर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार को सेवानिवृत हो गये। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वहीं अगले दो महीने के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी भी सेवानिवृत हो जायेंगे। तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह व एम मीणा जनवरी 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी 2025 को रिटायर होंगे।

**एक जनवरी से तीन आईपीएस हो जायेंगे आईजी छह बन जायेंगे डीजीपी :** नये साल के पहले दिन यानी एक जनवरी 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जायेंगे। इसके अलावा 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी 2025 से डीआईजी हो जायेंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोप्ता और अंबर लकड़ा शामिल हैं।

### भाजपा मुख्यालय के बाहर कुशवाहा समाज ने किया प्रदर्शन

# विधानसभा में विधायक शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग उठी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद पार्टी के अंदर खींचतान जारी है। रविवार को कुशवाहा समाज के लोगों ने विधायक शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन भाजपा मुख्यालय के समक्ष किया गया। गौरतलब है कि इस दौरान प्रदेश मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष समीक्षा बैठक कर रहे थे। वहीं, पार्टी मुख्यालय के बाहर कुशवाहा समाज के लोग शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने में जुटे थे। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर भाजपा मुख्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी की। भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर पार्टी में कुशवाहा समाज का प्रतिनिधित्व मजबूत करने की बात कही गयी।

इधर भाजपा के कुछ नेताओं ने आरोप लगाया है कि विधायक शशिभूषण मेहता के समर्थकों ने पार्टी मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। ताकि पार्टी पर दबाव बनाया जा सके। पार्टी सूत्रों का कहना है कि हार के बाद पार्टी के भीतर असंतोष के सुर तेज हो गये हैं। नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर भी खींचतान बढ़ गयी है। इस विरोध-प्रदर्शन ने पार्टी के भीतर नेतृत्व के लिये नई चुनौतियां खड़ी कर दी है। प्रदर्शन में पांकी विधानसभा के सैकड़ों लोग शामिल थे।

### राज्य सरकार पर लगाया आरोप

## राज्य सरकार ने ट्रेजरी के 2,812 करोड़ रुपये अपनी झोली में डाले : बाबूलाल

**पैसा विकास कार्यों में खर्च करने के बजाय मुलाजिमों की तिजोरी में डालने की चल रही साजिश**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि हाल ही में ट्रेजरी से 2,812 करोड़ निकाले गये हैं इसे सरकार अपनी झोली में डाला है। उन्होंने कहा कि यह पैसा विकास कार्यों में खर्च करने के बजाय सरकारी और उनके मुलाजिमों की तिजोरी में डालने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि जब इस राशि का हिसाब मांगा गया, तो सरकार ने चुप्पी साध ली। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा कि भ्रष्टाचार इतना बढ़ चुका है कि एक विभाग का पैसा दूसरे विभाग वाले निकालकर हजम कर रहे हैं। विकास के नाम पर जनता के पैसे का दुरुपयोग हो रहा है। यह विकास की राह में सबसे बड़ी रुकावट है। उन्होंने कहा कि विकास का पैसा विकास में लगाइये, ना कि अपनी तिजोरी का वजन बढ़ाइये। सरकार को जनता के पैसे का हिसाब देना होगा और इसका सही इस्तेमाल सुनिश्चित करना होगा।

### प्रदेश प्रवक्ता ने पलामू बालिका गृह कांड पर उठाये सवाल

# बालिका गृह में यौन शोषण की हो उच्च स्तरीय जांच : भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा ने पलामू के बालिका गृह में यौन शोषण कांड की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय शाह ने कहा कि इस घटना से राज्य के तंत्र और प्रशासन की विफलता साबित हुई है। उन्होंने कहा कि बालिका गृह में उन बच्चियों को रखा जाता है, जो पहले ही यौन अपराधों का शिकार हो चुकी होती हैं। सरकार का उद्देश्य उन्हें वहां सुरक्षित वातावरण देना होता है। लेकिन, अगर वही स्थान अपराध का केंद्र बनता है, तो यह स्पष्ट है कि रक्षक ही भक्षक बन गये हैं।

उन्होंने यौन शोषण की इस घटना को गंभीर अपराध बताते हुये कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि बालिका गृह में बच्चियों पर अधिकारियों को खुश करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसकी जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जानी चाहिये। उन्होंने बताया कि बालिका गृह पर बाल कल्याण समिति, जिला कलेक्टर और कल्याण विभाग का नियंत्रण होता है। ऐसे में यह घटना सरकार की कार्यक्षमता और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने याद दिलाया कि तीन साल पहले राजधानी रांची के एक बाल गृह में भी इसी प्रकार का मामला सामने आया था। लेकिन राज्य सरकार ने इससे कोई सबक नहीं लिया।उन्होंने कहा कि यह घटना राज्य सरकार की बच्चों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष का पद खाली पड़ा है। जो सरकार की लापरवाही को दर्शाता है।

### आयरन ओर की 11 खदानों की भी लगेगी बोली

# झारखंड में सोने की 5 खदानें होंगी नीलाम

**खदानों की नीलामी से सरकार को मिलेगा 3-4 हजार करोड़ का रेवन्यू**

**सुधीर**

**रांची।** विकसित झारखंड के निर्माण के लिए राज्य में स्थित सोना के खदानों की नीलामी होगी। इनमें पूर्वी सिंहभूम के भीतरडीरी और जोजोडीह खदान, सरायकेला-खरसांवा का हेबन सेमा, बीतापुर-सोकानडीह और रामपुर कासीडीह सोना खदानें शामिल हैं। इन खदानों की बोली लगायी जायेगी और अधिकतम बोली लगानेवाले को सोना निकालने का जिम्मा दे दिया जायेगा। इसके अलावा रेवन्यू बढ़ाने के लिए चाईबासा की 11 आयरन ओर की खदानें भी नीलामी के लिए तैयार है। कुल मिलाकर झारखंड के लगभग दो दर्जन खदानों की नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

#### खदानों की नीलामी से मिलेगा 4,000 करोड़

राज्य सरकार को इन खनिज खदानों की नीलामी से तीन से चार हजार करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होगा। राज्य सरकार इस राशि से कल्याणकारी योजनाओं को गति देगी।

#### झारखंड में खोजे जायेंगे नये खदान

बताते चलें कि राज्य में झारखंड एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग कॉपोर्रेशन लिमिटेड को खनिजों का पता लगाने और खनन गतिविधि को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी मिली है। यह कंपनी राज्यभर में लौह अयस्क, कोयला, तांबा, बॉक्साइट, सोना सहित अन्य खनिजों का पता लगायेगी। डिफरेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम के लिए नयी आर्कजीआईएस सॉफ्टवेयर पैकेज खरीदा जायेगा। इस सॉफ्टवेयर के जरिये भू-वैज्ञानिक मैपिंग के साथ अन्वेषण रिपोर्ट और खनन योजनाएं तैयार किये जायेंगे।

**चार लाइम स्टोन खदानों की लगेगी बोली :** झारखंड में आयरन ओर और सोना की खदानों के साथ-साथ चार लाइम स्टोन, एक बेल मेटल और एक कॉपर खदान की भी नीलामी होगी। कॉपर और बेस मेटल की खदान गिरिडीह में है, जबकि लाइम स्टोन के दो खदान रांची और दो खदान रामगढ़ में हैं। इसके अलावा चार बॉक्साइट खनिज खदान, एक कॉप, छह ग्रेफाइट, दो लाइम स्टोन के खदान भी 2025 में नीलामी के लिए तैयार हो जायेंगे। इन खदानों का अन्वेषण कार्य अंतिम चरण में हैं।

# भाकपा माले की सरकार में शामिल होने की दावेदारी छोड़ने से कांग्रेस को मिल सकता है चार मंत्री पद

**सत्येन्द्र**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार में माले की दावेदारी छोड़ने से कांग्रेस को लाभ मिल सकता है। झारखंड में हेमंत सोरेन कैबिनेट के निर्माण को लेकर चल रही गतिविधियों के बीच माले की दावेदारी को लेकर उहापोह की स्थिति थी। माले द्वारा मंत्रिमंडल में शामिल होने से इंकार किये जाने के बाद कांग्रेस कोटे से पार्टी के चार विधायकों के मंत्री बनने के आसार दिखने लगे हैं। भाकपा माले के निर्णय से कांग्रेस की उम्मीदें बढ़ गई हैं। दरअसल, झामुमो की ओर से इस तरह के संकेत मिल रहे थे कि मंत्रिमंडल गठन में पांच विधायकों पर एक मंत्री पद का फामूर्ला अपनाया जाएगा। इस फामूर्ले से कांग्रेस को तीन ही मंत्री पद मिलते लेकिन बदली हुई परिस्थितियों में



चार मंत्री पद मिलने के आसार बनते दिख रहे हैं।

#### कांग्रेस विधायकों की संख्या 16

हेमंत सोरेन चौथी बार झारखंड का मुख्यमंत्री बनने के बाद अपना मंत्रिमंडल बनाने की तैयारियों में जुट गए हैं। चुनाव में झामुमो को अधिक सीटें मिलने के आधार पर झामुमो के कुछ नेताओं की ओर से तर्क दिया जा रहा था कि पार्टी को अधिक मंत्री पद चाहिए। इस स्थिति में राज्य में कांग्रेस विधायकों की संख्या 16 है और झामुमो विधायकों की संख्या 34 है। यह बड़ा आधार है झामुमो के मंत्रियों की संख्या बढ़ाने के लिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ज्यादा ताकतवर होकर उभरे हैं। ऐसे में कांग्रेस को चार मंत्री पद देने को झामुमो के कई नेता मुखर होकर विरोध कर रहे हैं। पिछली बार भी कांग्रेस के 16 विधायक और चार मंत्री थे। इस बार भी कांग्रेस के 16 विधायक हैं लेकिन मंत्री पद को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

झामुमो के कई नेता कांग्रेस कोटे से मंत्रियों की संख्या में कटौती के लिए दबाव बनाए हुए हैं। इस मुद्दे पर कांग्रेस का स्टैंड स्पष्ट है और पार्टी का कहना है कि कोई भी निर्णय केंद्रीय स्तर पर होगा। केंद्रीय नेतृत्व से चार मंत्री पद मिलने को लेकर स्थानीय नेतृत्व का आश्वस्त भी किया गया है। वहीं झारखंड में नई सरकार में राजद के हिस्से एक बार फिर एक ही मंत्री पद होगा।

सुप्रभात

सोमवार 02.12.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 221

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### कतरास में 500 किलो कच्चा कोयला जब्त



धनबाद। जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार की दोपहर कतरास थाना क्षेत्र के चैतुडीह माइंस के पास लगभग 500 किलो कच्चा कोयला जब्त किया। जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने बताया कि खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में चैतुडीह माइंस के पास लगरका मौजा के 9 नंबर चानक के पास अवैध कोयला उत्खनन के विरुद्ध छापामारी की गई। छापामारी के दौरान लगभग 500 किलो कच्चा कोयला जब्त कर कतरास थाना को सुपुर्द किया गया। साथ ही खान निरीक्षक श्री प्रमाणिक ने इस कांड में सम्मिलित लोगों के विरुद्ध कतरास थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। छापामारी में कतरास थाना प्रभारी, खान निरीक्षक सुमित प्रसाद और विजय करमाली भी शामिल थे।

### बरवाडीह- चुनार-बरवाडीह पैसेंजर का परिचालन शुरू

**धनबाद।** यात्रियों की असुविधाओं को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने गाड़ी संख्या 03653(53351)/03654(53352) बरवाडीह–चुनार–बरवाडीह पैसेंजर ट्रेन का पुनः परिचालन रविवार को शुरू किया गया। सांसद कालीचरण सिंह ने बरवाडीह स्टेशन तथा सांसद विष्णु दयाल राम ने डाल्टनगंज स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर इस ट्रेन का उद्घाटन किया। मौके पर धनबाद रेल मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### सीआइएसएफ जवान की असमय मौत


**कतरास।** अंगारपथरा स्थित सीआइएसएफ कैंप में शनिवार की रात हेड कांस्टेबल महातम सिंह (55 वर्ष) की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जवानों ने बताया कि महातम सिंह रसोइया का कार्य करते थे। देर रात उन्हें सीने में दर्द महसूस हुआ। सहयोगियों ने उन्हें पहले कतरास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद धनबाद भेज दिया गया। इलाज के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों ने मौत का कारण हृदय गति रुकना बताया। पोस्टमार्टम के बाद कोयला नगर में जवानों द्वारा सम्मानित कर उनके पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके जन्मस्थान सिवान भेजा जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनको तीन पुत्री एवं एक पुत्र हैं। तीनों बच्चों की शादी करवा चुके हैं।

## तीन दिनों से एक-एक बूंद जल के लिए तरस रहे हैं झरियावासी

- 70 वर्ष पुराना है जामाडोबा जल संयंत्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**झरिया।** झरिया कोयलांचल की कोई आठ लाख की आबादी पिछले 72 घंटे से एक-एक बूंद पेयजल के लिए तरस रही है। जल के बिना मानव जीवन व जीव-जंतु की कल्पना नहीं की जा सकती है। झरिया की नव निर्वाचित विधायक रागिनी सिंह की गंभीर पहल पर जामाडोबा संयंत्र के अधिकारियों की तंद्रा भंग हुई है। इस समस्या को लेकर भाजपा नेता कैदी पांडेय के साथ राजकिशोर, स्वरूप भट्टाचार्य, रघुराम राहुल सिंह आदि ने आज जामाडोबा संयंत्र के अधिकारियों से मुलाकात की और त्रुटि को दूर करने की मांग की।

दरअसल झरिया कोयलांचल व इसके आसपास क्षेत्रों की लगभग आठ लाख की आबादी की प्यास बुझाने में झमाडा असमर्थ है। जिला प्रशासन, झमाडा व जनप्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। यही कारण है कि झरिया शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों में रहनेवाले लाखों लोगों के लिए पेयजल एक गंभीर समस्या बनी हुई है। संयंत्र में मौजूद कर्मियों के जुगाड़ तंत्र से फिलहाल जलापूर्ति की स्थिति में कुछ सुधार आया है। वहीं कर्मियों का कहना है कि लगभग 70 वर्ष जल संयंत्र का हो रहा है। कब और कहां तकनीकी गड़बड़ी हो जाए यह कहना मुश्किल है। जामाडोबा दामोदर नदी के किनारे झरिया वाटर बोर्ड की ओर से वर्ष 1950 में जल संयंत्र की स्थापना की पहल शुरू की गई। वर्ष 1955 से झरिया कोयलांचल में जामाडोबा से जलापूर्ति व्यवस्था शुरू हुई। संयंत्र में 12 व नौ एमजीडी के दो फिल्टर प्लांट हैं। प्लांट में एलम व ब्लीचिंग पाउडर से नदी के पानी को फिल्टर करने के बाद इसे भगतडीह स्थित जलागार में भेजने की व्यवस्था है। झरिया जलागार से झरिया शहर की लगभग तीन लाख की आबादी को जलापूर्ति की जाती है। जामाडोबा जल संयंत्र से सीधे दूसरी पाइप लाइन के जरिए पुटकी, लोयाबाद, केंदुआ, करकेंद भूली टाउनशिप में जलापूर्ति की जाती है। इसके पूर्व झरिया में 1923 से तोपचांची से जलापूर्ति की जाती थी। वहीं समस्याओं को लेकर जल संयंत्र के एसडीओ को लगातार फोन करने के बाद भी उन्होंने फोन नहीं उठाया।

#### हर घर जल योजना भी अधूरी

झरिया में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई गई। लेकिन आज तक लोगों को उससे पानी नहीं मिला है। झरिया के प्रदीप मोदी, मंजीत कुमार ने कहा कि कई माह बीत गए लेकिन पानी नहीं मिला। आश्वासन दिया जा रहा है कुछ ही दीन में पानी मिलेगा। लेकिन एक साल बीतने को चला लेकिन पानी नहीं पहुंचा।

#### तीन मोटर से हो रही क्षेत्र में जलापूर्ति

जामाडोबा जल संयंत्र लगभग 70 वर्ष पुराना है। हालांकि कुछ दिनों से जलापूर्ति की स्थिति सामान्य है। लेकिन यह स्थिति सामान्य कब तक रहेगी यह कहना मुश्किल है। मोटर व पंप के आये दिन खराब होने के कारण जलापूर्ति की समस्या उत्पन्न होती रहती है। वहीं एक कर्मी ने नाम ना छापने के शर्त में बताया कि प्लांट में सात मोटर लगे हुए हैं। जिसमें से तीन ही मोटर चालू हैं अन्य मोटर खराब हैं। जिसकी मरम्मत की जा रही है।

# बंगाल बार्डर पर सख्ती से आलू प्याज की कीमतों में भारी उछाल

## सब्जियों की कीमत भी कम होने का नही ले रही नाम

- बंगाल से आलू लेकर आ रहे दर्जनों ट्रकों को मैथन के डिबूडीह चेकपोस्ट पर रोक कर रखा गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** अमूमन सर्दियों में आलू-प्याज के साथ साग-सब्जियों की अच्छी पैदावार होती है, जिसके कारण बाजार में इसके रेट में भारी कमी देखने को मिलती है। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हा रहा है। क्योंकि बंगाल सरकार ने आलू-प्याज के ट्रक को झारखंड बार्डर पर रोक दिया है। इसका असर बाहर से आने वाली सब्जियों पर भी पड़ रहा है। रविवार को बंगाल से आलू लेकर आ रहे दर्जनों ट्रकों को मैथन के डिबूडीह चेकपोस्ट पर रोक कर रखा गया। इसका असर जिले के अलग-अलग बाजारों में दिख रहा है। पुराना आलू 35 से 40 रुपया प्रति किलोग्राम, नया आलू 45 से 50 रुपया प्रति किलोग्राम बिक रहा है। वहीं प्याज की बात करें तो नया प्याज 50 रुपया प्रति किलोग्राम तथा पुराना प्याज 60 रुपया प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रहा है। पिछले पांच दिनों में इन वस्तुओं की कीमत में 5 से 10 रुपया उझाल पर है। इसके अलावा सब्जियों की कीमत भी इन दिनों काफी बढ़ी हुई है। बैंगन-50, फुलगोभी- 60, पत्तागोभी-60, करैला-80, कद्दू-40, टमाटमर-60 रुपया प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रहा है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि आलू-प्याज तो पहले से जो स्टॉक में है, उसे ही बेचा जा रहा है। अभी तो कीमतों में बहुत ज्यादा बढ़ातरी नहीं हुई है। लेकिन जल्द समाधान नहीं हुआ तो ये कीमतें और अधिक बढ़ेंगी। वहीं सब्जियों की आवक भी बंगाल और बिहार से अभी कम हो रही है, जिसके कारण कीमत अधिक है।

## नगर निगम के ठेकेदार ने जेई के साथ की मारपीट

- जेई ने जोड़ापोखर थाना में की लिखित शिकायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** धनबाद नगर निगम के कार्यों की बरारी में निरीक्षण को आए जेई अनिकेत कुमार के साथ बिल भुगतान में टालमटोल को लेकर संवेदक रंजन कुमार सिंह एवं तीन चार अन्य लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की जेई ने लिखित शिकायत जोड़ापोखर पुलिस से कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि संवेदक रंजन कुमार सिंह शिमलाबाद का रहनेवाला है और नगर निगम में संवेदक का कार्य करता है। एक ठेका कार्य की बिल प्रक्रिया पूरा करने को लेकर संवेदक का जेई अनिकेत के साथ विवाद चल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जेई अनिकेत कुमार जब बरारी में एक कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे तो मौके पर संवेदक रंजन कुमार सिंह अपने तीन अन्य साथियों के साथ पहुंचकर जेई के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। मामले को लेकर जेई अनिकेत कुमार ने रविवार की शाम को जोरापोखर थाना प्रभारी से मिलकर घटना की लिखित शिकायत की है। थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा कि शिकायत मिली है मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## द्वितीय पुण्यतिथि पर याद किये गये पूर्व मंत्री समरेश सिंह

- श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिंदरी।** झारखंड के पूर्व मंत्री सह बोकारो के पूर्व विधायक दिवंगत समरेश सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर सिंदरी में भाजपा नेता रवि शर्मा ने रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया।

श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। भाजपा नेता रवि शर्मा ने बताया कि उन्होंने अखंड बिहार सहित झारखंड में भाजपा की नींव रखी थी। वे सात बार बोकारो के विधायक रहे। उनका कार्यकाल आज भी भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के जेहन में गूंज उठता है। वे हमेशा भाजपा सहित बोकारो की जनता के दिलों पर राज करते रहेंगे। श्रद्धांजलि सभा में एलके पाण्डेय, आजाद सिंह, तरुण समझदार, अधिवक्ता अरुण सिंह, उमेश सिंह, राजू खान, आइडी सिंह, अधिवक्ता संटू घोष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक नजर में

#### कुमारडीह- छत्रुटांड़ मुख्य सड़क पर पुलिया क्षतिग्रस्त, कभी भी हो सकती है दुर्घटना



**महुदा।** बाघमारा प्रखण्ड अंतर्गत हाथुडीह पंचायत के कुमारडीह से छत्रुटांड़ पंचायत होते हुए लालबंगला एन एच 32 तक जाने वाली सड़क में कुमारडीह के बड़ा टांड़ जंगल के पास गोलाई में पुलिया क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसके चलते दोपहिया वाहन या चारपहिया वाहन से आने-जाने वालों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। गोलाई घुमावदार होने के कारण क्षतिग्रस्त पुलिया अचानक सामने आ जाती है, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई रहती है। इस सड़क से गांव पारजोरिया, नागदा, पाथरगडिया, लुटूटांड़, कंचनपुर, मंझलाडीह, कचर्रा, कुमारडीह, बेलाखोन्दा, मधुडीह के लोगों का बराबर आना-जाना करते हैं। पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने से ग्रामीण काफी परेशान हैं।

#### आयकर आयुक्त शिवशंकर सिंह व उनकी टीम ने मुनीडीह के भूमिगत खदान का किया भ्रमण



**पुटकी।** रविवार को आयकर आयुक्त शिवशंकर सिंह व उनकी टीम ने डब्लू जे एरिया अंतर्गत मुनीडीह परियोजना की भूमिगत खदान का भ्रमण किया। प्रोजेक्ट ऑफिसर सुनील कुमार पांजा, मैनेजर डॉ सन्नी राव, सेफ्टी ऑफसर पी. राज कुमार एवं उप प्रबंधक सीता राम राऊत के नेतृत्व में टीम ने 500 एमएचजेड में 16 सीम को बारिकी से देखा साथ ही वहां मौजूद अधिकारियों से उत्खनन और प्रेषण की विधि को समझा। टीम के सदस्य भूमिगत खदान में विपरीत परिस्थितियों में मजदूरों द्वारा किए जा रहे खनन कार्य को देख प्रशंसा की।

#### भूईफोड़ शिव मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव मना



**धनबाद।** भारत सेवा संघ की ओर से रविवार को भूईफोड़ शिव मंदिर का दसवां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। मंदिर में हवन-पूजन के साथ कीर्तन का आयोजन किया गया। स्वामी विक्रमानंद महाराज ने बताया कि मंदिर का वार्षिक महोत्सव बहुत श्रद्धा से मनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में आसपास के श्रद्धालु इस आयोजन में शामिल हुए। साथ ही माताजी कालेश्वरी की पुण्यतिथि पर भंडारा भी किया गया।

## भीषण जाम से कराह रहा है गोविंदपुर में जीटी रोड

- कोलकाता-दिल्ली रोड में लगी है वाहनों की लंबी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर बाजार स्थित सुभाष चौक क्रॉसिंग खुलने के दूसरे दिन भी जाम से गोविंदपुर कराहता रहा। सुबह से शाम तक जीटी रोड के कोलकाता एवं दिल्ली लेन पर जाम लगा रहा। दोनों लेन पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रहीं। उसमें फंसे वाहन दिन भर रेंगते रहे।

जीटी रोड के जाम का जबरदस्त प्रभाव धनबाद रोड, टुंडी रोड एवं बलियापुर रोड पर भी पड़ा। सुभाष चौक क्रॉसिंग खुलते ही चौक पर चौतरफा दबाव आ गया। टुंडी रोड से आने वाले वाहन धनबाद, बरवाअड्डा, बलियापुर अथवा निरसा की ओर जाने के लिए इसी चौक से मुड़ने लगे। यही हाल बलियापुर की ओर से आने वाले वाहनों का भी रहा। टुंडी अथवा बलियापुर की ओर से आने वाले वाहनों को चालक मनमाने ढंग से चौक क्रॉस कराते रहे। इससे जाम और भयंकर होते गया। व्यवस्था संभालने के लिए पुलिस कहीं नजर नहीं आई। शाम में अत्यधिक जाम लगने पर कुछ देर के लिए पुलिस ने व्यवस्था संभाली थी, जिससे कुछ राहत भी मिली थी। परंतु, आज वह भी नदारत रही। लोगों ने कहा कि हम लोगों ने सिर्फ सुभाष चौक क्रॉसिंग खोलने की ही मांग नहीं की थी। इसके साथ ही हम लोगों की मांग सुभाष चौक के निकट जेब्रा लाइन बनाने, चौक पर सिग्नल लाइट लगाने, सुभाष चौक, ऊपर बाजार मोड़ व साहिबगंज रोड मोड़ में ट्रैफिक पुलिस तैनात करने तथा बाजार में जीटी रोड के किनारे की फुटपाथ दुकानों को माडा मैदान में स्थानांतरित करने की भी मांग की थी। परंतु, एनएचएआई ने सुभाष चौक क्रॉसिंग खोलकर सिर्फ एक मांग ही स्वीकार की। जिससे स्थिति इतनी भयंकर में बनती जा रही है। लोगों का मानना है कि इसका एकमात्र विकल्प एलिवेटेड रोड ही है। जब तक एलिवेटेड रोड का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक चौक पर ट्रैफिक पुलिस तैनात किए जाएं। यह जाम तब और खतरनाक रूप अख्तियार कर लेता है, जब रतनपुर की ओर से बाजार आने वाले ऑटो अथवा दूसरे चार चक्का वाहन ऊपर बाजार मोड़ से घूमकर बाजार आने के बजाय साहिबगंज मोड़ से ही रांग साइड चलकर बाजार आ जाते हैं। यह सड़क दुर्घटना के लिए तो खतरनाक है ही, जाम को भी भयंकर बना देता है। रॉन्ग साइड ड्राइव पर सख्ती से पाबंदी लगाकर सड़क दुर्घटना तथा जाम को कम कर सकते हैं।

## खरकिया आई हॉस्पिटल में नि:शुल्क आई ऑपरेशन शिविर आयोजित

- शिविर का उद्घाटन हॉस्पिटल के डायरेक्टर जगदीश अग्रवाल ने किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कुमारधुबी।** लायन्स क्लब रघुनाथ खरकिया मेमोरियल आई हॉस्पिटल द्वारा रविवार को 981वां निःशुल्क आई ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आस पास के क्षेत्र से सैकड़ों ग्रामीण आंख जांच कराने के लिए पहुंचे। शिविर का उद्घाटन हॉस्पिटल के डायरेक्टर जगदीश अग्रवाल ने किया। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय रघुनाथ खरकिया की 53 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर इस शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर पिछले 28 वर्षों से आयोजित होता आ रहा है। आज का यह 981वां शिविर है। शिविर का उद्देश्य है कि क्षेत्र के आस पास के सभी वर्ग के लोग खास कर के ऐसे लोग जो ऑपरेशन कराने में सक्षम नहीं हैं उन लोगों का भी ऑपरेशन हो सके। डॉक्टर शांतनु देव ने बताया कि आज के इस शिविर में आए हुए लोगों की जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति मोतियाबिंद से ग्रसित पाया जायेगा उसका निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जायेगा। जिन लोगों को आंख से जुड़ी कुछ और बीमारी पाई जाती है तो उनको मुफ्त दवा दी जाएगी। कहा कि अभी तक 100 से ज्यादा मोतियाबिंद के पेशेंट पाए जा चुके हैं। सभी का निः शुल्क ऑपरेशन किया जायेगा साथ ही दवा भी मुफ्त दी जाएगी।

स्पीड न्यूज

## पत्रकार हिमांशु जमुआर को भातृशोक



**कतरास।** धनबाद जिला ग्रामीण पत्रकार संघ के महासचिव सह पत्रकार हिमांशु जमुआर के बड़े भाई सत्येंद्र कुमार जमुआर (54) का निधन रविवार को हो गया। हरिणा कॉलोनी निवासी सत्येंद्र बीसीसीएल के बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशासनिक विभाग में कार्यरत थे। शुक्रवार को तबीयत खराब होने के बाद उन्हें असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार तेलमोच्चो स्थित दामोदर नदी के तट पर सोमवार को किया जाएगा। उनके निधन की खबर सुनकर विधायक शत्रुघ्न महतो, डाक्टर विनोद कुमार राम, लगनदेव यादव, बीसीसीएल ब्लॉक टू व एरिया वन के कई अधिकारीगण, एसके हेना, पीके झा, चेम्बर ऑफ कॉमर्स बाघमारा के अध्यक्ष मिथलेश कुमार सहित कई पंचायत के मुखिया, पत्रकार व अन्य लोग हरिणा पहुंचे और शोक प्रकट किया।

## भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग

**धनबाद।** भोजपुरी सरधा मंच की मासिक काव्य गोष्ठी शनिवार की रात संपन्न हुई। इस अवसर पर भोजपुरी के दिग्गज साहित्यकारों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गोष्ठी के प्रारंभ में भोजपुरी के वयोवृद्ध साहित्यकार पंडित जगदीश नारायण ओझा (अवकाश प्राप्त, प्रधानाचार्य) ने सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आगाज किया। संस्था की अध्यक्ष प्रमिलाश्री तिवारी ने अध्यक्षता की जबकि संचालन और आभार व्यक्त वरिष्ठ साहित्यकार पं. जगदीश नारायण ओझा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ शैलेश सिंह 'शौर्य' ने कहा कि भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया जाना चाहिए, यह विश्व में 28 करोड़ लोगों की मुख्य मातृभाषा है। भारत में 19 करोड़ लोग भोजपुरी बोलते हैं। काव्य गोष्ठी में सभी साहित्यकारों ने भोजपुरी में अपनी प्रस्तुति दी और शाम को रंगीन बना दिया जिनमें मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक संजय सिंह 'चंदन', संतोष ओझा 'प्रभाकर', उमेश तिवारी 'पत्रकार', पांडेय सरिता, रिंकू दुबे 'वैष्णवी', डॉ रत्ना वर्मा 'राज', लोकगीत गायक गुड्डू गुलशन, भोजपुरी भजन सम्राट पं. अनिल पाठक, राघव पांडेय, डॉ नीरा प्रसाद, भोजपुरी गजल गायक रमेश कुमार सहित कई कवियों ने अपनी रचना प्रस्तुत की। संस्था के संस्थापक संजय सिंह 'चंदन' ने निवेदन किया कि अधिक से अधिक कवि भोजपुरी के राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में 15-16 दिसंबर को रविंद्र भवन, रीसड़ा (कोलकाता) चलें और भोजपुरी भाषा को ऊंचाई प्रदान करें।

# विश्व एड्स दिवस पर टाटा स्टील फाउंडेशन ने निकाली जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता

**जोड़ापोखर।** टाटा स्टील फाउंडेशन झरिया डिवीजन ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर अपने परिचालन क्षेत्रों और आसपास के विभिन्न ब्लॉकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कई रैलियों का आयोजन किया। यह अभियान 29 नवंबर 2024 को भेलाटांड़ स्थित टाटा स्टील फाउंडेशन कार्यालय से रामपुर दुर्गा मंदिर तक आयोजित रैली के साथ आरंभ हुआ। इसके बाद जामाडोबा क्षेत्र के अंतर्गत पेटिया गांव में एक और रैली निकाली गई। समापन समारोह 1 दिसंबर 2024 को आदर्श स्कूल लालबंगला से अपर डुमरी गांव तक भव्य रैली के साथ संपन्न हुआ। रैलियों का उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के संदेश 'सही रास्ता अपनाएं : मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार' को जन-जन तक पहुंचाना था। इस आयोजन में 320 जोश और उत्साह से भरपूर महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिन्होंने न केवल इस मुहिम को समर्थन दिया, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव का संदेश भी दिया।




रैली का शुभारंभ पियूष कुमार, सीनियर एरिया मैनेजर, एचआरबीपी, सिजुआ ग्रुप, डॉ. अंकित प्रकाश, सीनियर रजिस्ट्रार, फीडर हॉस्पिटल, भेलाटांड़, राजेश कुमार, यूनिट लीड, टाटा स्टील फाउंडेशन, बिपिन सिंह चौधरी, मैनेजर, कम्युनिटी डेवलपमेंट, डॉ. विवेकानंद पात्रा, मेडिकल ऑफिसर होम्योपैथ, टाटा स्टील फाउंडेशन, रामकिशुन राय, सीनियर सुपरवाइजर, उमेश कुमार महतो, ब्लॉक ऑफिसर, टाटा स्टील फाउंडेशन टीम से राहुल यादव, राहुल महतो, सुमिता देवी, गीता देवी, शांति देवी और कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य मो नासिर, भीम महतो, और हरिपद महतो ने हरी झंडी दिखाकर किया।

गणमान्य व्यक्तियों ने अपने संबोधन में एचआईवी/एड्स के खिलाफ लड़ाई में सामुदायिक सहयोग की अहमियत पर प्रकाश डाला।

# आरएमसी ने निकाली बाईक रैली, रेल कर्मियों से मांगा वोट

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन ने रविवार को डीआरएम ऑफिस से मोटरसाइकिल रैली निकाली। जिसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने भाग लिया गया। रैली, हिल कॉलोनी, हॉस्पिटल कॉलोनी, रेलवे रनिंग रूम, रेलवे अस्पताल, डीएस कॉलोनी, वॉच एण्ड वार्ड, कोचिंग कॉम्प्लेक्स, न्यू स्टेशन कॉलोनी, रांगाटांड़ होते हुए धनबाद स्टेशन पहुंचकर समाप्त हो गई। रैली शामिल कर्मचारियों ने आम छाप को जिताने का नारा बुलंद किया। नेतृत्व कर रहे बीके महाजन ने कहा कि इस बार सभी कर्मचारियों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। आरएमसी को सभा का भरपूर सहयोग मिल रहा है। ज्ञात हो यूनियन के मान्यता दिलाने को लेकर होने वाले आगामी चुनाव के लिए सभी रेल यूनियनों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिया है। रैली में मुनेश्वर सिंह, धुरन्धर यादव, आलोक नाथ गुप्ता, संतोष कुमार, एस मँजेश्वर राव, हैदर अली, राजबहादुर सिंह, अंकित पांडे, सोनी कुमार, मुकेश कुमार, आर एन चौबे, नीतीश यादव,चांद हासमी, काशीब कमर, लियाकत अली, दिनेश सिंह, कपिल कुमार आदि शामिल थे।



# बीआईटी सिंदरी में पांच दिनी कार्यशाला में देश-विदेश से एक्सपर्टों का होगा जुटान

- 9 से 13 दिसंबर तक चलने वाले कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीआइएस और रिमोट सेंसिंग तकनीकों के उपयोग और उनके अनुप्रयोगों में प्रशिक्षित करना है




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित पांच दिनों की कार्यशाला में देश-विदेश से एक्सपर्टों का जुटान होगा। 9 से 13 दिसंबर तक चलने वाले कार्यशाला का आयोजन रिमोट सेंसिंग और ज्योग्राफिक इंफॉर्मेशन सिस्टम के अनुसंधान में विषय पर उपयोग किया जाएगा। कार्यशाला में यूके के यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड के पोस्टडॉक्टरल रिसर्चर डॉ मधुमिता साहू, मिस्र देश के इकारडा के जल संसाधन अभियंता डॉ सत्य प्रसाद साहू, आईसीएआर-आईडब्ल्यूएससी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ उदय मंडल, बीआईटी मेसरा के प्रोफेसर डॉ नीलांजल पटेल, डॉ एपी कृष्णा, डॉ मिली घोष, एन आईटी रायपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ विकास कुमार विद्यार्थी, एनआईटी राउरकेला के सहायक प्रोफेसर डॉ रत्नाकर स्वैन, बीआईटी सिंदरी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बी डी यादव और डॉ माया राजराजन राय और भुवनेश्वर के कृषि विज्ञान केन्द्र वैज्ञानिक डॉ सुचित्रा प्रधान जैसे विशेषज्ञ व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम संरक्षक जेयूटी कुलपति डॉ डीके सिंह हैं। सिविल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष सह कार्यशाला संयोजक डॉ जीतू कुजूर ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को जीआइएस और रिमोट सेंसिंग तकनीकों के उपयोग और उनके अनुप्रयोगों में प्रशिक्षित करना है। इस कार्यशाला के दौरान रिमोट सेंसिंग और भौगोलिक इमेज सेंसिंग की चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और क्रियान्वयन योग्य समाधान, विभिन्न गतिविधियों में संसाधन मूल्यांकन, पर्यावरणीय निगरानी, भूमि उपयोग व भूमि आवरण मानचित्रण आदि के लिए जीआइएस और जीपीएस का उपयोग करते हुए भू-सूचना प्रौद्योगिकियों का अनुप्रयोग करना है। इन विषयों पर विद्यार्थियों को सैद्धांतिक के साथ साथ प्रायोगिक

## एक नजर में

### बंगिया संगीत परिषद ने 60 विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**धनबाद।** बंगिया संगीत परिषद का 47वां वार्षिक दीक्षांत समारोह रविवार को धनबाद क्लब में आयोजित किया गया। करीब 60 विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट चित्रकला के लिए उपस्थित अतिथियों ने सम्मानित किया। परिषद के प्रतिनिधि श्यामल गांगुली ने छात्रों को चित्रकारी की बारीकियां से अवगत कराया। मुख्य अतिथि कर्नल जे. के. सिंह ने सफल छात्रों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कलाकार कल्पना में ऐसी जगह पहुंच जाते हैं जो दृष्टि के पार है। कला स्वतंत्र विचारों को ब्रश से, क्लिक से, कैमरे से जीवन में सौंदर्य और सच्चाई को सामने लाते हैं। अगर आप चाहते हैं कि जीवन में अच्छा इंसान बनें, बड़े दिलवाले बनें, उद्दार बनें तो सबसे पहले कलाकार बनें। इस दौरान कलाकारों ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया एवं बरनाली मुखर्जी, जोयीता धर व राजदीप चटर्जी ने एक रबीन्द्र संगीत की प्रस्तुती दी। परिषद के झारखंड प्रतिनिधि जाने माने चित्रकार शिवशंकर धर भी शामिल रहे। समारोह की मुख्य आकर्षण स्मिता गुप्ता रहीं, उन्होंने बंगिया संगीत परिषद की अष्ट-परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है।

### गुलदस्ता देकर गोप समाज ने अरूप चटर्जी का किया स्वागत



**मैथन।** गोप (ग्वाला) समाज द्वारा मैथन हिंदी साहित्य परिषद के परिसर में रविवार को नवनिर्वाचित विधायक अरुप चटर्जी का स्वागत गुलदस्ता एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे। सभी ने अरुप चटर्जी की जीत पर बधाई दी एवं उनके समक्ष समाज की कुछ समस्याओं को भी रखा। श्री चटर्जी ने उनकी समस्या का समाधान करने की बात कही। मौके पर अरुप चटर्जी ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद एवं प्यार दुलार एवं कीमती वोट की दौलत हम जीत पाए हैं। हमेशा आपके हर सुख और दुख में शामिल होंगे। आपके हर अरमानों को पूरा किया जाएगा। विकास का जो भी काम होगा उसे पूरा किया जाएगा। निरसा विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास करना हमारा प्रथम उद्देश्य है। जब भी आप लोगों को हमारी जरूरत पड़े तो तुरंत संपर्क करेंगे हम आपके हर दुख सुख में सदैव तत्पर रहे हैं और आगे भी रहेंगे। हम आप लोगों का भाई बंधु है विधायक नहीं समझेंगे। मौके पर अशोक महतो, मनोज यादव, शिवनाथ यादव, रामदेव भारती, मंटु महतो, रंजीत महतो, शक्तिपद माजी, प्रभु महतो, अशिम गोप, पंचम चौधरी, राजेश यादव, पार्थो मंडल, संजीव गोप सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### 35 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल का स्वच्छता पखवाड़ा अभियान शुरू

**गिरिडीह।** रविवार को 35 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 1 से 15 दिसंबर तक मनाया जाना है। इसको लेकर 1 दिसंबर को 35 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा अभियान की शुरूआत सभी बलकर्मिकों ने स्वच्छता शपथ लेकर की। स्वच्छता शपथ में सभी ने साल में 100 घंटे यानी हर सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करने का प्रण लिया। सबसे पहले स्वयं से, परिवार से, मुहल्ले से, गांव और मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करने में प्रतिबद्धता की शपथ ली। 35 वाहिनी के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा बताया गया कि साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलु है तथा स्वच्छता से हम जीवन में आने वाले कई बीमारियों से मुक्ति पा सकते हैं। हमें व्यक्तिगत तौर से आस-पास की साफ सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी सफाई रखने हेतु प्रेरित करना चाहिए।

### मानव सेवा संघ झरिया की पहल: रुपरी गांव में कम्बल वितरण

धनबाद। मानव सेवा संघ झरिया द्वारा रविवार को रुपरी पंचायत के रुपरी गांव में कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों और दिव्यांग लोगों को कम्बल वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता और सरस्वती माता की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर की गई। संघ के सदस्यों ने गरीब और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए। मौके पर उपस्थित नीतू तिवारी ने कहा कि हमारा उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम उनकी जिंदगी में कुछ बदलाव लाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और गरीब और जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित किए गए। मौके पर सरवन कुमार अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल, ध्रुप सिंह, ललिता अग्रवाल, निर्मल केजरीवाल, जयप्रकाश गोयल, मोहन अग्रवाल, नीतू तिवारी, हरिराम गुप्ता, मनोज, धनंजय, दिनेश सहित अन्य उपस्थित थे।

### जूडो चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का लिया गया ट्रायल

**धनबाद।** 26-27 दिसंबर को रांची में आयोजित होने वाले झारखंड राज्य सब जूनियर व सिनियर जूडो चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का ट्रायल रविवार को धोवाटांड़ स्थित मार्शल आर्ट सेंटर में लिया गया। सभी खिलाड़ियों का वजन माप, शारीरिक जांच, जूडो टेक्निक व फाईट के बाद धनबाद जूडो टीम का चयन किया गया। जिला जूडो संघ के सचिव पप्पू कुमार ने बताया कि सब जूनियर (लड़के) में 20, सीनियर में 7 तथा 8 लड़कियों का चयन किया गया। चयनित छात्रों में राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर एवं धनबाद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं अधिक हैं। ये सभी 25 दिसंबर को रांची के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

**कुमारधुबी।** एकदिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रविवार को बूटबाड़ी पंचेत ग्रामीणों द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में निरसा विधायक अरूप चटर्जी पहुंचे, जहां लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर गर्म जोशी से उनका स्वागत किया। श्री चटर्जी ने खेल शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया। ग्रामीणों द्वारा बिरसा मुंडा का मोमेंटम मुख्य अतिथि के रूप में आए अरूप चटर्जी को भेंट किया। उनके साथ संतोष मिश्रा, अशोक महतो, मुखिया सचिन मंडल मौजूद भी थे।

### जेनरल स्टोर से 40 हजार रुपये के सामान की चोरी

**जोड़ापोखर।** डिगवाडीह डिनोबली मोड़ के निकट जेनरल स्टोर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 40 हजार रुपये मूल्य की सम्पत्ति चोरी कर ली। घटना की शिकायत दुकान संचालक विनोद कुमार वर्णवाल ने सुदामडीह थाना में दर्ज कराई है। श्री वर्णवाल ने बताया कि शनिवार की रात दस बजे दुकान बंद कर अपने घर डिगवाडीह चले आए थे। सोमवार की सुबह जब दुकान खोलने पहुंचा तो देखा कि दुकान में लगा सात ताला टूटा हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की बैठक में कार्य योजना बनाकर संघ को मजबूत करने पर बल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ की झारखण्ड प्रदेश कमिटी की बैठक शनिवार को देर रात्रि संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों का स्वागत प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्रा ने किया। गिरिडीह जिले में स्थित जैनियों की पवित्र नगरी मधुबन में आयोजित इस बैठक का शुभारंभ बैठक में उपस्थित शाकद्वीपीय बंधुओं ने सामूहिक रूप से स्वस्तिवाचन मंत्र के साथ किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने समाज में व्याप्त तिलक दहेज जैसी कुरीति, नारी शिक्षा, गरीब बच्चों की पढ़ाई आदि सामाजिक समस्याओं का निराकरण के साथ संगठन की मजबूती के लिए पदाधिकारियों से कार्य योजना तैयार करने पर बल दिया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं झारखंड प्रभारी स्वामी दिव्यज्ञान ने संगठन को सुदृढ़ करने के लिए कोष के लिए जनवरी महीने से सघन सदस्यता अभियान चलाने का सुझाव दिया। महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव आचार्य कृष्ण ने कहा कि संगठन में पारदर्शिता के लिए सदस्यता अभियान से प्राप्त राशि को यथाशीघ्र बैंक खाता में जमा कर देने की बात कही। बैठक में राष्ट्रीय संगठन के महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा ने कहा कि एक कार्य योजना बनाकर संघ को आगे बढ़ाने की जरूरत है। बैठक में जिला समिति के गठन का काम दिसम्बर महीने से ही प्रारम्भ करने पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में प्रदेश के वरीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में प्रदेश महासचिव शरद भक्त, गिरिडीह जिला अध्यक्ष हेमंत पाठक, पीरटांड़ प्रखंड अध्यक्ष विद्या भूषण मिश्रा एवं पंकज मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें और संगठन की मजबूती पर बल दिया।

# क्षत्रिय कल्याण समाज ट्रस्ट की बैठक में समाज की मजबूती व एकजुटता पर बल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह शहरी क्षेत्र के पटेल नगर में क्षत्रिय कल्याण समाज ट्रस्ट की बैठक विश्वजीत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सीपी सिंह ने की। बैठक में मुख्य रूप से समाज की मजबूती व एकजुट पर बल दिया गया। वही बताया गया कि समाज के द्वारा बनाये जा रहे धर्मशाला व छात्रावास को आने वाले 6 महीने में तैयार किया जाना है। इसे लेकर निर्माण समिति का गठन किया गया। बैठक में मुख्य रूप आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से समाज को एक करना पंचायत से लेकर प्रखंड व जिला स्तर पर लोगो को व समाज के संगठन को मजबूत करने समेत कई मुद्दों और चर्चा की गई। समाज के लोगो ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि आने वाले दिनों में धर्मशाला व छात्रावास का निर्माण जल्द कराया जाय वही समाज को एकजुट रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। आने वाले दिनों में इसका असर भी आपको देखने को मिलेगा। मौके पर सीपी सिंह, राजेन्द्र सिंह,महेश्वर सिंह,बच्चा सिंह,विश्वजीत सिंह उर्फ गुड्डू सिंह,गोविंद सिंह,सतेंदर सिंह, गोबिंद सिंह,अशोक सिंह,राजू सिंह,राजेश सिंह,मुन्ना सिंह, संजीत सिंह पप्पू ,गौतन सिंह, श्रीकान्त सिंह, मृत्युंजय सिंह, अमित सिंह समेत ट्रस्ट व समाज के लोग मौजूद रहे।

# एसीसी के कर्मचारी की गुमशुदगी बना परेशानी का सबब

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी स्थित अदानी एसीसी सिमेंट फैक्ट्री के कर्मचारी असलम खान की बीते दो महीने से गुमशुदगी उसके परिजनों और पुलिस के लिए परेशानी का सबब बन गई है। असलम फैक्ट्री के पैकिंग हाउस में फीटर के पद पर कार्यरत था। बीते 1 अक्टूबर की रात लगभग ढाई से 3 बजे के बीच वह एसीसी कालोनी स्थित आवास से लापता हुआ था। इसको लेकर कालोनी में चर्चाओं का बाजार गर्म है और प्रबंधन कुछ भी कहने से गुरेज कर रहा है। असलम खान की पत्नी नसीमा खातून ने बताया कि वह 1 अक्टूबर की रात दस बजे काम से वापस घर लौटे थे और खाना खाकर सो गए। 2 अक्टूबर की सुबह जागने पर उन्हें उनके पति असलम घर में नजर नहीं आए। मोबाइल पर कॉल करके पति का पता लगाने के बारे में सोचकर मोबाइल खोजी तो एक भी मोबाइल घर में नहीं मिला। उन्होंने बताया कि असलम घर के चारों मोबाइल के साथ लापता था। नसीमा खातून 2 अक्टूबर को ही सिंदरी पुलिस को आवेदन देकर असलम का पता लगाने की गुहार लगाई। वह अपने पति के रहस्यमयी गुमशुदगी से परेशान है। रात में थोड़ी सी भी आहट होने पर चौंक कर उठ जाती है। इस संबंध में सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि असलम खान के लापता होने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। असलम खान का चारों मोबाइल नंबर साईबर में दिया हुआ है। परंतु पिछले दो माह में एक भी मोबाइल एक पल के लिए भी एक्टिवेट नहीं हुआ है।



# गायत्री महायज्ञ और शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 8 फरवरी से

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार गिरिडीह द्वारा गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक कामेश्वर सिंह ने की। आदिशक्ति मां गायत्री की वंदना कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। बताया गया कि अगामी 8 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक गायत्री शक्तिपीठ गिरिडीह में होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने के हेतु विचार विमर्श किया गया। बताया गया कि इस महायज्ञ का संचालन शांतिकुंज से आये संतों द्वारा किया जाएगा। जन-जन तक इस महायज्ञ के संदेश को पहुंचाने के लिए 12 टोलियों का गठन किया गया। इसके साथ ही इस महायज्ञ को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति का गठन किया गया। यज्ञ समिति के अध्यक्ष कामेश्वर सिंह एवं उपाध्यक्ष बासुकी नाथ राय को मनोनीत किया गया। वहीं सदस्यों में भागीरथ सिंह, दर्शन पंडित, लव सिन्हा, शैलेंद्र बर्मा, अनिरुद्ध राम, नरेश यादव, तुलसी पंडित, सहदेव कुशवाहा, उर्मिला बरनवाल, वीणा देवी, उमा गुप्ता, यशोदा देवी, सुमन गुप्ता, ललिता बरनवाल, कविता देवी, बेबी देवी को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही आज ही गायत्री परिवार गिरिडीह के द्वारा गादी श्रीरामपुर में अखंड ज्योति, युग निर्माण योजना सदस्यता अभियान चलाया गया, जिसमें युग निर्माण योजना के 15 नये सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में कामेश्वर सिंह, विनोद गुप्ता, अनिल साव, दर्शन पंडित, बासुकीनाथ राय आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



# स्कूली शिक्षकों के लिए आयोजित दो दिवसीय बूट कैंप का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) में दो दिवसीय नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीए) बूट कैंप संपन्न हुआ। कैंप में झारखंड के स्कूल शिक्षक और प्राचार्यों सहित लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के पेन मन सभागार में इस केम का आयोजन एआईसीटीई (केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ) के नवाचार प्रकोष्ठ ने किया।

बूट कैंप में नवाचार, डिजाइन-थिंकिंग और उद्यमिता में आवश्यक कौशल वाले शिक्षकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आकर्षक सत्रों की श्रृंखला पेश की गई। मुख्य आकर्षणों में प्रोटोटाइपिंग का परिचय, प्रतिक्रिया के माध्यम से विचारों को मूर्त समाधान में बदलना और उद्यमिता शिक्षा में नवीन बेंचमार्क प्रथाओं को प्रदर्शित करना शामिल था। समापन समारोह के दौरान, समग्र शिक्षा के अतिरिक्त जिला कार्यक्रम अधिकारी आशीष कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शहीद शक्ति नाथ महतो इंटर कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य अरुण कुमार महतो के साथ प्रतिभागियों को बूट कैंप के दौरान अर्जित कौशल को अपने-अपने स्कूलों में लागू करने और इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के शिक्षा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय समन्वयक एस.एम. त्रिपाठी और ज्ञान भागीदार के रूप में कार्य करने वाले वाधवानी फाउंडेशन के वरिष्ठ उद्यमी शिक्षक शेख वसीम सहित प्रमुख व्यक्तियों के योगदान को भी मान्यता दी गई। कार्यशाला को सुगम बनाने में उनकी भूमिका के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। बूट कैंप के पहले दिन एक ग्राहक खोज कार्यशाला शामिल थी, जिसके बाद व्यवसायों को एक प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में खड़े होने में मदद करने के लिए अभिनव समाधान उत्पन्न करने पर केंद्रित सत्र थे। एआईसीटीई गतिविधियों के प्रभारी प्रोफेसर और आईआईटी (आईएसएम) में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डॉ. विकास महतो ने बूट कैंप के प्रभाव के बारे में कहा, 'आईआईटी (आईएसएम) ने इस परिवर्तनकारी पहल के लिए मेजबान नोडल संस्थान के रूप में दो दिवसीय बूट कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया है। हमें उम्मीद है कि प्रतिभागी सत्रों के दौरान सीखे गए कौशल को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में लागू करेंगे।

समापन समारोह में प्रो. पवन गुप्ता, प्रो. मधुलिका गुप्ता और प्रो. विनय कुमार रजक सहित अन्य सम्मानित संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। इस पहल को छात्रों के बीच नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को आवश्यक उपकरणों से लैस करके झारखंड में शैक्षिक परिदृश्य को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है।

## नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर था फोकस



# वादाखिलाफी को लेकर जिला रसोइयां संघ 11 दिसंबर को उतरेगी सड़को पर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोईया संघ जिला कमिटी गोड्डा की एक आवश्यक बैठक रविवार को गोड्डा के गांधी मैदान में जिला सचिव अनिता ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा व संजीव ठाकुर ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा कुर्मीचक स्कूल के निर्दोष रसोईया व संयोजिका द्वारा आमरण-अनशन को आश्वासन देकर गरीब रसोईया के साथ वादाखिलाफी की और झूठी आश्वासन देकर गलतफहमी में आज तक रखा गया है। आज संघ के संज्ञान में दिया और संघ के जिला कमिटी ने निर्णयानुसार 11 दिसंबर को पुनः संघ के अध्यक्षा द्वारा आत्मदाह करने को मजबूर हो कर अपने जीवन को आहूति देने का संकल्प लिया। वहीं प्रदेश सचिव मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा गोड्डा जिला के शिक्षा विभाग की मनमानी चरम पर है, जिस गरिब रसोईया व संयोजिका ने एकजुट होकर महागठबंधन सरकार को बनने में अहम् भूमिका निभाई है और सरकार बनते ही गोड्डा जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा रसोईया व संयोजिका पर ठंडा चलना शुरू कर दिया है जो संघ बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं रसोईया व संयोजिका को संगठन मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान शुरू करने पर बल दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष सूरेश्वरी देवी, अनीता ठाकुर जिला सचिव, गोड्डा प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी, पोड़ैयाहाट प्रखंड अध्यक्ष सुनिता देवी, रंभा देवी, चम्पा देवी, शिखा देवी, नगर अध्यक्ष, अंजना देवी, सुन्दर पहाड़ी अध्यक्ष, अंजना देवी, बसंतराय प्रखंड अध्यक्ष आदि दर्जनों रसोईया संयोजिकाओ ने भाग लिया।

# राज्य स्तरीय एकलव्य विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ, चार स्कूलों की 300 छात्राएं ले रही हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** दो दिवसीय राज्य स्तरीय एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 2024-25 का रविवार को शुभारंभ हो गया। एकलव्य मॉडल आवासीय बालिका विद्यालय काठीजोरिया दुमका में रविवार की सुबह जिला कल्याण पदाधिकारी वीरेन उरांव, बुद्ध शैक्षणिक संस्थान के उपाध्यक्ष बीवी सिंह, ईएमआरजीएस काठीजोरिया की प्रभारी प्राचार्य लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। जिला कल्याण पदाधिकारी वीरेन उरांव ने कहा कि यह बड़े हर्ष की बात है कि एकलव्य विद्यालयों के राज्य स्तरीय स्पोर्टस मीट के आयोजन का अवसर दुमका को तीसरी बार प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि छात्राओं के लिए यह अच्छा मौका है। वह स्पोर्टसमैन स्प्रीट के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लें और अपना बेहतरीन प्रदर्शन दें। इस तरह के आयोजन से छात्राएं एक-दूसरे को सहयोग करना सीखती हैं। उन्होंने कहा कि खेल में आगे बढ़ने के साथ ही जीवन में भी तरक्की करें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकमनाएं दी। संस्था के उपाध्यक्ष बीवी सिंह ने कहा कि जो भी छात्रा यहां अपने प्रदर्शन के बल पर राज्य स्तरीय टीम में चयनित हो, वह राष्ट्रीय स्तर पर होनेवाले मुकाबले में भी मैडल लाये और राज्य का नाम रौशन करे। स्वागत संबोधन में प्रभारी प्रचार्य लेफ्टिनेंट सुमिता सिंह ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में केवल प्रतिभागी नहीं बनें बल्कि जीतने के लिए मैदान में उतरें, अपनी पूरी क्षमता से प्रदर्शन करें और फिर रिजल्ट जो भी आये उसे स्वीकारें। मंच संचालन शिक्षिका रंजु कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन पुष्पलता ने किया। कार्यक्रम में वार्डन सुखमती सोनार, शिक्षक रजनीश सिंह, पवन, सौरव, अनादि गोराई, कल्याण गोराई, आकाश मंडल, दीनबंधु, दिनेश गुप्ता, नीतिश राय, सुजाता झा, पूजा साह, मेरी मृणालनी हांसदा, मरियम असुंता, सरस्वती मंडल आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दुमका : महिला कोषांग की बैठक में आपसी सुलह समझौता से तीन परिवारिक वादों का हुआ निपटारा



दुमका। महिला कोषांग की बैठक में आपसी सुलह समझौता से तीन पारिवारिक मामले का निपटरा रविवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। बैठक में दोनों पक्षों की बातें सुनते हुए समझौता कराया गया। बैठक में हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा निवासी सिमियां खातुन एवं तालझारी थाना क्षेत्र के पडुरिया गांव निवासी अकबर मंसूरी के बीच समझौता हुआ। वहीं नगर थाना क्षेत्र के खुंटाबांध, चर्च रोड़ निवासी गुलफसा परविन एवं पाकुड़ के नगर थाना क्षेत्र के फकरे आजम और उनके परिवार के सदस्यों के बीच सुलह हुआ। नगर थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा निवासी चांदनी कुमारी एवं मसलिया थाना क्षेत्र के कैराबनी, पारडंगाल गांव निवासी राहुल कुमार के बीच सुलह हुआ। एक अन्य मामले में एक पक्ष की अनुपस्थिति होने के कारण समझौता नहीं हो सका। बैठक में डीएसपी विजय कुमार महतो, समजासेवी डॉ मनोज कुमार घोष, अधिवक्ता वीणा सिंह, किरण तिवारी, डॉ कुमार प्रभात, सेवानिवृत शिक्षिका मेरी नीला मरांडी उर्फ नीलू दी, मेडिकल ऑफिसर डॉ बबीता कुमारी एवं शैलेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित रहे।

### डुमरी के नवनिर्वाचित विधायक का पिछरी मे स्वागत



बेरमो। डुमरी के विधायक सह जेएलकेएम सुप्रीमो जयराम महतो का पिछरी में कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से स्वागत। यहां कार्यकर्ताओं ने जयराम महतो को शॉल ओढ़ाकर और भारत की संविधान देकर सम्मानित किया। टाइगर जयराम महतो ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी, बेरमो का सकेंड विधायक है। मौके पर संजय मल्लाह, बिकास महतो, कृष्णा तुरी, सीताराम महतो, खीरू महतो, विश्वनाथ महतो, बिनोद महतो, गौतम साव, किशोर मल्लाह, संजीव सिंह, राजेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, कमाल सिंह, कार्तिक तुरी, सबीर आदि मौजूद थे।

### साहिबगंज : आतापुर में विधायक के प्रयास से लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में खुशी



उधवा। रविवार को प्रखंड के आतापुर में झामुमो महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष बसंती हांसदा ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी के अनुसार आतापुर पंचायत के केशववाटी गांव में बीते एक सप्ताह पूर्व ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिससे गांव में बिना बिजली अंधेरा छा गया था। स्कूली बच्चों का पाठन–पठन पूरी तरह प्रभावित हो गया था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना माननीय राजमहल विधायक ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा जी को दिया। विधायक ने मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए बिजली विभाग के पदाधिकारी से बात कर उक्त गांव में नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। ट्रांसफार्मर लगने से गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है। ग्रामीणों ने विधायक एमटी राजा जी के प्रति आभार जताया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष उधवा तमरूद्दीन शेख, सचिव कीनू सोरेन, काजू मल्लिक, मुखिया सुशीला किस्कू, टिपू सुल्तान व अन्य मौजूद थे।

### राजमहल विधायक ने किया क्षेत्र का भ्रमण ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



राजमहल। राजमहल विधानसभा के माननीय विधायक एमटी राजा रविवार को राजमहल प्रखंड क्षेत्र के फुलवरिया सहित आसपास के लगभग 15 गांव का भ्रमण किए। भ्रमण के दौरान क्षेत्र के ग्रामीणों ने फूल माला एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर विधायक जी का भव्य स्वागत किया। विधायक ने भी जनता के प्रति आभार प्रकट किए। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने योजनाओं के लाभ लेने में उत्पन्न होने वाली कई छोटी–मोटी समस्याओं से भी विधायक को अवगत कराया। विधायक एम टी राजा ग्रामीणों से कहा कि पारदर्शिता पूर्ण तरीके से राज्य सरकार के सभी योजनाओं को पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के माध्यम से धरातल तक उतारा जाएगा और उचित लाभुकों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया जाएगा। सरकार की सभी वैसी महत्वाकांक्षी योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। अगर किसी योजना के लाभुकों का आवेदन कार्यालय में लंबित हो और अब तक योजना से वंचित है तो इसकी समीक्षा कर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जाएगा। मौके पर महागठबंधन के समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

**पंचायत सहायक संघ का मिला शिष्टमंडल :** रविवार को विधायक के निजी कार्यालय में पंचायत सहायक संघ के एक शिष्टमंडल प्रखंड अध्यक्ष नसीम अख्तर के नेतृत्व में विधायक से मिलकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए पंचायत सहायक संघ के प्रमुख मांगों से उन्हें अवगत कराया। संघ के शिष्ट मंडल ने आग्रह किया कि प्रोत्साहन राशि से जुड़ी उनके मांगों को सरकार तक रखा जाए। विधायक जी ने उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचने का आश्वासन दिए हैं। मौके पर लक्ष्मण मंडल, अली हुसैन, तारकेश्वर प्रमाणिक, भोलाराम मंडल, अब्दुल जब्बार, तौकीर शेख सहित अन्य मौजूद थे।

### गोमिया मोड़ के समीप काली मंदिर में जरूरतमंद महिलाओं के बीच 51 साड़ी का वितरण



**बेरमो।** गोमिया ।गोमिया मोड़ के समीप स्थित काली मंदिर परिसर में रविवार को मंदिर कमेटी की ओर से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी गरीब असहाय व जरूरतमंद महिलाओं के बीच 51 साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण सहित मंदिर संचालन समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे। मौके पर मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष किशोर साव ने कहा कि काली मंदिर संचालन समिति की ओर से आगे भी इस तरह के समाज सेवा के कार्य किए जाएंगे। भारी ठंड को देखते हुए जल्द ही मंदिर संचालन समिति की ओर से जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। आगामी 27 जनवरी को तीन दिवसीय वार्षिक माघी काली पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर संचालन समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद स्वर्णकार, सचिव प्रदीप रवानी, कोषाध्यक्ष किशोर साव, संरक्षक जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, उपाध्यक्ष विपिन नायक, उपसचिव बसंत जयसवाल, केदार रवानी, मनोज कुमार साव, सुखदेव साव, प्रकाश अग्रवाल, सुनील चौधरी, राजेंद्र रवानी, किशोरी ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### समाजसेवी दीपन ने श्राद्धकर्म में की आर्थिक मदद



बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के आदिवासी बहुल गांव पोंडा में एक गरीब महिला के निधन पर उसके श्राद्ध कर्म के लिए सहयोग किया गया। कसमार के समाजसेवी दीपन कुमार महतो ने मृतक के घर पहुंचकर उनके स्वजनों को खाद्य सामग्री जिसमे आटा–चावल सहित नकद राशि देते हुए मदद की गई। समाजसेवी ने बताया कि पिछले दिनों गांव की अत्यंत गरीब परिवार छूटू मांझी की 65 वर्षीय मां का निधन हो गया था। परिवार वालों से जब इसकी जानकारी मिली तो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार वालों की मदद की गई। मौके पर समाजसेवी दीपन महतो असीत कुमार हांसदा गोविंद हांसदा गोपीचांद हांसदा रामजीत मांझी रासमूनी देवी फुल कुमारी देवी सारो देवी गोपी मांझी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### साहिबगंज : मंथन संस्था की ओर से विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया

साहिबगंज। स्वास्थ्य कर्मी व मंथन की ओर से रविवार को विश्व एड्स दिवस पर समलापुर मोहल्ले में ग्रामीणों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही जागरूकता के दौरान आईसीटीसी के बसंत महतो ने कहा कि एड्स कोई छुआछूत की बीमारी नहीं है। एक साथ खाना खाने से एक–दूसरे का कपड़े पहने से या एक ही शौचालय का उपयोग करने से किसी को नहीं होती है। लोगो को एड्स के बारे में यह एक भ्रम है। यह असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को होती है। जिस महिला को एचआईवी पॉजिटिव है, उसके रक्त का प्रयोग करने, एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने, एचआईवी सुई का प्रयोग दूसरे समान व्यक्ति में करने से एड्स होने की संभावना होती है। वहीं उपस्थित मंथन के प्रोग्राम मैनेजर अपूर्व महतो ने कार्यक्रम को संबोधित कर बताया कि संयम और समझदारी से ही एड्स से बचा जा सकता है। एड्स व उससे बचाव के बारे में लोगो को जागरूक किया गया ।मौके पर बसंत महतो,उमा कुमारी, महताब अंसारी, शबनम प्रवीण,नाहिद परवीन,आफिया परवीन आदि मौजूद रहे।

## स्पीड न्यूज

### कारो मे माइनिंग सरदार और ओवरमैन ने किया कार्य बहिष्कार



बेरमो। सीसीएल बीएंडके प्रबंधन द्वारा कारो खुली खदान मे संडे ड्यूटी कटौती भारी पड़ा है। रविवार को इसका विरोध करते हुए माइनिंग सरदार और ओवरमैन ने कार्य का बहिष्कार कर दिया। हलांकि आउटसोर्सिंग कंपनियों का उत्पादन जारी रहा। माइनिंग सरदार और ओवरमैन कहना था कि प्रबंधन जब तक पूर्व की भांति संडे ड्यूटी नहीं देगा कार्य ठप रहेगा। इधर माइनिंग सरदार और ओवरमैन के कार्य बहिष्कार के बाद मामले की जानकारी इनमोसा प्रतिनिधियो को दी। कारो ओसीपी व्हाइट हाउस में मामले पर इनमोसा की बैठक हुई। इसमें निर्णय हुआ कि माइनिंग स्टाफ के साथ इनमोसा हमेशा खड़ा रहेगा। किसी भी हाल में प्रबंधन को मनमानी नहीं करने दी जाएगी। इस अवसर पर इनमोसा के एरिया अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, कारो शाखा अध्यक्ष डोमन पासवान,सचिव निरंजन सिंह सहित प्रमोद सिंह, दिनेश सिंह, अशोक सिंह, सूरजेश सिंहा, अजीत सिंह, तन्मय डे, धर्मेंद्र सिंह, तारो महतो, कार्तिक गोस्वामी, अशोक महतो, अभिषेक रजक, गोमेज सिंह, मकसूद आलम, सुनील कुमार, लवली कुमार उत्तम, महेश रजक, पिंटू कुमार,सुनील कुमार मोदी, लक्ष्मण मोदी, चंचल कुमार आदि मौजूद थे।

### दस पंचायतों में पांच दिनों से जलापूर्ति बंद

बोकारो। जैनामोड़ ग्रामीण जलापूर्ति योजना के खुटरी पानी टंकी से रोजाना सुबह दस पंचायतों को मिलने वाली जलापूर्ति विगत पांच दिनों से बंद होने के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सिस्टम को चला रहे संवेदक के प्रतिनिधि अमर मिश्रा ने बताया कि तुपकाडीह तेनु बोकारो नहर के पम्प हाउस में मशीन खराब हो गई है। कोलकाता से मिस्त्री को बुलाया गया है। पानी बंद होने की जानकारी विभाग को दे दी गई है।

### उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत 8 दिसंबर से

बोकारो। समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव ने जिला टास्क फोर्स की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए 08 दिसंबर को विभिन्न बूथों पर एवं 09–10 दिसंबर को डोर टू डोर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिया। उपायुक्त ने कहा कि इस दौरान 03 लाख 53 हजार 551 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित है। इसलिए अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार– प्रसार किया जाय। बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई।

### विश्व एड्स दिवस पर डालसा ने चलाया जागरूकता अभियान

दुमका। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में पैरा लीगल वोलिंटियर्स ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी ने लोगों को बताया गया कि इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य एचआईवी संक्रमण की वजह से होने वाले महामारी एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों को बीच जागरूकता बढ़ाना है। एड्स रोगी के साथ भेदभाव किया जाना अमानवीय है। सचिव उत्तम सागर राणा ने बताया कि संविधान में भारतीय नागरिकों को समानता का अधिकार, स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के खिलाफ अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है। यह मायने नहीं रखता है कि कोई व्यक्ति एचआईवी से प्रभावित है कि नहीं यह मौलिक अधिकार सभी को प्राप्त है।

# दुमका : गृहरक्षावाहिनी का पारण परेड और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

## परेड का निरीक्षण कर उपायुक्त ने गृहरक्षकों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ

खबर मन्त्र संवाददाता





**दुमका।** सदर प्रखंड के नकटी स्थित क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के गढ़वा जिला के नव नियुक्त गृह रक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण होने पर पारण परेड का आयोजन रविवार को किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डीसी ए दोडे मौजूद थे। परीक्षण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले गृहरक्षकों को डीसी एवं डीएसपी ने सम्मानित किया। इससे पूर्व परेड कमांडर, प्रशिक्षु गृह रक्षक विद्युत उष्पा केरकेट्टा एवं सेकेंड कमांडर मोनिका कुमारी के नेतृत्व में प्लाटूनों का मैदान में परेड़ कराया गया। मुख्य अतिथि का जिला समादेष्टा सतीश कुमार पाठक ने अतिथि का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीसी दोड्डे ने परेड़ का निरीक्षण किया। इसके बाद प्रशिक्षु गृह रक्षकों का शपथ ग्रहण हुआ। इसके बाद मार्च पास्ट में मुख्य अतिथि डीसी दोड्डे के मंच के सामने से गुजरे, जहां अतिथि ने प्लाटून का अभिवान किया। इस अवसर पर डीसी ने अनुशासन और कर्त्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाते हुए शुभकामनाएं दिया।

पारण परेड़ में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु गृह रक्षकों में प्रथम पुरस्कार सपना निधि कच्छप, द्वितीय पुरस्कार रंजना कुजूर एवं तृतीय पुरस्कार संध्या कुमारी एवं अंजनी कुमारी ने प्राप्त की। सर्वश्रेष्ठ कमांडर का सम्मान विद्युत उष्पा केरकेट्टा एवं मोनिका कुमारी को मिला। सर्वश्रेष्ठ फायरर का सम्मान प्रियंका कुमारी, अंगद कुमार, जितेंद्र राम एवं जितेंद्र राम को मिला। अनुशासन में पुष्पा कुमारी, ओमप्रकाश गुप्ता एवं श्रुति कुमारी को सम्मान मिला। प्लाटून कमाण्डर्स में प्लाटून-1 से 9 तक में क्रमशः संध्या कच्छप, अनु कुमारी, जूही कुमारी, जितेंद्र राम, रंजन कुमार, बबीता कुमारी, रंजना कुजूर, रंजीता कुजूर एवं सिमंती देवी सम्मानित हुई।

बटालियन हवलदार मेजर में अधिनायक अनुदेशक दीनानाथ यादव एवं अजय कुमार, अनुदेशक राकेश हांसदा, जवान अनिल पुजहर, शीला कुमारी एवं गृहरक्षक शंभू पाल, बाबुश्वर सोरेन, अनिल हांसदा, रमेश मुर्मू, प्रदीप मरांडी एवं मानवेल मुर्मू आदि मौजूद थे।

## उन्नत हरित इस्पात प्रौद्योगिकियों के लिए सेल व जॉन कॉकरिल में समझौता




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल ने वैश्विक जॉन कॉकरिल समूह की भारतीय शाखा जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड के साथ मुंबई में एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों व्यापक उद्योग विशेषज्ञता और इनोवेशन एवं सस्टेनेबिलिटी के लिए साझा दृष्टिकोण सहित दोनों कंपनियों की संयुक्त क्षमताओं का लाभ उठाना है। सेल के वित्त निदेशक अनिल कुमार तुल्सीआनी और जॉन कॉकरिल इंडिया लिमिटेड के मेटल्स डिवीजन के प्रबंध निदेशक माइकल कोटास ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के फोकस क्षेत्र कार्बन स्टील ग्रीन स्टील और सिलिकॉन स्टील के लिए कोल्ड रोलिंग और प्रोसेसिंग होंगे जिसमें विशेष रूप से कोल्ड रोल्ड ग्रेन ओरिएंटेड और कोल्ड रोल्ड नॉन-ओरिएंटेड स्टील्स शामिल रहेंगे। इसके अलावा इस साझेदारी का उद्देश्य लौह और इस्पात उत्पादन प्रक्रियाओं में हरित प्रौद्योगिकियों को एकीकृत करना और दक्षता एवं सस्टेनेबिलिटी को बढ़ाने के लिए उन्नत इस्पात उत्पादन प्रौद्योगिकियों को शामिल करना है।

## साहिबगंज : अयोध्या धाम में होगा तीसरा राष्ट्रीय साहित्य समागम

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** साहित्य की दुनिया राष्ट्रीय साहित्यिक मंच का तृतीय राष्ट्रीय साहित्य समागम एवं कवि सम्मेलन भरतीया रोड स्थित अयोध्या धाम में आयोजित किया जाएगा। रविवार को महाजन पट्टी स्थित गोपाल चोखानी के आवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बड़ी धर्मशाला के मैदान में निर्माण का कार्य होने के कारण इस वर्ष का कार्यक्रम जमुना दास चौधरी बालिका उच्च विद्यालय के सामने स्थित अयोध्या धाम में आयोजित कराया जाए।

यूको बैंक के सेवानिवृत अधिकारी प्रतुलचंद्र तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम कोषाध्यक्ष गोपाल चोखानी के द्वारा पिछले कार्यक्रमों से संबंधित आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को भव्य और आकर्षक बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष के कार्यक्रम में हास्य रस के कवि प्रमोद चोखानी प्रयागराज एवं रमेश अम्बष्ट दुमका के अलावा गजलकारा रंजना लता वीर रस की कवयित्री स्मृति झा मधुबाला शांडिल्य प्रवीण पांडे के अलावा श्रृंगार रस एवं ओज के वरिष्ठ कवि रचनाकारों का पदार्पण साहिबगंज में होने जा रहा है। मंच के महासचिव सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि इस वर्ष 21 दिसंबर को दोपहर एवं शाम में दो अलग-अलग सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि साहिबगंज शहर के बाल कवियों को भी इस मंच पर मौका दिया जाएगा। जिसके लिए सेवानिवृत शिक्षक विभीषण पासवान, दिलीप कुमार के अलावा अनुराग राहुल और विक्रम कुमार साहिबगंज के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के कविता एवं उसकी प्रस्तुति के आधार पर चयन करेंगे। बैठक में मंच के भगवती रंजन पांडे, चेतन भारतीय अनुराग राहुल विक्रम कुमार, दिलीप कुमार, विभीषण पासवान सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## कथारा में पत्रकारों की बैठक संपन्न

### पत्रकार एकता मंच की नयी कमिटि का होगा गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**कथारा।** कथारा पंचायत स्थित पंचायत समुदायिक भवन में रविवार को कथारा जारंगडीह के पत्रकारों की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पत्रकार अनील वर्णवाल व संचालन जगदीश भारती द्वारा किया है। किसी कारणवश क्षेत्र के कुछ वरीय पत्रकारगण इस बैठक में उपस्थित नही हो सके जिस कारण मंच के नये कमेटी की गठन अगले तिथि के लिए स्थगित कर दिया गया। मगर इस बैठक में सर्वसम्मति के कई अहम फैसले लिए गए जिसमे मंच के नये वाटशाप गुरुप के साथ यह भी निर्णय लिया गया कि मंच नये वर्ष पर वनभोज का आयोजन करेगी तथा दिसंबर माह के अंतिम रविवार को फिर एक अहम बैठक आहुत है जिसमे पत्रकार एकता मंच के नये कमेटी के गठन को अमली जामा पहनाया जायेगा। कथारा क्षेत्र में पुर्व से पत्रकार एकता मंच संचालित था मगर इनके पदाधिकारियों से आधे से अधिक सदस्यगण ना खुश चल रहे थे जिसके कई बार उक्त कमेटी से नये कमेटी की चुनाव करवाने की पेशकश की गई मगर जब पदाधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो मंच उपाध्यक्ष के नेतृत्व में सभी नाराज पत्रकार गोलबंद हो नही कमेटी की गठन की पहल शुरू कर दी। आज की बैठक से पूर्व भी इस मामले को लेकर एक बैठक हो चुकी है। बहरहाल किसी भी संगठन का अस्तित्व तभी तक कायम रहता है जब तक संगठन पत्रकार हित के कार्य करे जिससे सदस्यों को लाभ मिले ना की संगठन का गठन अपनी स्वार्थ साधने के उद्देश्य से किया जाये। फिर ऐसे संगठन का काफी खतरनाक होता है। बैठक में उपरोक्त लोगों के अलावे एसपी शकसेना, साजेश गुप्ता, पवन सिंह, अविनाश कुमार, धिरज वर्णवाल आदि दर्जनों पत्रकार उपस्थित थे।

## बीएसएल में ओसीटी और एसीटी प्रशिक्षुओं का इंडक्शन प्रशिक्षण आरंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में कुल 19 ओसीटी तथा एसीटी प्रशिक्षुओं का छह सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीजीएम मनीष जलोटा उपस्थित थे। प्रशिक्षण के उपरान्त सभी प्रशिक्षुओं का पदस्थापन विभिन्न विभागों में किया जायेगा। कार्यक्रम के शुरूआत में सभी प्रशिक्षुओं ने मुख्य अतिथि के साथ सुरक्षा की शपथ ली। जलोटा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया और सभी प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संस्कृति व अनुशासित तरीके को अपनाते हुए बोकारो स्टील प्लांट के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन एसएन मिश्रा कनीय प्रबंधक ने किया।

खबर मन्त्र

रांची. सोमवार . 02 दिसंबर 2024

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

# गेम चेंजर आधी आबादी

महिला सम्मान पेंशन योजना- जिसमें विधवाओं और बूढ़ी महिलाओं को मदद दी जाती है। जिससे कि वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकें। अल्पसंख्यक महिलाओं को बिना किसी ब्याज के पचास हजार रुपये की मदद दी जाती है। इसमें से बस पच्चीस हजार रुपये उन्हें वापस देने पड़ते हैं। इसका लाभ तलाकशुदा और अठारह साल से पचपन साल की अविवाहित महिलाएं उठा सकती हैं। इसी प्रकार झारखंड, दिल्ली, बिहार, राजस्थान, कर्नाटक में भी महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली बहुत-सी योजनाएं हैं। महिलाओं को लाभ पहुंचाने वाली योजनाएं, नेताओं को विधानसभाओं और लोकसभा में पहुंचा रही हैं। यह स्त्रियों की ताकत है, जिसे वे वोट के जरिए दिखा रही हैं। वे जानती हैं कि उनके जीवन के लिए ऐसी योजनाएं कितनी जरूरी हैं। लोकतंत्र में महिलाएं गेम चेंजर की भूमिका निभा रही हैं। अपने यहां महिलाएं आगे बढ़कर वोट दे रही हैं। यही नहीं, ऐसी खबरें भी आती रहती हैं कि वे अपने घर के आदमियों की बात भी नहीं मानतीं। वे वहां वोट देती हैं जो उनके जीवन में परिवर्तन ला सके। इनमें ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में होती हैं। अब वह समय चला गया है जब कहते थे कि औरतें वोट देने ही नहीं आतीं। पहले वोट फिर कुछ और। पिछले कुछ दशकों से भारत में राजनीतिक दलों ने महिलाओं की इस ताकत को पहचाना है। इसलिए वे अपने-अपने मेनिफेस्टो में महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर विशेष ध्यान देते हैं। तरह-तरह के वादे करते हैं। और सिर्फ वादे ही नहीं जीतने के बाद उन्हें कुछ हद तक पूरे भी करते हैं। शिवराज सिंह चौहान, नीतिश कुमार और हेमंत सोरेन जैसे नेताओं ने महिलाओं की ताकत को सम्मान दिया जिसका परिणाम भी मिला। केन्द्र की योजनाओं को भी विशेषकर राशन योजना महिलाओं को डीबीटी के माध्यम से ही दिया जाना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड



# आज का राशिफल

मेष : दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

वृष : संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

मिथुन : मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

कर्क : स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

सिंह : सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

कन्या : अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

तुला : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियत्रंण रखें। शुभांक-5-6-8

वृश्चिक : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

धनु : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यो से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

मकर : अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

कुंभ : कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

मीन : पूर्व में किये कार्यो से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5


# अडानी के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर निशाना साधते बाइडेन

अमेरिका ने बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन करने के लिए क्या-क्या किया, यह किसी से छिपा नहीं रहा है। भारत में सत्ता बदलने के लिए जॉर्ज सोरोस (अमेरिकी निवेशक, उद्योगपति) एवं अन्य क्या षड्यंत्र रच रहे थे यह भी अब सभी के सामने आ चुका है। इसमें भारत की विपक्षी पार्टी कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी की भागीदारी कितनी रही है, यह भी आज सभी जानते हैं, इसमें गौतम अडानी को पहले और अब कैसे जोड़ा जा रहा है, और ऐसा करने से नुकसान किसका हुआ या हो रहा है, वह भी आज हमारे सामने है। वास्तव में जिस तरह से पहले और आज भारतीय उद्योगपति अडानी पर अमेरिका से निशाना साधा जा रहा है, यह बहुत गहराई से समझने की आवश्यकता हर भारतीय को है। एक तरह से देखा जाए तो यह हमला सिर्फ अडानी किसी एक उद्योगपति पर नहीं बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था की सुदृढ़ होते सिस्टम को कमजोर करने का प्रयास है। यहां यह सहज विचार किया जा सकता है कि अडानी के कमजोर होने से सबसे अधिक लाभ किसे होगा? दुनिया के सबसे अधिक अमीर अरबपतियों की सूची में किस देश के लोग हैं? इसका उत्तर है अमेरिका और चीन । दोनों ही देशों में लगभग बराबर से अरबपति लोगों की संख्या है, स्वभाविक है कि आर्थिकी स्तर पर सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा भी इन्हीं दो देशों में दिखाई देती है, पीछे से पिछले कुछ सालों में केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद से भारत में भी अरबपतियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है।





हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के आंकड़े हमारे सामने हैं, जिसके अनुसार मुंबई 92 अरबपतियों के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अरबपतियों की राजधानी बन गई, यह अब एशिया की अरबपतियों की राजधानी के रूप में बीजिंग से आगे निकल गई है। भारत में 2023 में 94 नए अरबपति जुड़े, जो अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिससे कुल 271 व्यक्तियों की कुल संपत्ति कम से कम एक बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई। वस्तुतः यह रिपोर्ट हाल के दिनों में भारत की बढ़ती आर्थिक गति को दशार्ती है। सामूहिक रूप से, इन भारतीय अरबपतियों के पास एक ट्रिलियन अमरीकी डॉलर की संपत्ति है, जो कुल वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का सात प्रतिशत है, जोकि आज भारत के महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव को रेखांकित करता है। दूसरी ओर भारत के वे बड़े उद्योगपति हैं, जिनके कारण आर्थिक क्षेत्र में भारत की वैश्विक पहचान ही नहीं बल्कि नए नवाचार एवं करोड़पति-अरबपति उद्योग जगत के लोग इनका अनुसरण करते हुए सतत अपने-अपने क्षेत्रों में सफल होने के प्रयास कर रहे हैं,



-डॉ मयंक

> हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2024 के आंकड़े हमारे सामने हैं, जिसके अनुसार मुंबई 92 अरबपतियों के साथ दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अरबपतियों की राजधानी बन गई, यह अब एशिया की अरबपतियों की राजधानी के रूप में बीजिंग से आगे निकल गई है। भारत में 2023 में 94 नए अरबपति जुड़े, जो अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर हैं, जिससे कुल 271 व्यक्तियों की कुल संपत्ति कम से कम एक बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई।

उनमें टाटाग्रुप, अंबानी-रिलायंस इंडस्ट्रीज, अडानी ग्रुप, जिंदल ग्रुप- जेएसडब्ल्यू ग्रुप, शिव नादर- एचसीएल टेक्नोलॉजीज, दिलीप सांघवी- सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बिड़ला ग्रुप, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया, हिंदुजा फैमिली, रवि जयपुरिया, लक्ष्मी मित्तल, सुधीर एंड समीर मेहता, मधुकर पारेख एंड फैमिली, उदय कोटक, अजीम प्रेमजी, मंगल प्रभात लोढ़ा, गोदरेज, बर्मन फैमिली, पंकज पटेल, कपिल एंड राहुल भाटिया, मुरुगप्पा फैमिली, विनोद एंड अनिल राय गुप्ता, रेखा झुनझुनवाला, मुरली देवी फैमिली और विक्रम लाल फैमिली समेत कई नाम शामिल हैं। जिसमें कि गौतम अडानी और मुकेश अंबानी कभी एक या दो पर बने रहते हैं ।

अमेरिका के संदर्भ में यहां कहना होगा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और कमला हैरिस की टीम चाहकर भी जब भारत में प्रधानमंत्री मोदी को सत्ता से नहीं हटा पाए, जैसा कि उनका अनुमान बांग्लादेश, श्रीलंका सत्ता के परिवर्तन की तरह रहा होगा, तब वे सत्ता से जाते-जाते अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए अनेक विवाद और मुसीबतें खड़ी कर देना चाहते हैं। इनसे जुड़े उद्योगपतियों का भी दबाव भी इस तरह के आरोपों और भारतीय उद्योगपति पर की जा रही इस कार्रवाई से साफ नजर आता है। वे दुनिया में भारत को आर्थिक रूप से शक्तिशाली होने से हर हाल में रोक देना चाहते हैं। अडानी इनके आसान शिकार इसलिए बनाए जा रहे हैं, क्योंकि वे प्रमुखता से दुनिया भर में विस्तार कर रहे हैं, इसलिए उनकी निगाहें बार-बार गौतम अडानी पर जाकर टिक जा रही हैं। आज अडानी हर मौके को अंतिम अवसर मानकर अमेरिका एवं अन्य देशों के अरबपतियों और खबरपतियों को चुनौती दे रहे हैं। ये अलग बात है कि अब तक उन पर जितने भी आरोप लगाए गए, हर बार आरोप गलत साबित हुए, किंतु इन आरोपों से तत्काल में जो भारतीय बाजार में अविश्वास पैदा होता है और निवेशकों का करोड़ों रुपया डूब जाता है, वह बहुत चिंता पैदा करता है।

इससे पहले हमने देखा ही है कि जब साल 2022 में गौतम अडानी 150 अरब डॉलर के साथ दुनिया के तीसरे सबसे अमीर कारोबारी बन गए थे, तब उन्हें नीचे गिराने के कैसे षड्यंत्र शुरू हो गए थे। पिछले साल की शुरूआत में जनवरी में उन पर अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने गंभीर आरोप लगाए। ये एक बार नहीं कुछ वक्त के साथ दो बार लगाए गए, स्वाभविक तौर पर इसका बाजार में असर हुआ, पहले अधिक हुआ और इस रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप को 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान हुआ था। बाद में फिर जब ऐसे ही आरोप हिंडनबर्ग रिसर्च ने लगाए तो बाजार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। अमेरिका के कई उद्योग जगत के लोग जो सोच रहे थे, वह हो नहीं सका। जांच में अडानी ग्रुप पर लगे सभी आरोप निराधार पाए गए।

वस्तुतः अब यह तीसरा लगातार का प्रयास है अडानी ग्रुप के जरिए भारतीय अर्थव्यवस्था पर चोट करने का। इस बार अमेरिकन जो वाइडेन प्रशासन सरकारी सिस्टम के साथ उनके विरोध में सामने आया है। स्वाभिक है सरकार का असर हुआ है और पिछले दो दिनों में अडानी ग्रुप के सभी शेयर नीचे आ गए हैं। आप इसमें षड्यंत्र का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि हाल ही में अमेरिकी चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प की जीत के तुरंत बाद, अडानी ने एक्स पर उन्हें जीत की बधाई दी और लिखा कि उनका ग्रुप अमेरिकी एनर्जी और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा, जिससे अमेरिका में 15,000 जॉब जेनरेट होने की संभावना होगी। यानी जिस एनर्जी और इंफ्रा प्रोजेक्ट्स को लेकर वह अमेरिका में अपने उद्योग को विस्तार देनेवाले थे, उसी क्षेत्र में उन पर ये आरोप लगाए गए हैं ताकि उन्हें अमेरिका में अपने उद्योग को विस्तार देने से रोका जा सके। अमेरिका जो वाइडेन प्रशासन एवं उनसे जुड़े उद्योगपतियों पर शक इसलिए भी होता है क्योंकि जब पिछली बार अडानी एंटरप्राइजेज का एफपीओ आने वाला था, तभी यह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट सामने आई थी, कंपनी 600 मिलियन डॉलर जुटाने वाली थी। वस्?तुतः इसके जरिए अडानी इंटरप्राइजेज 20,000 करोड़ रुपए जुटा भी लिए गए थे, किंतु बाजार के विश्वास बनाए रखने के लिए

## लेटर टू एडिटर

### स्वदेशी तकनीक

भारतीय स्वदेशी तकनीक की वैश्विक मांग बढ़ रही है। वंदे भारत ट्रेन जैसे उदाहरण ने इसे साबित किया है; इस ट्रेन की मांग कई देशों, जैसे चिली, कनाडा और मलेशिया, में बढ़ी है। इसकी मुख्य वजह भारत में इसका कम मूल्य है—वहीं अन्य देशों में ऐसी ट्रेनें 160 से 180 करोड़ में बिकती हैं, जबकि भारत में ये 120 से 130 करोड़ में उपलब्ध हैं। भारतीय निर्माण की गति भी बेहतर है। यह सब ह्यमेक इन इंडियाह्न के सपने को साकार कर रहा है।

**-अमृतलाल मारू, रांची**

### जंग नहीं समाधान

**इस्राइल** ने गाजा और दक्षिणी लेबनान पर बड़े हवाई हमले किए, जिसमें हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया। जिसने ही चल रहे संघर्ष को जन्म दिया। हिजबुल्लाह ने जवाब में उत्तरी इस्राइल में रॉकेट दागे, जिसमें हाइफा जैसे शहर शामिल थे। वैसे जंग किसी भी समस्या का हल नहीं है।

**– रोहित शाह, हजारीबाग**

## ट्वीट

**यह** सम्पूर्ण जगत एक ही परमात्मा की विविध रूपों में अभिव्यक्ति है।भारतीय संस्कृति में अंतर्निहित समानता व सहअस्तित्त्व के दिव्य उदारवादी मूल्यों का लोक व्यापीकरण कर वैश्विक स्तर पर आर्थिक असमानता को कम किया जा सकता है। आइए उदारमना होकर अन्यों के सम्मान, स्वाभिमान और निजता की रक्षा करें।

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

**संविधान** समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्गों की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली औजार है। संविधान के सोच की हिफाजत करने वाले सेनानियों, शहीदों और संविधान सभा के प्रत्येक सदस्य को नमन करते हुए अपने संकल्प को दोहराता हूं।

**– राहुल गांधी, सांसद**

# प्रशांत किशोर की जन सुराज ने बढ़ाई तेजस्वी यादव की टेंशन

**अंकित सिंह**

**उपचुनाव** में उनकी पार्टी जीत हासिल करने में असफल रही। अक्सर भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम के रूप में जाने जाने वाले किशोर ने इस साल 2 अक्टूबर को अपनी पार्टी लॉन्च की और एक अलग पहचान बनाने की दिशा में कदम उठाया।

चुनावी रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने अतीत में कई राजनीतिक दलों के लिए शानदार जीत दिलाई है। हालांकि, अब वह अपनी पार्टी बना चुके हैं। प्रशांत किशोर की जन सुराज ने बिहार में चार सीटों पर हुए उपचुनाव में अपने उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उपचुनाव में उनकी पार्टी जीत हासिल करने में असफल रही। अक्सर भारतीय जनता पार्टी की बी-टीम के रूप में जाने जाने वाले किशोर ने इस साल 2 अक्टूबर को अपनी पार्टी लॉन्च की और एक अलग पहचान बनाने की दिशा में कदम उठाया।

लेकिन दो महिने पुरानी पार्टी को जितना वोट मिला, उससे अन्य पार्टियों की चिंता जरूर बढ़ गई होगी। जन सुराज ने चार उम्मीदवारों को मैदान में उताराः तरारी में किरण सिंह, बेलागंज में मोहम्मद अमजद, इमामगंज में जीतेंद्र पासवान और रामगढ़ में सुशील कुमार सिंह कुशवाहा। रविवार को जब नतीजे घोषित हुए तो सिंह अमजद और पासवान तीसरे स्थान पर रहे, जबकि कुशवाहा चौथे स्थान पर रहे। हालांकि हार गए, प्रदर्शन इतना अच्छा है कि एक महीने पुरानी राजनीतिक पार्टी के लिए किसी का ध्यान नहीं गया।

यदि हम नए राजनीतिक विमर्श पर बिहार की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखें, तो यह बहुत कम या कोई प्रतिक्रिया नहीं दिखाता है। चौधरी को केवल 5,189 वोट मिले, जो कुल वोटों का सिर्फ 3.6% था। जब हम इसकी तुलना उप-चुनाव परिणामों और जन सुराज उम्मीदवारों की संख्या से करते हैं, तो इमामगंज के जीतेंद्र

## सामयिक

> **हालांकि, जन सुराज के उम्मीदवारों ने राजद और उसके गठबंधन सहयोगियों को नुकसान पहुंचा गया। अगर इन चार सीटों पर जन सुराज के उम्मीदवार नहीं होते तो राजद के लिए जीत के रास्ते आसान होते। उपचुनाव नतीजों पर टिप्पणी करते हुए किशोर ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि जबकि हम स्वीकार करते हैं कि हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी पार्टी सिर्फ एक महीने पुरानी है, और हमें अपना चुनाव चिन्ह 1 नवंबर को ही मिला है।**

पासवान को 37082 वोट मिले, जो कुल मतदान का 22% है। इस बीच, किरण सिंह को तरारी में 5,592 वोट मिले, जो कुल वोटों का 3.5% है। सुशील कुशवाह ने रामगढ़ में 6,506 वोट हासिल किए, जो 3.8% का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि मो. अमजद को बेलागंज में 17,268 वोट मिले, जो कुल वोट शेयर का 10% था। हालांकि, जन सुराज के उम्मीदवारों ने राजद और उसके गठबंधन सहयोगियों को नुकसान पहुंचा गया। अगर इन चार सीटों पर जन सुराज के उम्मीदवार नहीं होते तो राजद के लिए जीत के रास्ते आसान होते। उपचुनाव नतीजों पर टिप्पणी करते हुए किशोर ने पटना में संवाददाताओं से कहा कि जबकि हम स्वीकार करते हैं कि हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि हमारी पार्टी सिर्फ एक महीने पुरानी है, और हमें अपना चुनाव चिन्ह 1 नवंबर को ही मिला है। हालाँकि, ये कारक पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन को उचित नहीं ठहरा सकते। हम अगली बार और अधिक मेहनत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और हमारी पार्टी में किसी को भी निराश होने का कोई कारण नहीं है।

पश्चिम चंपारण में जन सुराज यात्रा शुरू करने के बाद से, किशोर का दावा है कि उन्होंने 14 जिलों में 5,000 किमी से अधिक पैदल यात्रा की है और अन्य 10 जिलों में कार से यात्रा की है। उनके समर्थकों का कहना है कि इस व्यापक दौरे से बिहार की सामाजिक और क्षेत्रीय विविधता को समझने के साथ-साथ जमीनी स्तर के नेताओं का एक नेटवर्क बनाने में मदद मिली है। किशोर जन सुराज को बिहार में एक अद्वितीय राजनीतिक मंच के रूप में देखते हैं, यह राज्य सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझ रहा है और राजद, भाजपा और जद (यू) के प्रभुत्व वाला राज्य है।

वह अक्सर इस बात पर जोर देते हैं कि उनकी पार्टी का लक्ष्य प्रणालीगत मुद्दों से निपटना और पारंपरिक राजनीति के लिए एक नया विकल्प पेश करना है। किशोर ने मुसलमानों और दलितों से, जो राज्य की आबादी का 37% हिस्सा हैं, एक साझा उद्देश्य के लिए एकजुट होने का भी आह्वान किया है।

# देश के विकास रोकने वाली प्रवृति और ताकतों पर नजर रखना होगा

**- प्रहलाद सबनानी**

**आज** वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श गढ़े जा रहे हैं। हाल में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। उदाहरण के लिए कुछ देशों के सम्बंध में प्रायः कुछ विमर्श गढ़े गए हैं जैसे, अमेरिका के बारे में कहा जाता है कि वहां सामान्यतः व्यापार पर अधिक ध्यान दिया जाता है। ब्रिटेन के बारे में धारणा है कि वहां राजनीति पर अधिक ध्यान दिया जाता है। जर्मनी के सम्बंध में कहा जाता है कि वहां युद्ध कौशल के बारे में अधिक चर्चा की जाती है। इसी प्रकार, भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं ये देश भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

भारत की प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं।

पश्चिमी एवं भारतीय विचारधारा में जमीन आसमान का अंतर है। जैसे भारत में व्यापार के मामले में शुभ-लाभ की विचारधारा पर कार्य किया जाता है। परंतु, पश्चिमी देशों में पूंजीवाद का अनुसरण करते हुए व्यापार में अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने का प्रयास किया जाता है इसके लिए चाहे सामान्यजन को कितना ही नुक्सान क्यों नहीं उठाना पड़े, इसे शुद्ध लाभ की संज्ञा दी जाती है। और, इसी प्रकार, वामपंथी विचारधारा में अप्रत्यक्ष रूप से शून्य लाभ के लिए कार्य होता दिखाई देता है जिससे अंततः व्यापार ही समाप्त होने की ओर आगे बढ़ जाता है। पश्चिमी एवं अन्य कई देशों में आज पूंजीवाद की विचारधारा को ही अपना लिया गया है। जिसके परिणामस्वरूप केवल लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से व्यापार करने वाली अमेरिकी कम्पनियों की सम्पत्ति आज कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

## सामयिक

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कार्य करने वाली माइक्रोसॉफ्ट नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 3.126 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की हो गई है। एप्पल नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 2.65 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। एमेजोन नामक बहुराष्ट्रीय कम्पनी की सम्पत्ति 1.87 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। इसी प्रकार, मेटा नामक अमेरिकी कम्पनी की सम्पत्ति 1.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की है। अमेरिका ने अधिकतम लाभ अर्जन को मुख्य उद्देश्य मानकर पूंजीवाद को बढ़ावा दिया जिससे आज अमेरिका कई अरबपति बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का स्वर्ग बन गया है और आज इन अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की सम्पत्ति कई देशों के सकल घरेलू उत्पाद से भी अधिक हो गई है।

ब्रिटेन, कनाडा, फ्रान्स आदि जैसी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास है। भारतीय परम्परा में व्यापार में शुभ लाभ इसलिए कहा गया है क्योंकि भारतीय शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि व्यापार में होने वाले लाभ को 7 हिस्सों में बांटकर समाज में अति पिछड़ा वर्ग की मदद हेतु भी एक हिस्सा उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि अति गरीब वर्ग भूखा न रहे। इसी कारण से आज विश्व भर में फैले आतंकवाद से निपटने में केवल भारतीय सनातन संस्कृति ही सक्षम दिखाई देती है।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। इसीलिए भारत ने विश्व में दिलों को जीता है एवं कभी भी किसी देश पर आक्रमण करते हुए उनकी भूमि के एक इंच हिस्से पर भी अपना कब्जा नहीं जमाया है।

साथ ही, भारत में संयुक्त परिवार ही भारतीय नागरिकों के सुख का आधार है।ह्व पश्चिमी देशों में तो आज संयुक्त परिवार दिखाई ही नहीं देते हैं और इसके दुष्परिणाम के रूप में वहां पर सामाजिक ताना-बाना छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा है। इन देशों में तलाक की दर बहुत अधिक है और इन देशों में नागरिक एक जीवन में 7 शादियां तक कर लेते हैं जबकि भारत में शादी को एक पवित्र बंधन मानते हुए पति-पत्नी के लिए विवाह नामक संस्था को 7 जन्मों का बंधन माना जाता है। एक से अधिक शादियां करने के चलते पश्चिमी देशों में बच्चों को अपने पिता के बारे में ही जानकारी नहीं रह पाती है। बुजुर्ग दम्पति अपने अंतिम समय पर बहुत पीड़ादायी जीवन जीने को मजबूर हैं। बच्चों में हिंसा की प्रवृति बढ़ रही है एवं छोटे-छोटे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। उक्त प्रकार की कई सामाजिक बुराइयों ने इन देशों में अपना घर बना लिया है। ह्यभारत ने विश्व का दिल जीता हैह्व एवं ह्यभारतीय संयुक्त परिवार ही सुख का आधार हैह्व, ह्यसेवा कार्य भारतीय नागरिकों के डीएनए में हैह्व जैसे विमर्श आज हम भारतीयों को गढ़ने की जरूरत है।

## स्पीड न्यूज

### निधि इवेंटस का धूम मचाले 31 को




रामगढ़। निधि इवेंटस रामगढ़ द्वारा नये वर्ष के उपलक्ष्य में 31 दिसंबर को गंगा रेजीडेंसी (अशोक टाकीज) रांची रोड में धूम मचाले कार्यक्रम किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजन समिति के राजू कैथ ने प्रेस वार्ता में दी। देश के जाने-माने कलाकारों द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। कार्यक्रम में कोलकाता से प्रख्यात डीजे श्रेया, सिगरं मिस दिप्ती,सिगरं पारतौ प्रतिम, एंकर मौमीता, नटराज डासं ग्रुप आदि शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस तरह का प्रोग्राम रामगढ़ मे पहली बार हो रहा है। इसमे आने वाले 3 लकी कपल जोड़ों को ,साथ ही 1 लकी फिमेल, 1 लकी मेल, 10 लकी कूपन फ्री गिफ्ट दिया जायगा। बच्चों के लिए फ्री मनोरंजन। साथ ही कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों के लिए फ्री टी और डीनर की व्यवस्था होगीं । कार्यक्रम संध्या 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक चलेगा।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना




भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच सामाजिक संस्था ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में लगभग 150 जरूरतमंदों को भोजन कराया। इस दौरान भुरकुंडा बाजार में दुर-दराज ग्रामीण क्षेत्रो से दातुन-पत्तल बेचने आने वाले गरीब-जरूरतमंद महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी और सब्जी का वितरण किया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा की गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है और गरीबों की सेवा ही मंच का उद्देश्य भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सक्षम लोगों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। अध्यक्ष श्री सिंह ने बताया कि जन सहयोग के माध्यम से पिछले 9 वर्षो से मंच द्वारा गरीबो को भोजन कराया जाता रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, कारू यादव, उदयभान दुबे, शिवकुमार यादव, लखन राम, लालू उरांव, विजय राम, मो. शाहिद, संजू सिन्हा, रविंद्र सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

### मानवाधिकार संगठन की बैठक




भुरकुंडा। अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ब्रांच कार्यालय महुआ टोला सचिव मो सलीम की अध्यक्षता में सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष रीतेश कुमार एवं क्षेत्रीय प्रभारी अक्षय कुमार मिश्रा शामिल हुए। सम्मेलन में संगठन के विस्तार और क्षेत्र की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। सम्मेलन के दौरान संगठन में नये सदस्यों को जोड़ने, 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाने एवं जरूरतमंदों को वृद्ध पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन दिलाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन में रामेश्वर करमाली, मो करीम, जयनाथ महतो, महादेव बेदिया, मजीद अंसारी, गौतम करमाली आदि शामिल हुए।
पासवान कल्याण कमेटी की बैठक*

### पासवान समाज का वनभोज 10 जनवरी को



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा पासवान कल्याण केंद्रीय कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र पासवान एवं संचालन भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि कमेटी के संरक्षक खजांची राम शामिल हुए। बैठक में समाज की मजबूती, एकजुटता, शिक्षा आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ ही हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 10 जनवरीको समिति का 45वां वनभोज सह मिलन समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया अजय पासवान, प्रभु पासवान, बीरेंद्र पासवान, इंद्रदेव पासवान, सुरेंद्र पासवान, बिजेंद्र पासवान, संजय पासवान, प्रेम पासवान सहित कई लोग मौजूद थे।

### जगलाल सिंह की स्मृति में सेमिनार 19 को



रामगढ़ । जनगायक जगलाल सिंह की पहली स्मृति दिवस मनाने को लेकर रविवार को स्थानीय कलाकारों साहित्यकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों की एक बैठक पटेल चौक स्थित मार्गदर्शन शिक्षण संस्थान में की गयी। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ बीएन ओहदार एवं संचालन सुशील स्वतंत्र ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्व. जगलाल सिंह कि पहली पुण्यतिथि 19 दिसंबर को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के खोरठा विभाग में मनाया जायेगा।

### गरीब बच्चियों की शादी में मदद करेंगे अविनाश आर्या चंद्रवंशी

बरही। महालक्खी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने जरूरतमंद परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर बहनों और बेटियों की शादी के लिए शादी का जोड़ा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, ऐसी होनहार छात्राएं जिन्होंने 10वीं या 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल किए हैं, उनकी प्रतियोगी परीक्षाओं की मुफ्त तैयारी कराई जाएगी। लाभार्थियों के लिए पात्रता के बारे में बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, जिनके माता-पिता नहीं हैं या पिता नहीं हैं, गंभीर कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे परिवार इसका लाभ उठा सकते है। अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने कहा कि मैं यह वचन देता हूँ कि जरूरतमंद परिवारों का हरसंभव सहयोग करता रहूंगा, जब तक ईश्वर की कृपा और समाज का आशीर्वाद बना रहेगा।

# बीएसएफ का स्थापना दिवस धूमधाम से मना

## मेरू कैंप में सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



दारू। सीमा सुरक्षा बल के 60 वें स्थापना दिवस के मौके पर मेरू कैंप परिसर स्थित अन्नताचारी स्टेडियम में कमलजीत सिंह बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय तथा सहायक प्रशिक्षण केन्द्र के तत्वावधान में बड़ा खाना व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिनकी शुरूआत महानिरीक्षक द्वारा पौधारोपण कर की गई। इस पावन अवसर पर राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक, राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक, देवजीत कुमार प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक, गणेश कुमार, समादेष्टा (एसटीएस), मुकुंद कुमार झा, समादेष्टा (एसटीसी), मेरू परिसर के अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक एवं झारखड के सीमा सुरक्षा बल के सेवा निवृत कार्मिक उपस्थित थे। सीमा सुरक्षा बल 01 दिसंबर 1965 से राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी का निर्वहन भी कर रहा है। बल के संस्थापक केएफ रूस्तम , आईपीएस, प्रथम महानिदेशक के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शिता का करिश्मा, सन 1971 के भारत पाक युद्ध में सीमा सुरक्षा बल के अविस्मरणीय योगदान में दिखा, जहाँ युद्ध में भारतीय सेना के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अभूतपूर्व विजय मे सीमा सुरक्षा बल बराबरी पर खड़ी थी। सीमा सुरक्षा बल के शहीद सीमा प्रहरियों को उनके शौर्य, साहस एवं बलिदान के लिए 01 महावीर चक्र एवं 11 वीर चक्र से नवाजा गया। सीमा सुरक्षा बल कुल 193 वाहिनियों में कार्यरत 2.65 लाख कार्मिकों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आतंरिक सुरक्षा जैसे नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर जैसे राज्यों की दुर्गम पहाड़ियों, छतीसगढ़, ओडिसा के घने जंगलो तथा जम्मु और कश्मीर के बर्फीले इलाकों में नक्सलवाद व उग्रवाद से लड़ने में अपना अहम योगदान दे रहा है, साथ ही वीआइपी सुरक्षा जैसे एनएसजी, एसपीजी एवं संयुक्त राष्ट्र अभियान के विश्वव्यापी सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रहा है। सीमा सुरक्षा बल विश्व के सबसे बड़े बॉर्डर गार्डिंग फोर्स के बहादुर जवानों को तोपखाना, वायु एवं जल स्कंध, उँट एवं श्वानों के दस्ते, कमांडो युनिट, संचार स्कंध बेहतरीन प्रशिक्षण तथा स्वास्थ सेवाओं से मजबूत किया गया है। सीमा सुरक्षा बल के सीमा प्रहरीयों को अब तक उनके कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र की सुरक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने हेतु 01 महावीर चक्र, 13 वीर चक्र, 04 कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मेडल, 232 पीपीएमजी एवं 968 पीएमजी दिए जा चुके है। सीमा सुरक्षा बल के 60 वें स्थापना दिवस के इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए मेरू कैंप सीमा सुरक्षा बल के द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बड़े खाने के साथ-साथ सीमा सुरक्षा बल की जॉज एवं ब्रास बैंड की धुन व सीमा प्रहरीयों के सीमा सुरक्षा बल गान, देशभक्ति गीत व नृत्य देखते ही बनते थे। समस्त मेरू परिवार व बल के सेवा निवृत कार्मिकों ने बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से सी0सु0बल स्थापना दिवस मनाया। मौसमी प्रमाणिक, वरिष्ठ बावा स्दस्य के तत्वावधान में मेरु परिसर स्थित परिवार कल्याण केन्द्र में बावा स्दस्यों और परिसर एवं उसके आस-पास रह रही वीरांगनाओं के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम व बडे खाने का आयोजन किया गया। सभी वरिष्ठ बावा सदस्य एवं प्रहरी संगिनियां कार्यक्रम में शामिल हुई। महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल ने कहा कि आज का दिन हर एक सीमा प्रहरी व उनके परिजनों के लिए हर्ष का दिन है। सीमा सुरक्षा बल जो कि भारत की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में अतंर्राष्ट्रीय सीमाओं व आतंरिक सुरक्षा में अपनी अहम भुमिका प्रदान कर रहा है, बल का प्रत्येक कार्मिक राष्ट्र की सुरक्षा में अपना अहम योगदान दे रहा है।

# कुजू के पिंडरा में 35 टन अवैध कोयला जब्त

## कई स्थानों पर चल रहा है अवैध कारोबार

खबर मन्त्र संवाददाता



कुजू। कुजू कोयलांचल में एक बार फिर से कोयला तस्करों द्वारा अवैध कोयला का कारोबार को चालू कर दिया गया है। पूरे चुनाव में कोयला तस्कर जमकर अवैध कोयला का कारोबार कर खूब चांदी काटा। लेकिन चुनाव खत्म होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत पिंडरा परियोजना की ओबी डंप के पीछे जंगल से कुजू ओपी पुलिस ने लगभग 35 टन कोयला जब्त किया। पुलिस अधीक्षक को कुजू ओपी क्षेत्र के पिंडरा परियोजना में ओबी डंप के पास कोयला तस्करों के द्वारा जंगल में कोयला जमा किये जाने की सूचना मिला। इस पर उन्होंने त्ववरित कार्रवाई करते हुए ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को छापामारी करने का निर्देश दिया। निर्देश के बाद उन्होंने पुलिस बल और सीसीएल सुरक्षा कर्मियों के साथ जंगल में छापामारी कर लगभग 35 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया। जब्त कोयले को सीसीएल प्रबंधन को सौंप दिया गया। साथ ही जंगल के पास अवैध कोयले के मुहानों को डोजरिंग कर बंद कर दिया गया। इधर मामले को लेकर क्षेत्र के कुजू पुलिस द्वारा कोयला तस्करों के विरूद्ध मामला करने की प्रक्रिया जारी थी।

मौके पर कुजू पुलिस के अलावे सीसीएल सुरक्षा विभाग के हेमंत सिंह, रॉकेट मुर्मू, बिट्टू बंगाली, शंकर राम, मोइन खान, नागेश्वर मुंडा सहित कई सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। क्षेत्र तोपा, पिंडरा, करमा, हेसागढ़ा, लकड़ी गेट, छोटकी डूंडी, महुआ टुंगरी आदि स्थानों में कोयला तस्कर अवैध मुहाना बनाकर अवैध कोयला का कारोबार करने में जुटे है। पूरे चुनाव में कोयला तस्कर जमकर कोयला की चोरी कर खूब चांटी काटी। वहीं पास के फैक्ट्री में भी रात के अंधेरे में हाइवा व डंपरों से कोयला गिराया जा रहा है। स्थानीय फैक्ट्री के मिली-भगत के कारण ही कोयला तस्कर अपनी कामों को अंजाम देने में सफल हो रहे है। पुलिस प्रशासन के द्वारा छिटपुट कार्रवाई के बाद कोयला तस्कर कुछ दिन के अंदर ही दोबारा अवैध कोयले का कारोबार करने में जुट जाते है।

कोयला तस्करों को भी पता है पुलिस प्रशासन कुछ दिन तक ही एलर्ट में रहती है। इसके बाद ढिलाई मिलते ही दोबारा काम शुरू हो जाता है। कोयला तस्कारों के के मनोबल को भी दाद देना होगा। जो बिना पुलिस प्रशासन के भय के आराम को अवैध कोयला का कारोबार करने में जुटे है।

### होटल वेव्स के मालिक के घर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

रामगढ़। होटल वेव्स के मलिक संजीव चड्ढा के आवास में 28 नवंबर को लाखों की चोरी करने वाले आकाश धनक को पुलिस ने मप्र से किया गिरफ्तार। धनक सात तक होटल वेव्स में काम किया था, लेकिन तीन माह पहले उसने काम छोड़ दिया। इसके बाद वह होटल पर नजर रखने लगा। होटल मालिक का परिवार कब कहां जाता था इसकी जानकारी वह होटल वेव्स के एक स्टाफ से लेने लगा। संजीव चड्ढा अपने परिजनों के साथ एक विवाह समारोह मे शामिल होने के लिए चार दिनों के लिए बाहर गए। साथ ही होटल वेव्स के बगल में भी शादी समारोह का आयोजन हुआ था। जिसका फायदा उठाते हुए आकाश धनक ने होटल वेव्स के मालिक के आवास में चोरी की। 29 नवंबर को जब संजीव चड्ढा अपने घर लौटे तो घर में बिखरे पड़े सामान को देखकर हक्का बक्का रह गए। उन्होंने देखा की घर की आलमारी टूटा हुआ है। साथ ही अलमारी में रखे नकद 20 लाख रूपए और सोना, चांदी और हीरे के गहने गायब हैं। संजीव चड्ढा ने थाना में आवेदन दिया। पुलिस ने कांड संख्या 370/24 दर्ज कर अनुसंधान आरंभ किया।

### विधायक मनोज यादव को कई लोगों ने दी बधाई

बरही। भाजपा के बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने क्षेत्र में एक नई राजनीतिक लहर बनाई है। उनकी इस ऐतिहासिक जीत के बाद रविवार को उनके आवास पर समर्थकों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। विधायक के आवास पर भाजपा कार्यकताओं, सामाजिक कार्यकताओं और आम जनता पहुंचकर उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान शुभचिंतकों ने बुके और मिठाइयों के साथ अपने नेता का स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।बरही के भाजपा कार्यकताओं ने विधायक मनोज यादव को उनकी जीत पर बधाई देते हुए कहा कि यह जीत क्षेत्र में विकास और परिवर्तन का प्रतीक है। विधायक ने समर्थकों और क्षेत्रवासियों का धन्यवाद करते हुए कहा, यह जीत मेरी नहीं, बल्कि बरही की जनता की है। मैं क्षेत्र के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करूंगा।

### कांग्रेस नेताओं ने की चुनाव समीक्षा

बरही। बरही आवास पर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कांग्रेस नेताओं के साथ चुनाव हार पर समीक्षा बैठक की। जिसकी अध्यक्षता बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी व संचालन पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता ने किया। समीक्षा में मुख्य रूप से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजाम उद्दीन, कांग्रेस नेत्री साबी देवी, जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तोखन रविदास, चन्दवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, चौपारण प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष बैजू गहलौत, बरही प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, जिला सोशल मीडिया सेल हेड उदय केशरी मौजूद थे। समीक्षा में कांग्रेस कार्यकताओं ने अपना विचार रखते हुए कहा कि समय कम रहने के कारण सभी वोटर तक नहीं पहुंच पाए, जिसका कारण रहा कि वोटर हमलोग को वोट नहीं कर पाए, लेकिन इन सभी चीजों को सुधार कर एक एक जनता तक पहुंच कर कांग्रेस और हमारे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विचारधारा को जन जन पहुंचायेंगे और अगली बार बड़ी जीत हासिल करेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने कहा कि बरही विधानसभा की जनता ने जो बड़ा जनादेश मिला है, इसके लिए सभी को पुनः आभार व्यक्त किया और कहा कि चुनाव में जहां भी हमलोगों से गलती हुई है उस पर सुधार करेंगे। बरही की जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे, सरकार हमारी इंडिया गठबंधन कांग्रेस की हैं, किसी भी कार्यकर्ता को किसी प्रकार की कोई समस्या और दिक्कत नहीं होगी। कार्यकर्ताओं के सुख दुख में हमेशा शामिल रहूंगा।

### डीएवी तापिन नॉर्थ के छात्रों का एथलेटिक्स और कबड्डी में चयन

चरही। सीसीएल डीएवी तापिन नॉर्थ आरआरडब्लू, प्रेमनगर के छात्रों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अंतर्गत राज्य स्तरीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें तापिन नॉर्थ डीएवी के कुछ छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी एवं एथलेटिक्स के लिए हुआ है। चयन किए गए छात्र प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली गए हैं। राज्य स्तरीय एथलीट्स में प्रेम कुमार को गोल्ड मेडल जीते है।

दिल्ली जाने वाले छात्रों में एथलेटिक्स ( शॉटपुट थ्रो) अंदर 17 प्रेम कुमार, दसवीं कक्षा, कबड्डी अंदर 14 में अभिजीत कुमार, और अंकुश कुमार आठवीं कक्षा के छात्र हैं। वहीं कबड्डी अंदर 17 में अशीष कुमार, आठवीं कक्षा एवं नमन ऋषि, दसवीं कक्षा का चयन किया गया है। इस सफलता पर डीएवी स्कूल के प्राचार्य मनोरंजन देवनाथ, पीईटी बृजेश कुमार सिन्हा, हिंदी शिक्षण बिंदेश्वर पंडित सहित छात्रों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया है। इस आशय कि जानकारी डीएवी तापिन नॉर्थ के प्राचार्य मनोरंजन देवनाथ ने दी।

# एनटीपीसी मैती में खुला कौशल विकास केंद्र

## महिला को दी जायेगी ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता




बड़कागांव। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने शनिवार को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। एनटीपीसी माइनिंग और इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (मैती) में आयोजित कार्यक्रम में पकरी बरवाडीह ने जागृति महिला संघ के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं और स्कूल की लड़कियों के लिए कई कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया।

कार्यक्रमों में लाह से चूड़ियां बनाने, हस्तनिर्मित हर्बल साबुन बनाने,जैविक मसालों और मिलेट पाउडर का प्रसंस्करण जैसे कौशल विकास पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सोहराई-कोहवर पेंटिंग पर प्रशिक्षण युवा लड़कियों के लिए डिजाइन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति महिला संघ की अध्यक्षा तजीन फैज,उपाध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना,परियोजना उप महाप्रबंधक एस.के. सेनापति ने शिरकत की। झारखंड सरकार के टूल रूम रांची की ओर से एनटीपीसी मैती के इंजीनियर मिथलेश उपाध्याय ने ऑनरिंग एक्सीलेंस पुरस्कार से जागृति महिला संघ की अध्यक्षा को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि तजीन फैज ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की और इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों के महत्व को बताया। कार्यक्रम का समापन आयोजकों द्वारा प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## एक नजर में

### चौपारण में अतिक्रमण को लेकर सीओ ने व्यवसायी एकता मंच के साथ की बैठक



चौपारण। अंचल परिसर में चौपारण प्रशासन और व्यवसायी एकता मंच के साथ बैठक कर जीटी रोड किनारे अस्थायी अतिक्रमण को लेकर गंभीरता से विचार बिमर्श किया गया। सीओ संजय यादव ने कहा कि रोड के दोनों ओर अस्थायी तौर पर अतिक्रमण है। बैठक के दौरान लोगों ने कहा कि अतिक्रमण को लोग द्वारा खुद हटा लिया जायेगा। सभी लोगों ने जल्द निर्माण कार्य आरंभ करने की भी मांग की। निर्माण कार्य सालों से बंद है जिस वजह से दुर्घटना हो रही है। वही एनएचएआई के अभियंता मुकेश कुमार ने कहा कि एक सप्ताह के बाद रोड के दोनों ओर पहले नाली निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा। इसके लिए सामान भी साइड पर गिरना शुरू हो गया है। बैठक में निर्णय लिया गया की बाजार में स्पीड कंट्रोल के लिए आवश्कता अनुसार स्पीड ब्रेकर और रेडियम वाला एरो लगाया जायेगा। व्यवसायी यों ने निर्माण के पांच साल बाद भी साईन बोर्ड नहीं लगाये जाने की बात रखी।कहा कि सडक किनारे गति सीमित करने, निर्माण कार्य जारी के संदेश पट्ट लगाये जाने चाहिए। जगह जगह घनी आवादी वाले क्षेत्रो में वाहन धीरे चले और घाटी में रेडियम वाला एरो लगाने की मांग की गई। इस बैठक में सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, एनएचएआई के मुकेश कुमार, व्यवसायी एकता मंच के अध्यक्ष शंकर यादव, मुखिया बिनोद सिंह, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, रामस्वरूप पासवान, पूर्व मुखिया शौकत खान, मुखिया जानकी यादव,विकाश यादव सोनू सिंह, रिशु बर्णवाल, रोहित जैन, दिलीप केशरी, प्रकाश केशरी, रंजीत केशरी, विक्रम सिंह,अनिल बरनवाल, सुधीर केशरी, सागर केशरी सहित कई व्यवसायी उपस्थित थे।
१ है पी २ : बैठक में शामिल लोग

### विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की चैन्नई में मौत

विष्णुगढ़। बिष्णुगढ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबर फुसरो निवासी कोकील महतो के पुत्र सरजू कुमार महतो की चैन्नई में मौत हो गयी ।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं। गांव वाले भी शोक में हैं। मृतक सरजू कुमार महतो चैन्नई में इलेक्ट्रो स्टील टेस्टिंग राधा रानी इंटरप्राइजेज कंपनी में काम करता था ।वह घर का एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने से चैन्नई से शव लाने में असमर्थ हैं। इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने सरकार से चैन्नई से उचित मुआवजे के साथ शव लाने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है ।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है ।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। सरकार को झारखंड ने ही रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

### औने-पौने दाम में धान खरीद रहे बिचौलिए

चरही। चुरचू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में धन कटनी चालू है ।वहीं बिचौलिए वाहन को लेकर सुबह-सुबह धान खरीदने के किसानों के घर तक पहुंच जा रहे हैं ।क्षेत्र के किसान बताते हैं कि बिचौलियों के हाथों मजबूरन अपने धानों को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है ।बिचौलिए किसानों से 15 से 16 रुपए प्रति किलो के हिसाब से धान को खरीद कर ले जाते हैं ।तौल में भी धान को मार लिया जाता है ।किसानों का यह भी कहना है कि अगर धान को पैक्स में बेचते हैं, तो इसका मूल्य समय पर नहीं मिल पाता है ।इसमें भी कटौती किया जाता है ।जिस कारण किसानों को अपने धानों को मजबूरन बिचौलियों के हाथों बेचना पड़ता है ।क्षेत्र के किसान बताते हैं कि अगर पैक्स धानों के मूल्य को सही समय पर भुगतान करे तो किसान अपने धानों को पैक्स को बेच सकते हैं ।ताकि बेचे गए धान के मिले रकम से अन्य फसल को लगा सके ।धान को खरीदने के लिए बिचौलिए प्रखंड के प्रत्येक गांवों में वाहन को लेकर घुमते नजर आते हैं। बिचौलिया सुबह से लेकर देर शाम तक धान को खरीददारी करते हैं।

### लिपिक अरविंद कुमार सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई

हजारीबाग। प्लस टू हाई स्कूल कटकमसांडी के माध्यमिक स्थापना के वरीय लिपिक अरविंद कुमार शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सम्मान-सह-विदाई समारोह का आयोजन किया। मौके पर प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने शॉल व पुष्पगुच्छ भेट कर उनके स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी। कहा कि सेवानिवृत्ति तो सिर्फ सरकार के कार्यों के दायित्वों से मुक्त होना है लेकिन श्री कुमार हमेशा हमारे दिलों में बसे रहेंगे। बता दें कि इन्होंने 42 साल की निर्बाध सेवा पूरी की जो संतोषजनक रहा। विद्यालय शिक्षक डॉ मैनेजर नाथ पांडेय ने उनके उज्ज्वल जीवन की कामना की साथ ही अच्छे कार्यों का सराहना भी की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक इमरान अयूब हुसैनी ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक उत्तम सिंह, अशोक कुमार, विकास कुमार, अजय बैठा, सुरेश कुशवाहा, मुकेश गोप, रवीश कुमार, सौरव खत्री, निरंजन रवानी, सुजाता, प्रमिला, सादा सदफ, लिपिक कंचन कुमार अनुसेवक अनिरुद्ध प्रसाद ओझा ने अहम भूमिका निभाई।

### मुआवजा नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश

चौपारण। वर्ष 2004 के जीटी रोड फोर लेन निर्माण के बाद भी बाजार में कई लोगों का अधिगृहित भवन तथा भूमि का मुआवजा भुगतान नही हुआ। इसे लेकर कई बार संबंधित लोगों ने प्रशासन को जानकारी दी बावजूद सुनवाई नहीं हुई। इसे लेकर कई भुक्तभोगी ने सीओ तथा एन एच के अधिकारी के समक्ष आपत्ति जताई। सीओ संजय यादव ने संबंधित शिकायतकर्ताओं को आवेदन देने की बात कही। इस दरम्यान स्थानीय लोगों ने शिकायत की चौपारण बाजार के बजरंग बली मंदिर, चतरा मोड के देवी मंडप, जैन मंदिर का मुआवजा का भुगतान नही हुआ है। धार्मिक स्थलों का मुआवजा नहीं मिलने से लोगों में आक्रोश है।

### गरजामो के छात्र बने हाफिज-ए-कुरान

बरही । गरजामो गांव के छात्र शबान रजा ने पूरे 30 पारे कुरान को जुबानी याद कर हाफिज-ए-कुरान बनने का गौरव प्राप्त किया। उनके इस धार्मिक और विद्वतापूर्ण उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा गांव गर्वित हुआ। हाफिज बनने के बाद शबान रजा जब गांव लौटे, तो गांववासियों ने भव्य स्वागत किया। शबान रजा जो तफाजूल अंसारी के पुत्र हैं, उन्होंने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनके गांव लौटने पर गाजे-बाजे और फूल-मालाओं के साथ सम्मानित किया गया। स्वागत समारोह में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रमजान अंसारी, और कई अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद थे। इसके अलावा मुफ्ती मुजाहिद साहब, मौलाना मो. सुलेमान साहब, मौलाना व कारी जसीम मिसवाही साहब, हाफिज अब्दुल गनी साहब, महताब आलम, अफजल अंसारी, अब्दुल लतीफ, सोबरती मियां, मो. ताजीम, रियाज अंसारी और साबिर मियां उपस्थित रहें। अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मो कयूम ने शबान रजा की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल व्यक्ति विशेष को गौरवान्वित करती हैं, बल्कि पूरे समुदाय के लिए गर्व का विषय होती हैं। शबान रजा ने अपने संबोधन में अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं और अल्लाह की कृपा को दिया। गांववासियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

स्पीड न्यूज

## पुलिस के प्रयासों के बावजूद अफीम की तस्करी जारी

**चतरा।** जिले में पुलिस के लाख प्रयासों के बाद भी अफीम की तस्करी का कारोबार फलफूल रहा है। पुलिस इन तस्करों पर लगाम लगाने में पूरी तरह से सफल नहीं हो पा रही है। इस वर्ष भी जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में हजारों एकड़ वन भूमि पर अफीम की खेती युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। अब तस्कर वन विभाग के ऐसे भूमि का चयन करते हैं जहां पुलिस को पहुंचने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अफीम की खेती अब अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग नक्सली संगठनों के संरक्षण में किया जा रहा है। यहां अफीम से ब्राउन शुगर बनाने का कारोबार भी तेज हो गया है और नशे के कारोबारी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली सहित अन्य जगहों पर मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार हो चुके हैं। पुलिस ने पिछले एक वर्ष में लगभग डेढ़ सौ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और भारी मात्रा में ब्राउन शुगर और अफीम बरामद की है।

## बन रही सड़क पर पानी के छिड़काव में बरती जा रही है लापरवाही

**चतरा।** सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के बगरा से चतरा तक बन रही सड़क पर निर्माण कार्य में लगी कंपनी द्वारा पानी का छिड़काव नहीं किए जाने के कारण धूल का गुबार उठ रहा है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी हो रही है और यात्रियों को सफर करने में दोगुना समय लग रहा है। कंपनी केवल उसी दिन सड़क पर पानी का छिड़काव करती है जिस दिन किसी बड़े अधिकारी का उस सड़क से गुजरना होता है।

## टंडवा प्रखंड में अवैध खनन और कोयले की तस्करी जारी

**चतरा।** टंडवा प्रखंड में बालू माफिया बेखौफ होकर अवैध खनन और बालू चोरी कर रहे हैं। शहीद चौक के रास्ते से रात के अंधेरे में अवैध रूप से बालू लदे कई ट्रैक्टर देखे गए हैं। बालू माफिया मौका देखकर बालू लदे ट्रैक्टर का परिचालन करते हैं और निगरानी भी करते हैं। मौका मिलते ही वे बालू का ढुलाई शुरू कर देते हैं। वहीं, मगध आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में भी कोयला तस्कर बेखौफ होकर कोयले की तस्करी कर रहे हैं, क्योंकि स्थानीय प्रशासन मौन है।

## एड्स दिवस पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड के द्वारी पंचायत गांव के भंडार चौक में रविवार को एड्स दिवस के अवसर पर कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है और इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतना आवश्यक है। लोगों को असुरक्षित यौन शोषण से बचने, एड्स पीड़ितों के रक्त को किसी स्वस्थ व्यक्ति को चढ़ाने से बचने और एक ही सुई से दो लोगों को इंजेक्शन न लगाने के लिए कहा गया। साथ ही, शिविर में 14 दिसंबर 2024 को लगने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जानकारी दी गई। शिविर में गिद्धौर प्रखंड के पीएलभी शम्भु कुमार राणा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्राम संगठन का बैठक हुआ संपन्न

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के सलगा गांव में जेएसएलपीएस के तहत ग्राम संगठन सलगा प्लस कटघरा की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम निर्णय लिया गया कि समूह के तहत जितने भी समुह लोन लिए हैं और जो समय से वापस नहीं कर रहे हैं उन्हें लिया हुआ कर्ज का ब्याज ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा, इसलिए समय-समय से लिया हुआ कर्ज वापस करें और समूह का सिस्टम सुरक्षित रखें। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रवि फसल में लगाए जाने वाले फसल पैंच में लगावे, इस तरह खेती लगाने से किसानों को अनेकों फायदा दिखेगा जैसे खेत चरने से बचेगा, खेत में कीड़ा कम लगेंगे। बैठक में अन्य कई बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

### सदर अस्पताल में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

# जागरूकता ही एड्स का मुख्य इलाज है : डॉ. अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व एड्स दिवस पर सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में सदर अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा टेक द राइट पथ थीम पर आधारित रंगोली बनाया गया, तो वहीं सदर अस्पताल के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों ने लाल रिबन धारण किया। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि जनजागरूकता से ही एड्स पर अंकुश लगाया जा सकता



है। इस रोग के प्रति जितना लोग जागरूक होंगे, उतना ही इसका प्रसार कम होगा। वहीं उन्होंने कहा कि एड्स से बचाव को लेकर विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने स्कूली बच्चों और लोगों के बीच एड्स जागरूकता से सम्बंधित सामाग्री का वितरण किया और अन्य लोगों के बीच जागरूकता फैलाने की अपील की। मौके पर डीएस डॉ. मनोज कुमार, डीटीओ डॉ.रमण कुमार, डॉ.सुनील कुमार, डॉ. संदीप कुमार, डीपीएम महेश कुमार, डीपीसी आभा.सुमित कुमार, आईसीटीसी आर्ट कर्मी, एनजीओ के सदस्य एवं सभी स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### हमदर्द कमेटी ने जीवोदया होली फैमिली में किया कम्बल वितरण

# गरीबों की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म व पुण्य का काम : सईद नसीम





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। असहाय लोगों को ठिठुरते हुए रात न गुजारनी पड़े। बहुत से गरीब इन सर्दी की रातों में गर्म कपड़े के बिना कांपते रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को समझते हुए नेक कार्य के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कम्बल आदि का वितरण कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। ऐसे ही एक संस्था हमदर्द कमेटी जो गरीबों के मदद के लिए सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। इसके लिए सीमा सुरक्षा बल की स्थापना दिवस पर हमदर्द कमेटी के संस्थापक सह कांग्रेस नेता सईद नसीम उनके पिता मो. सरफुद्दीन उनकी समाजसेवी पत्नी नाजिया खातून के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने जीवोदया होली फैमिली में गरीब असहाय व मानसिक रोगियों, बुजुर्गों और गरीब बच्चों के बीच गर्म कम्बल, मौजा और खाद्य सामग्री बांटे। संस्था की और से जीवोदया के अंदर रह रहे 100 लोगों में वितरित किए गए। वहीं ठंड की शुरुआत में कंबल पाकर गरीब बच्चे व असहाय लोगों के चेहरे खिल उठे। वहीं सईद नसीम ने कहा कि गरीबों के लिए सर्दी का मौसम काफी कष्टप्रद रहता है, गरीब की सहायता करना सबसे बड़ा धर्म व पुण्य का काम है। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा की जो लोग जिन गर्म वस्त्रों को वह अपने प्रयोग में नहीं ला रहे हैं ऐसी वस्त्रों को अपने आस-पास के गरीब लोगों को देकर सहयोग करें, ताकि वे भी ठंड से अपनी बचाव कर सकें। वहीं जीवोदया संस्था के इंचार्ज सिस्टर रानिटा व कमेटी के सदस्य नदीम खान, मुन्ना यादव, समीर अहमद, वाजिद, मो. फैयाज वाजिद अली, मो. मुजाहिद, राजू कुरेशी, गुड़िया कुमारी, फज़ा सईद, विकाश कुमार, मो. जावेद उर्फ पप्पू, फरहान, माया सिंह, मो. मुमताज मो. नियाज, राजेश तुरी, रवि गुप्ता, मो. एहसान समेत कई लोग मौजूद थे।

## आधुनिक समाज के लिए बाल विवाह अभिशाप : अश्विनी

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रधानाचार्य अश्विनी तिवारी ने कहा कि आज के युग में जब महिलाएं पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर देश और दुनिया में अपनी एक अलग छाप छोड़ने में सफल हो रही है, तो दूसरी तरफ आज भी देश के कई हिस्सों में बाल विवाह जैसे कुप्रथा प्रचलित है, यह सिर्फ आधुनिक और सभ्य समाज के लिए ही अभिशाप नही है, बल्कि बच्चियों से उनका बचपना छीना जा रहा है, खेलने, कूदने और पढ़ने के उम्र में उन पर जिम्मेवारियों का बोझ डाला जा रहा है। इस पर अंकुश लगाने के लिए समाज के सभी वर्गों व समुदायों को आगे आने की जरूरत है, कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य श्री तिवारी ने छात्र छात्राओं को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलवाया और कहा कि विवाह के लिए न्यूनतम उम्र लड़कियों के लिए 18 वर्ष और लड़कों के लिए 21 वर्ष है, इससे कम उम्र में विवाह कानूनन अपराध है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रीति कुमार वर्मा, पिंटू साव, पूजा कुमारी, राधा यादव, छाया देवी के अलावे रजनी कुमारी, इरशाद आलम, संजीत भारती, मंटू कुमार, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

## रेलवे ने अभियान चला वसूला पांच लाख जुर्माना




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाने पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न टीमों ने धनबाद मंडल के कोडरमा, गोमो, चंद्रपुरा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में जांच की, इस दौरान 1044 यात्रियों को पकड़ा गया, इसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गये सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री शामिल थे। उक्त लोगों से पांच लाख 18 हजार 185 रुपया जुर्माना वसूला गया। चेकिंग अभियान में 143 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। टीम ने स्टेशनों और विभिन्न मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की।

वहीं वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार के अनुसार इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है, ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें एवं उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करनेवाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय में शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें निवर्तमान सीआई दिनेश राम को भावभीनी विदाई दी गई वहीं नये सीआई अजीत कुमार साव का स्वागत किया गया। समारोह की अध्यक्षता सीओ परमेश्वर प्रसाद कुशवाह ने किया। कार्यक्रम में बीडीओ हुलास महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं सीओ परमेश्वर प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि हर विदाई का क्षण दुखदायी होता है। स्थानांतरण तो सरकारी नियम है, जिसे एक न एक दिन सभी सरकारी कर्मी को होकर गुजरना पड़ता है। वहीं उन्होंने सीआई दिनेश कुमार राम के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

वहीं बीडीओ हुलास महतो ने कहा कि दिनेश राम के कार्यों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है, वे कार्य को उत्तरदायित्व समझकर पूरा करते थे और सफलता उनके कदम चूमती थी। वहीं नव पदस्थापित सीआई अजीत कुमार साव ने कहा कि निवर्तमान सीओ द्वारा सेवा काल में किये गये कार्यों को आम जनता के विश्वास पर आगे बढाने का प्रयास करुंगा।

वहीं अवकाश प्राप्त सीआई ने कहा कि अगर निष्ठा एवं समर्पण हो तो सभी कार्य सहज हो जाता है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी, कर्मी व आमलोगों का कार्य और दायित्व निर्वहन में मिला सहयोग कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौक पर अंचल व प्रखंड के सभी कर्मी मौजूद थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एनटीपीसी में 50वां स्थापना दिवस

### संस्कृति कार्यक्रम की आयोजन में दर्शकों ने खूब उठाया लुफ्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** बीते शनिवार देर शाम नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर (एनटीपीसी) ने अपना 50वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर एनटीपीसी परिवार ने इंडियन आइडल सीजन 12 के प्रतिभागी अरुणिता कांजीलाल और पवनदीप राजन को आमंत्रित किया, जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से लोगों का मन मोह लिया। अरुणिता कांजीलाल ने इस सीजन में दूसरा स्थान प्राप्त किया था, जबकि पवनदीप राजन ने





खिताब जीता था। कार्यक्रम में एनटीपीसी के एचओपी एसके सुवार, चतरा जिला शिक्षा विभाग के दिनेश मिश्रा, टंडवा अंचलाधिकारी विजय दास केरेडारी, एनटीपीसी के एचओपी शिव प्रसाद चट्टी, बरियातू के एचओपी नवीन गुप्ता, टंडवा एनटीपीसी एचआर के नीरज राय, धीरज गुप्ता, अभिषेक आनंद और जीप सदस्य सुभाष यादव समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

एक नजर में

## विधायक जनार्दन पासवान पहुंचे कुंदा, शोकाकुल परिवार से मिले किया सहयोग



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** रविवार को कुंदा पहुंचे विधायक जनार्दन पासवान का एनडीए कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। कुंदा निवासी रविन्द्र उर्फ मिसरी साव के आकस्मिक निधन की खबर सुनकर उनके घर पहुंचे विधायक ने श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

विधायक ने कई कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों और महिलाओं से मिलकर जीत दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों में सड़क, पुल-पुलिया, पेयजल और बिजली की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। मुखिया और ग्रामीणों ने सड़क बनाने के लिए आवेदन दिया, जिसमें कई सड़कों के निर्माण की मांग रखी गई। विधायक ने कहा कि उनके कार्यकाल में सभी सड़कें बनेंगी और क्षेत्र में बिजली के अधूरे काम को भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहु, अखिलेश प्रसाद यादव, मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता, गंदौरी साव, मनोज यादव, प्रमोद गुप्ता, लवकुश गुप्ता, राजू वर्मा, अशोक ठाकुर, कृष्णा गुप्ता और मनोज गुप्ता उपस्थित थे।

## विधायक जनार्दन पासवान ने एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



**हंटरगंज।** रविवार को हंटरगंज प्रखंड मुख्यालय +2 हाई स्कूल के खेल मैदान में एचपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विधायक जनार्दन पासवान ने फीता काटकर और बैटिंग करके किया। टूर्नामेंट का पहला मैच बारहगावां और कोसमा (बिहार) के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर बारहगावां टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 111 रन बनाए। जवाब में उतरी कोसमा (बिहार) टीम ने 115 रन बनाकर जीत हासिल की। बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले गुड्डन आलम को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिन्होंने 4 गेंदों में 13 रन बनाए और 3 ओवर में 4 विकेट लिए। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, युगल किशोर सिंह, प्रभात चौरसिया, अपु आर्या, संतोष कुमार सिंह, श्यामदेव यादव, बेचन पासवान, नीरज लाल और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और प्रखंडवासी दर्शक उपस्थित थे।

## जेंडर आधारित हिंसा पर जिला स्तरीय संवाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सृजन महिला विकास मंच और क्राइ के तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ वसुंधरा गार्डन में 16 दिवसीय जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और किशोरियों ने भाग लिया। वहीं कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार, जिप सदस्य शांति प्रिया, लक्ष्मण यादव व डीसीपीओ संतोष ठाकुर ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया।

मौके पर सृजन महिला विकास मंच की सचिव नरगिस ने कहा कि सृजन महिला विकास मंच पिछले कई वर्ष से महिलाओं और किशोरियों के हक, अधिकार, शिक्षा के लिए कार्य कर रहा है। जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में महिलाओं और किशोरियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कहा कि महिलाओं और युवतियों के हक, अधिकार और विकास के लिए मंच बेहतर कार्य कर रहा है। वहीं जिप सदस्य शांति प्रिया ने कहा कि आज के आधुनिक युग में पुरुषों के कंधे से कंधा मिला कर महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन की बदौलत अपनी प्रतिभा को साबित कर रहीं हैं, इसके बावजूद आज भी महिलाएं और युवतियां किसी न किसी प्रकार की हिंसा का शिकार होने को मजबूर है। वहीं अधिवक्ता सुमन जायसवाल ने महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा व विकास के लिए अदालत द्वारा उपलब्ध सुविधाओं तथा कानूनी अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दिया। मौके पर अर्चना ज्वाला, प्रियंका कुमारी, अनिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## हंटरगंज में संविधान यात्रा सह सभा समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवादाता

**हंटरगंज।** हंटरगंज में राष्ट्रीय महिला समिति के द्वारा संविधान - यात्रा धूम-धाम से निकाली गई। जहां महिलाओं ने जमकर जय भीम का नारा लगाया।

यह यात्रा गोदोबार से शुरू होकर किसान भवन पहुंची। जहां आयोजित सभा समारोह मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जनार्दन पासवान शामिल हुवे इस अवसर पर लोगों ने संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर सादर नमन किया और संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप राष्ट्र की एकता, अखंडता और दृढ़ संकल्प होकर कार्य करने की शपथ ली। वही सभा को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित विधायक पासवान ने कहा कोई भी देश संविधान पर चलता है। कोई भी देश की विकास के लिए शिक्षा अतिआवश्यक है सभी लोगों से आग्रह होगा कि अपने बच्चों को शिक्षित अवश्य करें।

मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, मंडल अध्यक्ष अरुण चौरसिया, जुगल किशोर सिंह, संतोष कुमार सिंह, गुंजीत कुमार सिंह, जयहिंद पासवान, वेचन पासवान, रौशन सिंह प्रमोद सिंह, संजय पासवान, नागेंद्र यादव, कृष्णा सिंह समेत सैंकड़ों संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।


स्पीड न्यूज



## बड़ा गोविंदपुर में माहवारी जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जमशेदपुर।** रविवार को बड़ा गोविंदपुर में महिलाओं के बीच मासिक चक्र जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विश्व जन सेवा ट्रस्ट की ओर से डॉक्टर मनीष झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने जाना कि कैसे मासिक धर्म के दौरान बीमारियों से बचा जा सकता है और मासिक धर्म के समय कैसे एक सहज जीवन जी सकते हैं। साथ ही मासिक धर्म से संबंधित फैले कुरीतियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में जागरूकता के साथ–साथ महिलाओं ओर किशोरियों को प्रजेक्ट बाला का बार बार उपयोग वाला पैड निशुल्क दिया गया। पैड पाकर सभी बहुत खुश हुई। कार्यक्रम में दुर्गी हेंब्रम और उर्मिला हेंब्रम ने सहयोग दिया।

## रसिक लाल की स्मृति में 35 नेत्र रोगियों का हुआ ऑपरेशन



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम,राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 748वां नेत्र शिविर छगनलाल दयालजी सन्स लि. के सीएसआर कार्यक्रम के तहत स्व.रसिकलाल छगनलाल आडेसरा की स्मृति में बागबेडा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित नेत्र शिविर के अपरेशन सत्र के दौरान 35 नेत्र रोगियों का अपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण लोहिया नेत्रालय के अपरेशन थियेटर में नेत्र चिकित्सक ड.बी.पी. सिंह, ड.भारती शर्मा, ड.पूनम सिंह, ड.विवेक केडिया, ड.राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा किया गया। शिविर का संचालन रेड क्रस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया, इस अवसर पर समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह, ड.मोहन ठाकुर, राकेश मिश्र, किशन अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित थें।

## राजस्थान मैत्री संघ ने बांटे कंबल और शॉल

**गम्हरिया।** राजस्थान मैत्री संघ जमशेदपुर की ओर से गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत डुमरा पंचायत के सुदूरवर्ती गांव खुदीबेड़ा में ग्रामीणों व बच्चो के बीच कम्बल, शल और मौजा का वितरण किया गया। इस दौरान करीब चार सौ ग्रामीणों को कंबल तथा करीब दो सौ बच्चों को शाल व मौजा उपलब्ध कराया गया। मौके पर संस्था के मनीष जैन ने बताया कि यह संस्था विगत चालीस वर्षों से गांव–गांव जाकर असहाय व गरीबों की मदद कर रहा है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# जमशेदपुर एफसी और मोहम्मडन एससी के बीच रोमांचक मुकाबला आज



मैच की पूर्व संध्या पर प्रैक्टिस करती जमशेदपुर की टीम।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 2 दिसंबर को शाम 7.30 बजे जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में मोहम्मडन एससी के खिलाफ अहम मुकाबले के लिए तैयार है। दोनों टीमें इंडियन सुपर लीग की तालिका में चुनौतीपूर्ण स्थिति में हैं, जिससे यह मैच उनकी रैंकिंग में सुधार करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बन गया है।

जमशेदपुर एफसी, जो वर्तमान में 8 मैचों में 12 अंकों के साथ 9 वें स्थान पर है, लगातार तीन हार सहित खराब परिणामों के बाद वापसी करना चाहता है। 12वें स्थान पर बैठी मोहम्मडन एससी भी इस मुकाबले को लीग में गति हासिल करने के अवसर के रूप में देखेगी।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने टीम के हालिया संघर्षों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, पिछले तीन मैचों का समग्र प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है - न केवल स्ट्राइकर, डिफेंडर, मिडफील्डर, बल्कि सभी का। मैं उनमें से एक हूं क्योंकि मैं जिम्मेदारी लेता हूं। जमील ने आगामी मैच के महत्व पर जोर देते हुए इसे अपनी टीम के लिए संभावित निर्णायक मोडघ बताया। यह मैच हमारे लिए निर्णायक मोड़ है। शुरू से लेकर आखिर तक हमने जो गलतियां की हैं, उन्हें दोहराना नहीं है। चोट से उबरकर अहम खिलाड़ियों की वापसी से टीम को मजबूती मिली है। जॉर्डन मरे, रित्विक दास और लाजर सभी चयन के लिए उपलब्ध हैं, जिससे टीम को बहुत जरूरी गहराई और अनुभव मिलेगा। जमील को उम्मीद है कि ये वापसी करने वाले खिलाडघे टीम को स्थिरता प्रदान करेंगे और टीम के आक्रमण और रक्षात्मक प्रयासों को और बेहतर बनायेंगे। मोहम्मडन एससी भी एक स्पष्ट मिशन के साथ जमशेदपुर पहुंचेगी। पिछले मैचों में उनकी दृढता घरेलू टीम के लिए आगे की कड़ी प्रतिस्पर्धा का संकेत देती है। जमशेदपुर एफसी जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कम्प्लेक्स में एक रोमांचक माहौल बनाने के लिए प्रशंसकों के जोशीले समर्थन पर भरोसा कर रही है। जमील और उनके खिलाड़ियों ने प्रशंसकों से टीम के पीछे एकजुट होने और उन्हें एक बहुत जरूरी जीत के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया है। खेलने के लिए सब कुछ होने के साथ, यह मुकाबला एक भयंकर मुकाबला होने का वादा करता है, और जमशेदपुर एफसी अपने अभियान को फिर से जीवंत करने वाला प्रदर्शन करने के लिए दृढ़ संकल्पित होगा।

# प्रशासन नो इंट्री का समय नहीं बदला, तो जनता के साथ मैं वाहन रोकूंगा : सरयू राय

- विधायक सरयू राय ने मानगो ट्रैफिक जाम को लेकर फिर की उपायुक्त से बात
- पुलिस-प्रशासन की बैठक का कोई नतीजा नहीं निकला, बमके विधायक

खबर मन्त्र ब्यूरो



जानकारी देते जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** मानगो में ट्रैफिक जाम की समस्या दूर करने के बारे में मैंने आज फिर दूरभाष पर पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से वार्ता किया और कहा कि प्रशासन जाम की समस्या को गंभीरता से ले और उसके लिए ठोस उपाय करे। मैंने उपायुक्त को याद दिलाया कि मैं विगत छह दिनों से इस बारे में जमशेदपुर प्रशासन और पुलिस का ध्यान आष्ट कर रहा हूं पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। दो दिन पहले पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की एक बैठक होने की सूचना समाचार पत्रों से मिली पर उसका भी कोई नतीजा अभी तक नहीं निकला है।

सरयू राय ने कहा, मैंने उपायुक्त से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि प्रशासन सबसे पहले जमशेदपुर में भारी वाहनों के नो इंट्री के समय में बदलाव करे। दिन में किसी भी भारी वाहन को जमशेदपुर में प्रवेश करने की इजाजत न दी जाए। रांची की तरफ से डोभो होकर आने वाले भारी वाहनों तथा सरायकेला की ओर से आने वाले भारी वाहनों को केवल रात में 12 से सुबह 6 बजे तक ही जमशेदपुर में प्रवेश करने की इजाजत दी जाए। दिन में इन वाहनों को जमशेदपुर में, मुख्य रुप से टाटा स्टील की फैक्ट्री में जाने के लिए दी जाने वाली ढील मानगो पुल पर जाम का कारण बन रहा है।

विधायक ने उपायुक्त के ध्यान में यह बात भी लाया कि यदि प्रशासन जमशेदपुर में भारी वाहनों की दिन में इंट्री बंद करने में आनाकानी करेगा तो बाध्य होकर जाम से जूझ रही जनता को खुद आगे आकर दिन में भारी वाहनों की इंट्री बंद करानी पड़ेगी। ऐसी स्थिति में मैं आम जनता के साथ खड़ा रहूंगा, क्योंकि मेरी प्राथमिकता आम जनता को सुविधा दिलाने की है।

सरयू राय ने कहा कि मानगो पुल पर जाम की स्थिति तो चिंताजनक है ही, जमशेदपुर शहर में करीब एक दर्जन अन्य स्थान हैं, जहां यातायात की व्यवस्था का संचालन सुचारू रुप से करने की जरूरत है।

सरयू राय ने यहां जारी बयान में कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिला प्रशासन मानगो पुल और मानगो चौक पर लगने वाली जाम की समस्या से जनता को छुटकारा दिलाने के लिए मेरे उपर्युक्त सुझाव पर गंभीरता से विचार करेगा और एक सप्ताह के भीतर इसे लागू करना सुनिश्चित करायेगा।

## एक नजर में

### फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुईं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता महतो



**चांडिल।** ईंचागढ विधानसभा के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के आदिम सारना सेरसा क्लब रोयाडीह के द्वारा आयोजित एक दिवसीय फुटबल प्रतियोगिता में ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो एवं चांडिल के पूर्व जिला पार्षद सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायेक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस दौरान विधायक एवं ओमप्रकाश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हौसला बढ़ाया। मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य सुधीर किस्कू, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, झामुमो नेता ओम प्रकाश लायेक, सुदामा हेंम्ब्रम, रमेश मांझी, वृहस्पति हांसदा, राजु किस्कू, दिनेश मुर्मु, सोमाय टुडू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### परशुराम परिवार ने किया सरयू राय का अभिनंदन



**जमशेदपुर।** रविवार को परशुराम परिवार, जमशेदपुर के एक समूह द्वारा जमशेदपुर (पश्चिम) के लोकप्रिय विधायक सरयू राय को उनके बिस्टुपुर आवास पर जाकर उन्हें गुलदस्ता देकर जीत की हार्दिक शुभकामनायें दी। उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.इस अवसर पर परशुराम परिवार के मुखिया अवधेश कुमार पाठक जी, राजीव नयन पाण्डेय जी, कामता प्रसाद तिवारी जी, शशिकांत तिवारी जी, अजय पाण्डेय जी, रवि शंकर पाठक जी, सुनील तिवारी जी, रघुवर दुबे जी, अजय तिवारी जी, पंडित सचिन पांडे जी, राजीव रंजन पाण्डेय जी, अशोक दुबे जी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## एनआईटी जमशेदपुर ने चलाया वस्त्र वितरण और जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनआईटी जमशेदपुर की एनएसएस इकाई ने रविवार को एक वस्त्र वितरण अभियान का आयोजन किया, जिसमें समाज सेवा के साथ जागरूकता गतिविधियों को जोडघ गया। एनएसएस के प्रोग्राम समन्वयक डा. जयेंद्र कुमार के नेतृत्व और एनएसएस अध्यक्ष सत्यम् शुक्ला, उपाध्यक्ष इंद्रनील चटर्जी, मीडिया प्रमुख अभिषेक कुमार और पीजी प्रतिनिधि आरती शर्मा के मार्गदर्शन में 40 स्वयंसेवकों की टीम सुबह 9 बजे कैंपस से रवाना हुई। अभियान का पहला चरण सितारामपुर डैम के समीप वास्को नगर ग्राम सभा में हुआ, जहां पुरुषों, महिलाओं एवं बच्चों को बडघे संख्या में कपड़े वितरित किए गए। इसके साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। डा. जयेंद्र कुमार और एनएसएस स्वयंसेवक रोहित शुक्ला ने ग्रामीणों को शिक्षा, भ्रष्टाचार विरोधी उपायों, साइबर सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं समरसता इत्यादि पर लोगों को जागरूक किया तथा 500 से अधिक व्यस्त महिला वृद्ध एवं बच्चों के बीच में वस्त्र का वितरण किया गया। साथ है बच्चों के बीच समोसे और मिठाई भी बांटे गये।

## साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने किया सरयू राय का अभिनंदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



विधायक सरयू राय का अभिनंदन करते सिख समुदाय के लोग।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के नवनिर्वाचित विधायक श्री सरयू राय का रविवार को साकची गुरुद्वारा में स्वागत, अभिनंदन किया गया। सरदार इंद्रजीत सिंह, महासचिव, तखघ्त श्री हरमिंदर साहिब, पटना, सरदार भगवान सिंह, अध्यक्ष, सीजीपीसी (सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक समिति), सरदार निशान सिंह, अध्यक्ष, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति, सरदार गुरुचरण सिंह बिल्ला, महासचिव साकची गुरुद्वारा समिति की मौजूद्गी में साकची गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने स्वागत किया। मौके पर सरदार अमरप्रीत सिंह काले, सरदार कुलविंदर सिंह पन्नू, सरदार सुरभित सिंह छित्ते, सरदार खजान सिंह, सरदार त्रिलोचन सिंह तोची आदि भी मौजूद रहे।

उधर, छतीसगढ़ी लोनी समाज ने भी श्री राय का अभिनंदन किया। इसके अलावा पासी समाज और महार समाज ने भी श्री राय का अभिनंदन किया। छत्तीसगढघे लोनी समाज, महार समाज और पासी समाज के लोगों ने श्री राय का उनके बिष्टुपुर स्थित आवास पर अभिनंदन किया। रविवार को श्री राय ने झारखंड राज्य नोनिया समाज की तरफ से आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने इस तरह के आयोजन करने पर नोनिया समाज की तारीफ की।

उधर, बिष्टुपुर में रविवार को मद्रासी सम्मेलन की तरफ से श्री राय का अभिनंदन किया गया। श्री राय ने आयोजकों के प्रति आभार प्रकट किया। सुबह में उनके आवास पर भारतीय जनता पार्टी के मानगो मंडल के सुनील सिंह, चेतक सिंह, संतोष सिंह चौहान आदि ने श्री राय को उनकी जीत पर बधाई दी और गुलदस्ता भेंट किया. सुबह में ही क्षत्रिय समाज महिला विंग की सदस्याओं ने श्री राय को मिली जीत पर बधाई दी।

### विश्वकर्मा समाज का पारिवारिक वनभोज 22 को



**जमशेदपुर।** रविवार को बाराद्वारी स्थित जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन के सभागार में एक बैठक समाज के अध्यक्ष श्री रामविलाश शर्मा की अध्यक्षता मे हुई । जिसमे केन्द्रीय कमिटी, क्षेत्रीय कमिटी, युवा और महिला कमिटी ने भाग लिए। जिसमें सर्वसम्मति से 22 दिसंबर 2024 को पारिवारिक मिलन सह वनभोज कार्यक्रम करने पर सहमति बनी। जो सिद्गोडघ के सूर्य मंदिर बाल उद्यान में होना तय हुआ है। इस समारोह में समाज के मेधावी छात्रों को सम्मानित भी किया जायेगा। साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्यों को भी सम्मानित किया जायेगा जिन्होंने जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्तिक भवन के निर्माण में अपना सहयोग दिये हैं। इसमें चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चों को भी सम्मानित किया जायेगा। कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस अवसर पर समाज के महामंत्री सुजीत शर्मा ने सारे कार्यक्रमों की जानकारी साझा किए वहीं उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा द्वारा कार्यक्रम के बारिकीयों को सभी के बीच रखें। उपस्थित सहायक महामंत्री राजकुमार शर्मा, महिला अध्यक्ष मिरा शर्मा,युवा पदाधिकारी ने भी अपने अपने विचार रखें।

### समाज के उन्नयन के लिए बच्चों को शिक्षित करना बेहद आवश्यक : मिसबाही



**जमशेदपुर।** कपाली डेमडूबी स्तिथ दौरान एकेडमी परिसर में एक दिवसीय जन जन शिक्षा अभियान नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसके मदरसे में अध्यनरत बच्चों के बीच जनरल नॉलेज व बाद विवाद से संबंधित सवाल किए गए। विजेता बच्चों को पुरस्त भी दिया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मदीना मस्जिद के ईमाम मुफ्ती अब्दुल मालिक मिसबाही ने कहा कि मौजूदा दौर के शिक्षा का महत्व काफी बढ़ गया है इसलिए प्रत्येक नागरिक को चाहिए कि शिक्षा के क्षेत्र में बढ़चढ़कर उपस्थिति दर्शाये तभी जाकर हमारा समाज व देश आगे बढ़ सकता है। समाजसेवी डॉ अफरोज शकील ने बच्चों को आने वाले परीक्षा के टिप्स व ओ एम आर संबंधित कंप्यूटर से संबंधित टिप्स देते हुए कहा कि आज कल अभीभावको को चाहिए कि कम से कम बच्चों को तकनीकी कोर्स करा कर ही विदेश भेजे बाद मैट्रिक कर विदेश भेजने का जो चलन है उसको समाप्त करने की जरूरत है एवं बच्चे स्नातक तक विदेश जाएंगे तब जाकर ही समाज में शिक्षा का ग्राफ बढ़ेगा। कार्यशाला में बच्चों को पाठ्य सामग्री भी बांटी गयी। कार्यशाला में मुख्य रूप से ताहिर हुसैन, इम्तियाज अहमद मिसबाही, मो शाहिद अख्तर, अनवर अजीजी,मौलाना साजिद ,कारी मो मोजम्मिल , कारी मो जहीर , मास्टर नावेद, मास्टर सुपर सोरेन, मास्टर सगीर हुसैन, मास्टर तनवीर , मास्टर शाहनवाज, मास्टर फरदीन, मास्टर मो मुसद्दीक आदि उपस्थित थे।

## टाटा मेन हस्पिटल ने विश्व एड्स दिवस पर किया वॉक ए थन का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो





वॉकथॉन को झंडी दिखा कर रवाना करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी और कोविड वॉरियर पार्क के पास जुटे वॉकथॉन में शामिल मेडिकल सेक्टर के लोग।

**जमशेदपुर।** टाटा मेन हस्पिटल (टीएमएच) ने आज विश्व एड्स दिवस के अवसर पर वक ए थन का आयोजन किया। इस वक ए थन का उद्देश्य लोगों में इस बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाना था। वक ए थन को चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और डा.विनीता सिंह, जनरल मैनेजर, मेडिकल सर्विसेज ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस आयोजन में मेडिकल क्षेत्र के लगभग 300 पेशेवर, नर्सिंग स्टाफ और छात्र उत्साहपूर्वक शामिल हुए। वॉक ए थन सुबह 6.30 बजे टाटा मेन हस्पिटल (टीएमएच) से शुरू हुई। यह रेड क्रस सर्कल होते हुए कोविड वरियर पार्क तक पहुंची, जहां नर्सिंग छात्रों ने एड्स जागरूकता बढघने के लिए प्रभावशाली 'नुक्कड नाटक' प्रस्तुत किया। वॉक ए थन का समापन वापस टाटा मेन हस्पिटल पर हुआ।

## झारखंड के वेटरन अनिरुद्ध और सुशील का बंगलुरु में हुआ सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** भारत भारती संस्था बंगलुरु ने कर्नाटका के स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर भारत के कई राज्यों के प्रतिनिधि ने प्रतिभागियों को शामिल एवं सम्मानित करने का प्रोग्राम कोवड़ा समाज के सभागार (बसन्तनगर) में आयोजित किया गया था। जिसमें जमशेदपुर से सैनिकों के कल्याणार्थ विगत 16 साल से सेवा दे रहे पूर्व नौ सैनिक सुशील कुमार सिंह एवं राँची से सार्जेंट अनिरुद्ध सिंह शामिल हुवे। गणमान्य अतिथियों के द्वारा सेना के युद्धवीरों, उनके परिजनों एवं समाज सेवियों को शॉल कर्नाटका हार एवं संस्था पुस्तिका देकर सम्मानित किया गया। देश के अन्य राज्यों से आये प्रतिनिधियों ने अपने पारंपरिक वेश-भूषा में नृत्य गान की प्रस्तुति दी।

## निर्मल मिलिंद स्मृति सम्मान कवि गंगा प्रसाद अरुण को

- 11000 रुपये और प्रशस्ति पत्र से होंगे सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो





कवि गंगा प्रसाद अरुण और दिवंगत साहित्यकार निर्मल मिलिंद।

**जमशेदपुर।** प्रसिद्ध कवि निर्मल मिलिंद की याद में उनकी धर्मपत्नी अर्चना मिलिंद द्वारा 2016 से झारखंड स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक साहित्यकार को कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति सम्मान से सम्मानित किया जाता है। 2024 का यह सम्मान प्रसिद्ध कवि, लेखक और संपादक गंगा प्रसाद अरुण को प्रदान करने का निर्णय कविवर निर्मल मिलिंद पुरस्कार आयोजन समिति ने लिया है। श्री गंगा प्रसाद अरुण हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी में भी लिखते रहे हैं। इन दिनों वे गंभीर रूप से बीमार चल रहे हैं। 4 दिसंबर 2024 को कवि गंगा प्रसाद अरुण को यह पुरस्कार प्रसिद्ध कहानीकार जयनंदन द्वारा श्री अरुण के बिरसानगर स्थित आवास जाकर प्रदान किया जाएगा। सब जानते हैं कि जयनंदन श्री लाल शुक्ल स्मृति इफ्को साहित्य सम्मान 2022 से सम्मानित हैं। उन्हें अनेक महत्वपूर्ण पुरस्कारों के साथ-साथ युवा ज्ञानपीठ पुरस्कार भी मिल चुका है। बता दें कि गंगा प्रसाद अरुण हिंदी और भोजपुरी के लोकप्रिय वरिष्ठ साहित्यकार हैं। ये लंबे समय से लेखन कार्य से जुडघे रहे हैं। मुख्य रूप से इन्होंने गीत और गजल विधा में रचनाएं की हैं। इनकी अनेक पुस्तकें प्रकाशित हैं। इनमें हहरत हियरा, अंगना महुआ झडघ्ल, तीन डेगे त्रिलोक, गजल गवाह बनीं, द्वंद समास (भोजपुरी) तिरती सी परछाइयां, प्रेम न बाडघि उपजे, मनुवां मनगीत लिखे ( हिंदी ) मुख्य हैं। इन्होंने लकीर, रचनाकार, पत्रिकाओं के साथ-साथ अनेक ग्रंथों का संपादन किया है। गंगा प्रसाद अरुण का अनेक साहित्यिक संगठनों से जुडघव रहा है। साहित्यिक गोष्ठियों और सम्मेलनों में ये निरंतर सक्रिय रहे हैं। इससे पहले कविवर निर्मल मिलिंद स्मृति सम्मान कवित्री डाक्टर शांति सुमन, कथाकार डक्टर सी. भास्कर राव, पत्रकार दिनेश्वर प्रसाद सिंह दिनेश, कहानीकार जयनंदन, कवयित्री रागिनी भूषण और कवि नरेश अग्रवाल को प्रदान किया जा चुका है।

## स्पीड न्यूज

### सदर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार, जेल



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के पोखराहा पेट्रोल पंप के पास से पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उत्तम राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम का गठन कर पोखराहा पेट्रोल पंप के पास छापेमारी की गयी। जिसमें सत्यम कुमार पिता रविंद्र कुमार ग्राम सगालिम थाना पांकी व आर्यन कुमार चौबे पिता आनंद कुमार चौबे ग्राम बड़कागांव सदर थाना को एक सिक्सर के साथ गिरफ्तार किया गया है। दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी में थाना प्रभारी के अलावे, सदर थाना के पुअनि रंजीत कुमार, सअनि नबी अंसारी, आरक्षी निरंजन कुमार, राजेश उरांव, चालक आरक्षी रामलाल शर्मा शामिल थे।

### बीमारी से नवादा के सूर्यदेव का निधन



**पाटन पलामू।** प्रखंड के सगुना पंचायत के नवादा निवासी दीपा सिंह के बड़े भाई सूर्यदेव सिंह (50) का निधन शनिवार की अहले सुबह हो गया। सूर्यदेव एक वर्षो से लकवा पीड़ित थे। निधन की सूचना मिलते ही सगुना मुखिया मंजू देवी के प्रतिनिधि समाजसेवी सुरेंद्र सिंह मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने इनके निधन पर शोक जताते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने मृतक के परिजन को सहायता का भी भरोसा दिया। उन्होंने स्व सूर्यदेव के क्रिया कर्म के लिए राशन उपलब्ध कराने की बात कही। मौके पर विकेश कुमार सिंह, सहदूल अंसारी, पहलाद मोची, मुख्तार अंसारी, अंजन कुमार, प्रदीप राम, दिलीप राम, सीताराम चंद्रवंशी, विकास कुमार, अजय राम, गोरख साव, बालमुकुंद सिंह, संजय सिंह, कलीम अंसारी उर्फ राजा बाबू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### नर में ही नारायण सेवा : शीला श्रीवास्तव



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान जो कभी रुकता नहीं है। भोजन लेने वाले प्राणी सचमुच जरूरतमंद हैं तो समझ लीजिये कि आप देने वाले ईश्वर के सच्चे प्रतिनिधि हैं। बशर्ते आप मन से इस अभियान से जुड़े हैं। समृद्धि के सदस्यों ने शहर के अंबेडकर पार्क के सामने दोना पत्तल दातून बेचने वालों के बीच रोटी सब्जी बांटी। अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने कहा कि गरीबों की सेवा करने में सुकून मिलता है। साथ ही मन व आत्मा की शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि नर में नारायण की सेवा होती है। मानव सेवा से बड़ा कोई दूसरी पूजा नहीं हो सकती है। टीम में अहिल्या गिरी, बैजंती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, आशा शर्मा, शिल्पी गोस्वामी, बेबी पाण्डेय, शीला गोस्वामी, ममता, शालिनी श्रीवास्तव, संध्या, शेखर, शैलेंद्र सिंह, ऋषि कुमार एवं अन्य सदस्यों का सहयोग प्रशंसनीय है।

### छह मुहान चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने चलाया सघन जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने छह मुहान पर चार पहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन तथा टेंपो ई रिक्शा सवारी गाड़ी का सघन जांच अभियान चलाया। जिसमें सभी गाड़ियों को समझा बूझाकर दोपहिया वाहन को हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाने को कहा। साथ ही ई रिक्शा निर्धारित रूप में चलने एवं गाड़ी पर निश्चित रूट लिखकर चलने का निर्देश देकर सभी गाड़ियों को छोड़ दिया गया। रविवार को 13 दो पहिया वाहन का चालान 59 हजार रुपये आया। जिला परिवहन कार्यालय से एक टेंपो ई रिक्शा सवारी गाड़ी का चालान फाइन राशि 1150 रुपये आया है। टोटल चालान फाइन राशि 60150 रुपये आया है।

### भारतीय सांख्यिकीय संस्थान ने बेतला प्रोड्यूसर कंपनी का किया सर्वे



**चैनपुर पलामू।** भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के डॉ हरिचरण बेहेरा प्रोजेक्ट निर्देशक( झारखंड में एफपीओ/ एफपीसी की सफलता के निर्धारक तथा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के लिए उनके सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय निहितार्थ) अपने शोधार्थी (सुमित मैत्रा , केशव सावर्ण और राहुल कुमार) के साथ बांसडीह स्थित बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी का सर्वे किया। इस संस्था के साथ लगभग 1000 किसान जुड़े हुए हैं, जिन्हें 50 से 80 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज और खाद उपलब्ध करवाया जाता है। संस्थान (बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी) के सचिव ब्रजेश पांडेय ने कहा कि आने वाले कुछ सालों में एफपीओ से और अधिक किसानों को जोड़ने और उनके उत्पाद खरीदने के साथ-साथ फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का भी लक्ष्य है। इन्होंने ये भी स्पष्ट किया कि बेतला किसान प्रोड्यूसर लिमिटेड को देश के शीर्ष 100 एफपीओ में शामिल करने की पूरी कोशिश करेंगे। डॉ बेहेरा ने कहा कि संस्थाओं को मार्केट सर्वे कर 5-10 साल का विजन बना कर वहनीयता (सस्टैनबल) बिजनेस प्लान बनाने पर बल देना चाहिए।

### कचहरी परिसर में संघर्ष मोर्चा की बैठक



**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की बैठक कचहरी परिसर के ताईद शेड में हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने की। बैठक में सफल अभ्यर्थियों के चतुर्थ वर्गीय पदों पर नियुक्त की मांग को लेकर चलाये जा रहे आंदोलन की समीक्षा की गयी। बैठक में कहा गया कि 3 दिसंबर को दिव्यांग दिवस मनायी जायेगी। दिव्यांग दिवस पर मोर्चा कार्यक्रम में विचार गोष्ठी होगी पलामू जिला प्रशासन दिव्यांगों के प्रति उदासीन है। चार वर्षों से दिव्यांग आवासीय विद्यालय मेदिनीनगर बंद है जिसे छात्र छात्राओं में असंतोष है।

पलामू सांसद ने डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन के परिचालन का किया शुभारंभ

# पैसेंजर ट्रेन से पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम होगा: सांसद बीडी राम

■ मणिपुर में जातीय हिंसा को लेकर आइएनडीआइए महा गठबंधन का धरना-प्रदर्शन, निकाला जुलूस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद पलामू विष्णु दयाल राम ने रविवार को प्रातः तीन बजे डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन संख्या 05653/03654 का परिचालन हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मौके पर रेलवे द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मौके पर रेलवे के पदाधिकारियों व कर्मियों द्वारा सांसद व भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।





**खास बातें :** मौके पर सांसद श्री राम ने कहा कि कोविड-19 के दौरान उक्त पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद कर दी गयी थी। आज पुनः इस ट्रेन के प्रारंभ होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों क्रमशः नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज एवं चियांकी के यात्रियों को आवागमन सुगम होगी। यहां की जनता के द्वारा लगातार इस ट्रेन को प्रारंभ करने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए पहल करते हुए उक्त ट्रेन का परिचालन प्रारंभ कराया है। इस अवसर पर धनबाद मंडल रेलवे एडीआरएम विनीत कुमार, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, सांसद राम के निजी सचिव अलख दुबे, वरिष्ठ नेता मुरारी पांडेय, किशोर पाण्डेय, ईश्वरी पांडेय, शिव कुमार मिश्रा, संजय गुप्ता, शशि भूषण पांडेय, अनिल कुमार, संजय कुमार, भोला पांडेय, मनीष कुमार, सुशील सिंह, राघवेन्द्र तिवारी, आनंद सिंह, रेलवे पदाधिकारी मनोहर लाल, अनिल कुमार तिवारी, विकास कुमार, स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, राजीव रंजन सिंह , वैसी मानडी, संजय पासवान , बीरबल प्रजापति, अनिल कुमार एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मनीष मिश्रा ने किया।

# क्षेत्र में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने की कोशिश करेंगे : विधायक

■ पांकी से दूसरी बार निर्वाचित होने पर सतबरवा, नीलांबर पीतांबरपुर, पांकी व मनातू प्रखंड के उरांव सरना समाज ने विधायक का किया स्वागत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबरपुर पीतांबरपुर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने पर सतबरवा, नीलांबर पीतांबरपुर, पांकी व मनातू प्रखंड के उरांव सरना समाज के लोगों ने विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता का गर्मजोशी से स्वागत किया। विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने स्वागत व सम्मान से अभिभूत होकर पूरे उरांव सरना समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक ने कहा कि पांच साल बिना किसी भेदभाव के उन्होंने विकास को धरातल पर उतारने का जो काम किया उसी का प्रतिफल रहा कि लाख कोशिश करने के बाद सामंती शक्तियों विधानसभा की जनता ने करारा जवाब देते हुए कमल खिलाने का का काम किया। विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के जनभावनाओं को ख्याल रखते हुए गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का जो उन्होंने संकल्प किया उसी संकल्प के साथ काम किया जायेगा। मौके पर सतबरवा जिप सदस्य सुधा उरांव, पांकी से राजदेव उरांव, रामावतार, पखराज उरांव, सुंदर लाल उरांव, लखन उरांव, बीरबल उरांव, बसंत सिंह, वकील तुरी, सुनील उरांव, किशोर उरांव, योगेंद्र उरांव, प्रमोद उरांव, राजमुनी उरांव, गौतम उरांव, सुरेंद्र उरांव, विश्वनाथ उरांव, मुनु उरांव, मनातू प्रखंड से अमित उरांव, अमरेश उरांव आदि उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार असहायों के कल्याण के लिए समर्पित : कालीचरण सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**



लोगों को संबोधित करते चतरा के सांसद व उपस्थित अन्य।

**सतबरवा पलामू।** चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद काली चरण सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गरीब, शोषित, असहाय लोगों के कल्याण के लिए समर्पित है। उक्त बातें श्री सिंह रविवार को तुंबागड़ा में कार्यकर्ताओं के स्वागत कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। श्री सिंह ने कहा कि देश की जनता ने मोदी जी के 10 वर्षों के अच्छे कार्यकाल को देखते हुए पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों के दौरान भारत का मान सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ी है तथा आर्थिक रूप से काफी मजबूत हुआ है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि चतरा संसदीय क्षेत्र के हर एक गांव की समस्या से परिचित हूं जिसे योजनाबद्ध तरीके से निदान करने का प्रयास किया जायेगा। सांसद श्री सिंह ने कहा कि बरवाडीह से चोपन चुनार चलने वाली ट्रेन कई वर्षों से बंद थी जनता की समस्या को देखते हुए मेरे द्वारा संसद सत्र के दौरान बीते 22 अगस्त2024 को उठाया गया था जिस पर भारत सरकार तथा रेलवे मंत्रालय ने पहल करते हुए पुनः एक बार चलाने का कार्य किया है ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। मौके पर भाजपा नेता अवधेश सिंह चेरो, मंडल अध्यक्ष विजय शर्मा, धीरज कुमार, मुकेश कुमार, आशीष प्रसाद, चंचल यादव, दिनेश साव, अंकित कुमार यादव, सोनू सिकंदर, विकास तिवारी, शिव प्रसाद, अखिलेश तिवारी, राम प्रवेश शर्मा, गुड्डू सिंह, अरविंद सिंह, शैलेश सिंह, राजकुमार साव समेत कई लोग मौजूद थे।

# राजद के नवनिर्वाचित विधायक संजय ने पार्टी विजय जुलूस में की शिरकत

■ इंडिया गठबंधन जिंदाबाद... संजय यादव जिंदाबाद... के नारे लगाकर किया बाजार भ्रमण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



विजय जुलूस में शामिल विधायक व उपस्थित अन्य।

**मोहम्मदगंज पलामू।** विधानसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत को लेकर राजद की ओर से मोहम्मदगंज में आयोजित विजय जुलूस में नवनिर्वाचित विधायक संजय सिंह यादव ने रविवार को शिरकत कर बड़ी तादात में उपस्थित कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जीत की खुशी से लबरेज कार्यकर्ताओं ने अपने काफिला के दौरान इंडिया गठबंधन जिंदाबाद, संजय यादव जिंदाबाद समेत अन्य नारे और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत का जश्न मनाया। मौके पर पार्टी नेता क्लामुद्दीन खान, गणेश मेहता, पचू रजवार, अशरफ खान, सिद्धार्थ कुमार, सूर्यदेव यादव, अशोक यादव, मनोज सिंह, वचन मेहता, राम रेखा मेहता, विनोद पासवान, रामाधार यादव, बच्चन बैठा, राकेश कुमार सिंह, मंटू सिंह समेत बड़ी तादात में लोग जुलूस में शामिल दिखे। विजय जुलूस के मौके पर नवनिर्वाचित विधायक ने मुख्य बाजार स्थित जगदेव जी की आदमकद प्रतिमा और सप्ताहित बाजार स्थित भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर पल को यादगार बनाया।

## दुर्गा महिला समूह डीलर पर एक माह के राशन गबन का आरोप, लाभुकों का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ राशन की जगह 20 रुपये प्रति किलो लाभुकों को पैसे दे रहा डीलर



**पांकी पलामू।** प्रखंड के पगार खुर्द पंचायत के पगार गांव के लाभुकों ने डीलर दुर्गा महिला समूह पर नवंबर का राशन गबन का आरोप लगाया है। इसे लेकर लाभुकों ने डीलर की दुकान के समक्ष राशन कार्ड दिखाकर प्रदर्शन किया। कहा कि डीलर केंद्र सरकार की गरीब कल्याण योजना के तहत मिलने वाले राशन में भी मनमानी कर रही है। निर्धारित 35 किलो की जगह 30 किलो ही राशन मिलता है। लाल कार्ड धारी को 5 किलो की जगह 4.5 किलो ही राशन मिलता है। लाभुकों ने कहा कि दुर्गा महिला समूह के पास नवंबर माह का राशन लेने गये तो राशन की जगह 20 रुपये प्रति किलो की दर से राशन के पैसे दिये जा रहे थे। अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया जाता है। कार्ड धारियों ने उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में दुर्गा समूह ने बताया कि दुकान में राशन नहीं है। सभी कार्ड धारियों को 20 रुपये प्रति किलो की दर से पैसे ही दे रहे हैं।

## कंकारी सेवा सदन अस्पताल के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 283 मरीजों का इलाज

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रकाशचंद जैन सेवा सदन मेदिनीनगर द्वारा स्व विकास कुमार जैन की पुण्य स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर प्रकाश चंद जैन सेवा सदन, कंकारी, चैनपुर में लगाया गया। इसमें 283 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में मेदिनीनगर के प्रसिद्ध चिकित्सक डा अजय पाठक, डा. जॉन एफ कैनेडी, डा सुरेंद्र सिंह, डॉ अमरजीत गारी, डॉ. डीपी केशरी ने मरीजों का जांच व उपचार किया। स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने के लिए प्रकाश चंद जैन सेवा सदन के सचिव सुरेश कुमार जैन, सुरेश उदयपुरी, गोविंद सावरिया, अनुपम तुलस्यान, सुमित्रो भट्टाचार्य, प्रदीप केजरीवाल, ब्रजेश तिवारी, सपना तुलस्यान, प्रकाश चंद जैन सेवा सदन कंकारी के संयोजक काशी प्रसाद, श्रवण प्रसाद, संतोष प्रसाद, प्रदीप प्रसाद, अंकुश कुमार, आकाश कुमार, सागर गुप्ता आदि सक्रिय रूप से शामिल थे। साथ ही सेवा सदन की ओर से मनीष कुमार, आदित्य कुमार, अजित कुमार, रजनीकांत कुमार, रामानंदन कुमार. राहुल कुमार, अंबिला भी मौजूद थे।

## निर्माणाधीन पीसीसी सड़क का बघमनवा मुखिया ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता पर उठाये गये सवाल



**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के बाघमनवा पंचायत के चोरटिया गांव में निर्माणाधीन पीसीसी पथ का मुखिया मंजू देवी ने निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में घटिया मेटल, छरी व सीमेंट का प्रयोग किया जा रहा है जिसके बाद उन्होंने सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया। कहा कि ग्रामीणों से शिकायत मिलने का बाद जांच की गयी है। उन्होंने संवेदक को निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने को कहा। मुखिया मंजू देवी ने कहा कि अगर प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं कराया गया तो संबंधित विभाग को जांच व कार्रवाई हेतु लिखा जायेगा। जरूरत पड़ी तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा। मौके पर मनीष कुमार भी थे। ग्रामीण कार्य विभाग से बिश्रामपुर से कौड़िया तक तीन किमी सड़क बन रही है। 1.37 करोड़ की लगत से बनने वाले इस सड़क का कार्य नंदनी कंस्ट्रक्शन को मिला है। आबादी वाले जगहों पर पीसीसी सड़क निर्माण करना है।

## विश्रामपुर में मतदान समीक्षा बैठक में ओबीसी अधिकारों पर जोर, योजनाओं पर हुई गंभीर चर्चा



**विश्रामपुर (पलामू)।** ओबीसी एकता अधिकार मंच विश्रामपुर चुनाव कार्यालय में विधानसभा चुनाव की मतदान समीक्षा बैठक हुई। जिसमें आगामी चुनावी रणनीति और योजनाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद समेत कई प्रमुख सदस्य उपस्थित थे। जिसमें गोकुल बसंत, शत्रुघ्न कुमार शत्रु, गिरनानंद विश्वकर्मा, अविनाश कुमार, अजय राम, अरुण गुप्ता, सुरेंद्र भारती, आनंद विश्वकर्मा, लक्ष्मी साव, चंदन चंद्रवंशी, बालमुकुंद राम, रेखा देवी, चंदन कुमार, दीपक यादव, संजीत कुमार, हीरा प्रसाद, अखिलेश राम, राधेश्याम प्रसाद, सुनील यादव, धर्मेंद्र कुमार, श्याम लाल राम, विजय कमलापुरी, राज कुमार गुप्ता, प्रदीप प्रसाद, दिलीप कुमार पासवान, बसंत राम चंद्रवंशी, दिलीप पाल, रमेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश रजवार, उपेंद्र पाल, मनोज यादव और अन्य प्रमुख सदस्य शामिल हुए। बैठक में ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लंबा सफर तय करना होगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ विधानसभा क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि ओबीसी को उनकी पहचान और अधिकार दिलाने का है।

## हमलावरों ने की पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष परीखन की हत्या

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र के पोंची पंचायत के हलुमाड निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक सह पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष परीखन सिंह (70) की अज्ञात हमलावरों ने टांगी से काट कर हत्या कर दी। घटना रविवार की सुबह करीब पांच बजे की है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अंचित कुमार दलबल के साथ पहुंचे और मामले की छानबीन में जुटे हुए हैं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजा मेदनी राय मेडिकल कालेज एंड अस्पताल मेदिनीनगर भेज दिया है। ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। वहीं परिजनों तथा ग्रामीणों के आग्रह पर खोजी कुत्ता से करीब 9:30 से 12 बजे दोपहर तक छानबीन करवाया गया। मगर मामले खुलासा नहीं हो सका। बताया जाता है कि रविवार की सुबह करीब 5 बजे शौच के लिए घर से बगल खेत की ओर गये थे।

## मारपीट के आरोपी तीन प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार, गये जेल

**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय थाना की पुलिस ने रविवार को हरिहरगंज थाना कांड संख्या 165/2024 दि. 30.11.2024 के प्राथमिकी अभियुक्त अभिलाख कुमार उर्फ अभिषेक कुमार, दशरथ यादव, रामप्रसाद यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। तीनों गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के रबदी गांव के रहने वाले हैं। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि उक्त तीनों पर पुराने विवाद को लेकर मारपीट करने का मामला दर्ज है।

## अबुआ आवास की किश्त 30 हजार देने के लिए बीएफटी मांग रहा है 10 हजार रुपये

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ अधिकारियों की नाक के नीचे बीएफटी अबुआ आवास योजना में लाभुक से पैसे उगाही करने का कर रहे काम



**चैनपुर (पलामू)।** झारखंड सरकार अबुआ आवास के तहत राज्य के गरीबों को तीन कमरों का पक्का मकान देती है। यह राज्य की महत्वाकांक्षी योजना है। लेकिन पलामू में इसके जियो टैग के नाम पर पैसा उगाही का आरोप है। सेमरा पंचायत के बलहिया की रुक्मणि देवी पति लक्ष्मी यादव ने अबुआ आवास में पैसे मांगने का आरोप लगाया है। कहा कि सेमरा पंचायत के बीएफटी संजय रवि ने अबुआ आवास की पहली किस्त 30 हजार डलवाने में 10 हजार लिया और दूसरे किस्त 50 हजार आने पर फिर 10 हजार रुपए मांगा। कहा कि पैसे उच्च अधिकारी को देना पड़ता है। 2023 में सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी शुरुआत की थी। पीएम आवास योजना से वंचित लाभुकों को राज्य सरकार आवास दे रही है।

चियांकी होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में होमगार्ड का सफल प्रशिक्षण

# देशहित के लिए ईमानदारीपूर्वक कर्तव्यों का निर्वहन करें जवान

>> 277 जवानों का पासिंग आउट परेड संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अतिथि का स्वागत करते लोग7

**मेदिनीनगर।** चियांकी होमगार्ड ट्रेनिंग सेंटर में होमगार्ड का सफल प्रशिक्षण 277 पासिंग आउट परेड रविवार को हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभियान एसपी राकेश सिंह, जिला समादेष्टा पलामू दीपक कुमार, प्रशिक्षु प्रशिक्ष पुलिस उपाधीक्षक राजू रंजन, निरीक्षक पलामू अनुज कुमार झा, निरीक्षक जिला गढ़वा राजीव गौरव, कंपनी कमांडर रोहित कुमार, कंपनी कमांडर जावेद इकबाल अंसारी एवं अनुदेशक हवलदार धनंजय कुमार मेहता मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों ने प्रशिक्षु होमगार्ड को परण परेड समारोह एवं उनके कार्य प्रणाली को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि आज जो होमगार्ड पर प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी मातृभूमि के लिए देश हित के लिए एवं ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य निभाने की जरूरत है। जिला समादेष्टा दीपक कुमार ने बताया कि विगत 63 दिनों से होमगार्ड का प्रशिक्षण नियमित रूप से ट्रेनिंग सेंटर चियांकी में आज संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान जो उन्होंने शिक्षा प्राप्त किया है वह अपने जिला में जाकर कर्तव्य निर्वहन एवं ईमानदारी पूर्वक अपना कार्य में लगायेंगे। मुख्य अतिथि के द्वारा जवानों को उत्साह बढ़ाया गया एवं प्रशिक्षण के दौरान जो भी जवान अच्छा कार्य किये हैं बेस्ट एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए ट्रेनिंग सेंटर में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायर।


# पाटन बीडीओ के चालक गोपाल के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पाटन पलामू।** प्रखंड कार्यालय सभागार में पाटन बीडीओ के वाहन चालक गोपाल पासवान को रिटायरमेंट हो जाने के उपरांत कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। विदाई कार्यक्रम में सभी प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी उपस्थित थे । सभी लोगों ने गोपाल पासवान के कार्यकाल की सराहना की। मौके पर रिटायर्ड चालक गोपाल पासवान को कर्मियों ने माला पहनाकर सम्मानित किया। विदाई कार्यक्रम में पाटन बीडीओ अमित कुमार झा ने कहा कि चालक गोपाल पासवान बहुत दिनों से पाटन प्रखंड में अपनी ईमानदारी से सेवा देते हुए लोगों के दिल में जगह बनाया था। वे हमेशा प्रखंड कर्मियों एवं अंचल कर्मियों को समय समय पर उचित सलाह देते रहते थे। वे चालक होते हुए भी बहुत ही अनुभवी व्यक्ति के रूप में काम किये। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा अपने चालक गोपाल पासवान को गार्जियन के रूप में मानते थे और विपरीत परिस्थितियों में उनसे सलाह भी लिया करते थे। मौके पर पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने भी रिटायर्ड चालक गोपाल पासवान के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि चालक श्री गोपाल मिलनसार व्यक्ति रहे हैं। वे प्रखंड कर्मियों एवं अंचल कर्मियों को परिवार की तरह मानते थे। गोपाल पासवान को भी सभी प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी अभिभावक की तरह मानते थे। कार्यक्रम के बाद पाटन बीडीओ अमित झा ने स्वयं वाहन चलाकर रिटायर्ड अपने चालक गोपाल पासवान को घर पहुंचाया।

# फूल-काव्य गजल संग्रह का लोकार्पण


लोकार्पण करते साहित्यकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भवनाथपुर।** स्थानीय कवि और उपन्यासकार सुरेन्द्र चंद्रवंशी 'सचेत' की नई पुस्तक कचनार के फूल-काव्य - गजल संग्रह का लोकार्पण लौह नगरी टाटा के प्रसिद्ध तुलसी भवन में अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित पुस्तक विमोचन सामारोह में किया गया। इस अवसर पर सांझा संकलन पुस्तक 'आए अवध श्रीराम-स्मारिका' का भी लोकार्पण मुख्य अतिथि लोकप्रिय साहित्यकार डॉ. संजय पंकज, राम निवास शुक्ल प्रभारी मंत्री, सम्मानित अतिथि प्रमुख संपादक प्रभात खबर संजय मिश्रा, डॉ. प्रसेनजीत तिवारी, विधायक सरयू राय के करकमलों द्वारा किया गया। इस सांझा संकलन में झारखंड के लगभग एक सौ कवियों और साहित्यकारों की रचना के साथ सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत की राम पर आधारित कविता-श्रीराम मंत्र को शामिल किया गया है। श्री चंद्रवंशी की इस नई पुस्तक कचनार के फूल काव्य गजल संग्रह का प्रकाशन मुंबई की प्रसिद्ध शब्द गाथा मीडिया पब्लिकेशन के द्वारा एक सप्ताह पूर्व की गई है। इससे पहले भी श्री चंद्रवंशी की दो कविता की पुस्तक - 'धूप छांव काव्य प्रवाह', 'यादों का पिटारा काव्य रसधारा,' और एक उपन्यास - पश्चाताप का प्रकाशन बीएफसी पब्लिकेशन लखनऊ के द्वारा प्रकाशित हो चुका है। मौके पर लोकप्रिय साहित्यकार डॉ. संजय पंकज ने कहा कि सुरेन्द्र चंद्रवंशी सचेत द्वारा अपनी पुस्तक का नाम कचनार के फूल रखना बहुत ही सुंदर प्रयास है। जो सीधे जनमानस के दिल को छुता है। मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिन्दी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अरूण सज्जन, उपाध्यक्षा डॉ. संगीता नाथ, डॉ. आशा गुप्ता, डॉ. मिनाक्षी कर्ण, रेखा कुमारी, अशोक सिंह सहित बड़ी संख्या में कवि और साहित्यकार उपस्थित थे।

## पप्पू यादव को वीडियो कॉल कर 5-6 दिन में मारने की धमकी

**पूर्णिया।** पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को एक युवक ने लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताते हुए जान से मारने की सीधी धमकी दी है। पहली बार किसी धमकी देने वाले ने अपना चेहरा दिखाते हुए वीडियो में कहा कि वह 5-6 दिनों में पप्पू यादव की हत्या कर देगा। धमकी देने वाले ने कहा, 'पप्पू यादव को 5 से 6 दिन में मारने का ऑर्डर मिला हैं। हम लोग बहुत जल्द मारेंगे, हम लोग पटना पहुंच चुके हैं' 'हम लोग बिश्नोई टीम से बोल रहे हैं, आपके सांसद को बोलिये बिश्नोई साहब से माफी मांग लें।' उसने यह भी चेतावनी दी कि जो बीच में आएगा, उसे मार दिया जाएगा। पप्पू यादव को अब तक लगभग 60-70 धमकी भरे संदेश और कॉल आ चुके हैं, लेकिन यह पहला मौका है जब धमकी देने वाले ने अपना चेहरा प्रदर्शित किया है। कॉल करने वाले ने यह भी कहा कि वह लॉरेंस बिश्नोई को किसी मैदानम आने के लिए बोलते हैं। उनका धंधा राजनीतिक अखाड़े का नहीं है जो किसी मैदान में आकर लड़ेंगे। इससे पहले एक व्यक्ति दिल्ली से गिरफ्तार भी हो चुका है। पप्पू यादव ने इस मामले में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार उन्हें परेशान करना चाहती है और नहीं चाहती कि कोई सच्चाई के रास्ते पर चले।

### 15 दिसम्बर को आयेंगे मुख्यमंत्री

# वाल्मीकि नगर के घोटवा टोला की बदलेगी सूरत

एजेंसी

**पश्चिम चम्पारण।** भारत नेपाल सीमा पर स्थित महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली वाल्मीकि नगर में राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 15 दिसंबर को आ सकते हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के संतपुर सोहरिया पंचायत के घोटवा टोला और बसहवा टोला का अधिकारियों ने निरीक्षण रविवार को किया है। घोटवा टोला में जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कई विभागों के संबंधित अधिकारियों को तैयारी को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। घोटवा टोला में पूर्व से निर्मित स्वास्थ्य केंद्र, कम्युनिटी हॉल के साफ सफाई सौंदर्य करण के अलावा मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर ओपन जिम, पार्क और गांव और मुख्य सड़क के बीच पुलिया निर्माण हेतु डीडीसी को निर्देशित किया। इस अवसर पर महिलाओं के द्वारा विभिन्न वस्तुओं के स्टॉल लगाए जाने की तैयारी हेतु भी निर्देशित किया गया है। गांव में प्रकाश के लिए सोलर लाइट, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित मकान पर शिलापट लगाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

**कई योजनाओं का मुख्यमंत्री कर सकते हैं उद्घाटन :** जिले में हो रहे विकास की कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन इस अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा किए जाने की संभावना है।



### ग्रामीण महिलाओं ने पूल की मांग की

बरसों से मुख्य धारा से बरसात के दिनों में कट जाने वाले गांव घोटवा टोला के महिलाओं और ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से बाढ़ के समय जंगली नाला में बरसात के पानी का तेज प्रवाह के कारण मुख्य सड़क से संपर्क भंग हो जाने के कारण पुल निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि बरसों से पूल निर्माण की मांग कर रहे हैं, क्योंकि स्वास्थ्य के साथ बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित होती है। जिलाधिकारी ने तत्काल अधिकारियों को इस दिशा में सकारात्मक पहल हेतु निर्देशित किया। पुल की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए डीडीसी को निर्देशित किया। उन्होंने गांव में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया।

खबर एक नजर में

## संगठन के विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : मंगल पांडे

**पूर्णिया।** भाजपा संगठन का एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य आगामी तीन वर्षों के लिए संगठन के निर्माण की रणनीतियों और प्रदेश से प्राप्त दिशानिदेर्शों को कार्यकताओं तक पहुंचाना था। कार्यशाला में जिले के सभी प्रमुख पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष, मंडल संगठन पर्व सहयोगी, और अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश कुमार ने की। इस विशेष अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने भी अपनी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले वर्षों में संगठन के विकास के लिए ठोस योजनाओं और सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकताओं को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की,कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रभारी स्वदेश यादव ने भी भाग लिया। उन्होंने प्रदेश स्तर पर तैयार की गई योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के माध्यम से कार्यकताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी,इसके अतिरिक्त, प्रदेश मंत्री श्री अनिल ठाकुर ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन का हर सदस्य इसकी रीढ़ है। उन्होंने कार्यकताओं को नई तकनीकों और संसाधनों का उपयोग करते हुए संगठन की प्रभावशीलता को बढ़ाने की सलाह दी। कार्यशाला में संगठन पर्व के जिला सहयोगी प्रफुल्ल रंजन वर्मा और राजीव कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। उन्होंने जिले के सभी मंडलों से सक्रिय भागीदारी की अपील की और संगठन पर्व के दौरान किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की,कार्यशाला का माहौल ऊर्जा और उत्साह से भरा हुआ था। उपस्थित कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के समापन पर जिला अध्यक्ष श्री राकेश कुमार ने सभी अतिथियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया,यह कार्यशाला न केवल संगठन की योजनाओं को स्पष्ट करने का मंच बनी, बल्कि कार्यकताओं के बीच संवाद और समन्वय को भी मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर सिद्ध हुई उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी सत्यम श्रीवास्तव ने दी।


## स्वास्थ्य मंत्री से पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा ने जिला स्तरीय अस्पताल की मांग की

**पूर्णिया।** बिहार सरकार के स्वास्थ्य सह कृषि मंत्री मंगल पांडेय रविवार की सुबह पूर्व सांसद संतोष कुशवाहा के रामबाग स्थित आवास पर पहुंचे, जहां दोनों की अनौपचारिक मुलाकात हुई। इस मौके पर राजनीतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में बातचीत के अलावा पूर्णियां के विकास से जुड़ी योजनाओं पर भी चर्चा हुई। पूर्व सांसद कुशवाहा ने मंत्री पांडेय को मांग पत्र सौंप कर कहा कि पूर्णियां में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के बाद सदर अस्पताल मेडिकल कॉलेज में ही समाहित हो गया है। ऐसे में पूर्णियां में तत्काल एक जिलास्तरीय अस्पताल की आवश्यकता है। पूर्णियां की भौगौलिक सरंचना के साथ साथ यह मेडिकल हब भी है, लिहाजा एक जिला स्तरीय अस्पताल की जरूरत है।

## डिब्रूगढ़ और धुबड़ी के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (एनएफआर) ने डिब्रूगढ़ और धुबड़ी के बीच स्पेशल ट्रेन के परिचालन का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन 4 से 7 दिसंबर, 2024 तक दोनों दिशाओं में 01-01 फेरा चलेगी। स्पेशल ट्रेन संख्या 05938 (डिब्रूगढ़ - धुबड़ी) 4 दिसंबर, 2024 को डिब्रूगढ़ से सुबह 07:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन धुबड़ी 02:05 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में, स्पेशल ट्रेन संख्या 05937 (धुबड़ी - डिब्रूगढ़) 07 दिसंबर, 2024 को धुबड़ी से 19:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन डिब्रूगढ़ 16:30 बजे पहुंचेगी। यह स्पेशल ट्रेन अपनी दोनों तरफ की यात्रा के दौरान अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए न्यू तिनसुकिया, नाहरकटीया, शिमलगुड़ी, फरकाटिंग, लामडिंग, गुवाहाटी, रंगिया, न्यू बंगाईगांव, फकीराग्राम, गोलकगंज होकर चलेगी। इस ट्रेन के 22 कोच में एसी-3 टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सीटिंग कोच उपलब्ध होंगे।

# सैलानियों को आकर्षित कर रहा है सुखलदरी पर्यटन स्थल


सुखलदरी जलप्रपात

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर एवं धुरकी प्रखंड मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर कनहर नदी स्थित सुखलदरी जलप्रपात नए साल पर सैलानियों से गुलजार है। यहां की प्राकृतिक छटा व शुद्ध पर्यावरण तथा मनोरम दृश्य को देखने के लिए छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार के पर्यटक सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। यहां पहुंचने के बाद ऊंचे-ऊंचे पर्वतों और हरे-भरे जंगलों के बीच सुखलदरी जलप्रपात की खूबसूरती देखते ही बनती है। दरअसल मनमोहक दृश्य से आकर्षित लोग घंटों देर बैठकर निहारते रहते हैं। करीब 100 फीट की ऊंचाई से यहां झरना गिरता है। तब वहां का दृश्य देखते ही बनता है। वही झरना गिरते वक्त बिल्कुल सफेद फुहारा झाझ बनकर उपर उड़ती है। इस जलप्रपात की खासियत यह है कि इसके आसपास काफी क्षेत्र में फैले पत्थर व बालू के रेत को देखते ही पर्यटक पिकनिक मनाने के लिए उपयुक्त मानते है। नये साल पर बड़ी संख्या में यहां पर्यटक पहुंचते हैं। सैलानी न सिर्फ सेल्फी लेते दिखते हैं, बल्कि अपने-अपने मोबाइल और कैमरे से मनमोहक दृश्य को कैद भी करते देखे जाते हैं। सुखलदरी जलप्रपात के पास एक मंदिर भी है, जो पहाड़ों पर स्थित है। पर्यटन विभाग के द्वारा एक गेस्ट हाउस का निर्माण कराया गया है। यहां से नीचे उतरने और सुखलदरी जलप्रपात का झरना को देखने के लिए सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। दिसंबर और जनवरी महीने में हर वर्ष पर्यटकों की काफी भीड़ होती है। लोग सपरिवार पिकनिक मनाने पहुंचते हैं। नये साल पर लोगों की भीड़ को देखते हुए गढ़वा के सुखलदरी जलप्रपात पर सुरक्षा को लेकर पुलिस व मजिस्ट्रेट की भी तैनाती होती है। मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर 14 जनवरी को मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें आसपास के लोग लगभग 50 हजार की संख्या में जुटते हैं। पर्यटक को बंशीधर नगर तक ट्रेन के माध्यम से पहुंचा जा सकता है। वहां से 30 किलोमीटर अटो या निजी वाहन से यहां तक पहुंचा जा सकता है। यहां पहुंचने वाले सैलानी खाने-पीने के लिए सामान स्वयं लेकर पहुंचते हैं। वही धुरकी प्रखंड से करीब 15 किलोमीटर दूर पनघटवा डैम भी सैलानियों के लिए काफी मनमोहक है। डैम के चारों तरफ हरा-भरा एवं दूर तक फैला पानी सैलानियों का मन मोह लेता है। इस डैम में तरह-तरह के पक्षी देखने को मिलते हैं। लोग यहां नौका विहार का भी लुफ्त उठाते हैं। इस डैम तक अपने निजी वाहन से पहुंचा जा सकता है।

## सेवानिवृत्त एसआई, चौकीदार तथा स्वास्थ्य कर्मी को दी गई विदाई


विदाई देते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेराल।** थाना परिसर में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सेवानिवृत पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार पांडेय एवं चौकीदार निर्मल राम को फूलमाला एवं उपहार देकर तथा सीएचसी में लैब टेक्निशियन विनोद कुमार को भावपूर्ण विदाई दी गई। थाना परिसर में आयोजित विदाई समारोह में उपस्थित पुलिस निरीक्षक जितेंद्र कुमार आजाद ने कहा कि आज की परिवेश में बेदाग सेवानिवृत्ति होना बड़ी बात है। उन्होंने श्री पांडेय के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस पदाधिकारी के रूप में काम करते हुए आज सेवानिवृत हो रहे हैं उन्होंने उन्हें दीर्घायु होने की कामना की। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि निरंजन कुमार पांडेय का कार्यकाल अविस्मरणीय रहेगा। इन्होंने जहां अपनी जिम्मेदारी का शत्-प्रतिशत निर्वहन किया। वही अपने अनुभव से अन्य लोगों का मार्गदर्शन भी करते रहे। सेवानिवृत निरंजन पांडेय ने कहा कि एकीत बिहार के दौरान 1986 में आरक्षी के पद पर बहाल हुआ तब उनका वेतन मात्र 450 रुपए प्रति माह था। समय के साथ चुनौतियां भी बदलती रहती हैं जिसका सामना करने के लिए पुलिस को हमेशा तैयार रहना चाहिए। श्री पांडेय ने कहा कि पुलिस डिपार्टमेंट में गम खाना और कम खाना ज्यादा लाभकारी होता है। विदाई समारोह में एसआई दीपक कुमार, अरविंद साह, संजय सिंह, प्रेम प्रकाश पांडेय, एएसआई नितेश कुमार, आशीर्वाद महतो, जय ललिता कुमारी सहित थाना परिवार के साथ कई अन्य लोग शामिल थे।

## प्रशांत सिंह व उनके साथियों की मनी पांचवी जयंती

**भवनाथपुर।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के आवास में दिवंगत प्रशांत सिंह सहित उनके चार साथियों की पांचवी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश के नगवा ब्लॉक प्रमुख सह भाजपा नेता स्व. प्रशांत सिंह, सोनभद्र जिले के शक्ति नगर निवासी चैतन्य गिरी, बिहार के रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र के भीसड़ा गांव निवासी उमा सिंह एवं हरिहरपुर निवासी प्रशांत कुमार उर्फ टिंकू सिंह का पांचवी पुण्यतिथि मनाई गई। मौके पर सभी पांचों दिवंगत आत्माओं के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान स्व. प्रशांत सिंह के छोटे भाई प्रवीण सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों के सैकड़ो गरीब असहाय महिला पुरुषों के बीच कम्बल का वितरण किया। मौके पर एसटी मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कहा कि स्व. प्रशांत सिंह एक कुशल संगठनकर्ता, मृदुभाषी व हंसमुख स्वभाव के व्यक्ति थे, उनकी कमी हमसभी को हमेशा महसूस होता रहेगा। आज वे हमारे बीच नही हैं, लेकिन वे एक एक कार्यकर्ता के दिलो में बसते हैं, परंतु दुःख कितना भी बड़ा क्यों ना हो धैर्य और संतुलन रखिये समय आपको हारने नहीं देगा।

## पेज एक का शेष

### स्वर्स्पशी समाज का ...

कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र राय ने कहा पार्टी की दो दिनों तक पांच सत्रों में बैठक में चुनाव के संचालन से लेकर उसके प्रबंधन और परिणाम तक की विस्तृत चर्चा की गयी। राजनीति में चुनाव महत्वपूर्ण पहलू है। इसका परिणाम सफलता और असफलता सामान्य नजरों में देखी जाती है। झारखंड की जनता में भाजपा की विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आयी है। उन्होंने कहा कि विपक्षियों ने भाजपा के खिलाफ जातीय दुर्भावना, सांप्रदायिक दुर्भावना और अलग-अलग कम्युनिटी को भावनाओं को भड़काने का काम झामुमो, कांग्रेस और राजद के द्वारा किया गया। बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी मौजूद थे।

### शिंदे मुंबई लौटे...

मुंबई लौटे शिंदे कहा, आराम करने गया था---
कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे रविवार को मुंबई पहुंचे। उन्होंने कहा कि महायुति में कोई विवाद नहीं है। मेरी तबीयत ठीक है, मैं आराम करने के लिए गांव आया था। मैंने ढाई साल में छुट्टी नहीं ली थी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई काम नहीं बचा है। हमारा कोई विवाद नहीं है। विपक्षी नेता ईवीएम का मुद्दा उठा रहे हैं। वे जब जीतते हैं तो इवीएम पर सवाल नहीं उठाते।

### घटती आवादी चिंतनीय...

जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। हमारे लिए यह जरूरी है कि दो या तीन बच्चे हों। आबादी की जरूरत है क्योंकि समाज का अस्तित्व रहना चाहिए।'

**जनसंख्या असंतुलन घातक :** आरएसएस ने कई बार यह बात दोहरायी है कि देश में जनसंख्या का असंतुलन बढ़ रहा है। खासतौर पर हिंदुओं की आबादी का प्रतिशत भारत में कम हो रहा है। इस पर मोहन भागवत कई बार चिंता जता चुके हैं। वह कहते रहे हैं कि भारत में हिंदुओं का बहुसंख्यक रहना जरूरी है और देश के मूल्य इसी के चलते सुरक्षित बने हुए हैं। गौरतलब है कि कई रिपोर्ट्स में यह कहा जा चुका है कि मुस्लिमों की आबादी का प्रतिशत आजादी के बाद से अब तक बढ़ा है, जबकि हिंदुओं की आबादी का प्रतिशत 80 के करीब आ चुका है, जो कभी 88 के आसपास था।

### जय शाह ने आइसीसी...

आइसीसी चेयरमैन ने कहा कि हम एक ऐसे मोड़ पर हैं जहां विभिन्न प्रारूप एक साथ मौजूद हैं, महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाने की जरूरत है, वैश्विक स्तर पर क्रिकेट में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह खेल को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। 27 अगस्त, 2024 को जय शाह बिना किसी मुकाबले के आईसीसी के चेयरमैन चुने गये थे। श्री शाह इस प्रतिष्ठित पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति बने। वह जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर के बाद आईसीसी चेयरमैन बनने वाले पांचवें भारतीय हैं।
शाह क्रिकेट प्रशासन में काफी अनुभव रखते हैं। उनकी यात्रा 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन (जीसीए) से शुरू हुई, जहां उन्होंने अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है और आईसीसी की वित्त और वाणिज्यिक मामलों की समिति का नेतृत्व किया है।

# 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता 14 से


बैठक में शामिल पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर रविवार को सोनपुरवा स्थित आरकेवीएस में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 14 दिसंबर से 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु करने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुए समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रतियोगिता तीन ग्रुप में आयोजित की जाएगी। जूनियर वर्ग में वर्ग आठ तक के छात्र भाग ले सकते है। वहीं सीनियर वर्ग में दसवीं तक के छात्र शामिल हो सकते है। बालिका वर्ग में दसवीं तक की छात्रायें शामिल हो सकती है। प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि आठ दिसंबर रखा गया है। प्रवेश शुल्क 3500 रखा गया है। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले टीम अपने पंद्रह सदस्यीय टीम के खिलाड़ियों का दो फोटो, आधार कार्ड, विद्यालय का बोनाफाइड प्रमाण पत्र, यूडायशस कोड की छाया प्रति के साथ प्रतियोगिता के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी और ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में जमा कर सकते है। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक कमेटी का प्रमुख नंदकुमार गुप्ता एवं सदस्य अशोक कुमार दुबे और मुजीबउद्दीन खान को बनाया गया। विशेष जानकारी के लिए संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे के मोबाइल 9304168422 पर संपर्क कर सकते है।

**प्रतियोगिता में प्रवेश की अंतिम तिथि आठ दिसंबर**

# आज के परिवेश में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी : अलखनाथ

## 20वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वावधान में 20वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को रविवार को शहर के आरकेवीएस संस्थान में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, सचिव मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, सुशील केशरी, संजय सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि आज के परिवेश में विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी है। आज का युग कंपटीशन का है। समिति का उद्देश्य छिपी हुई प्रतिभाओं की खोज कर उन प्रतिभाओं को बेहतर भविष्य के लिए उन्हें अवसर प्रदान करना है। इस परीक्षा से जिले के बहुत से प्रतिभागियों ने बेहतर कर आज देश के विभिन्न संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हैं। अभिभावक को अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। बच्चों को पढ़ने के लिए जो भी सामग्री की आवश्यकता है उसे अभिभावक अवश्य उपलब्ध करायें। बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। उन्होंने कहा कि परीक्षा में पूरे जिले से लगभग 3000 बच्चे शामिल हुए थे। परीक्षा पूरी तरीके से निष्पक्ष संपन्न कराया गया और आज परीक्षा में सफल होने वाले लोगों को सम्मानित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा को संपन्न कराने में जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के लोगों ने काफी मदद की है। सचिव ने कहा कि प्रतियोगिता को चार ग्रुप में आयोजित किया गया था। ग्रुप ए में वर्ग तीन से चार, ग्रुप बी में वर्ग पांच से छह, ग्रुप सी में वर्ग सात से आठ और ग्रुप डी में वर्ग 9 और 10 के बच्चे शामिल हुए थे। सिस्टर रोशन ने कहा कि आज के कंपटीशन के दौर में इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन गढ़वा जैसे जिले में बहुत ही आवश्यक है। इस दौरान अभिभावक मुकेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सह कोषाध्यक्ष संजय सोनी ने संबोधित किया। ग्रुप ए में शांति निवास हाई स्कूल के दिव्यशक्ति पांडेय, अंशिका दुबे और परिधि झा ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप बी में शांति निवास हाई स्कूल की दिव्या कुमारी और सुप्रिया रानी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की सोनाक्षी तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप सी में शांति निवास हाई स्कूल की सृष्टि पाठक, चाहत कुमारी ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की भव्य प्रकाश और शांति निवास हाई स्कूल की रुनझुन कुमारी को पुरस्त किया गया। ग्रुप डी में शांति निवास के शिवम कुमार को प्रथम, प्रिंस कुमार को द्वितीय धीरज कुमार, आदित्य कुमार पांडेय और आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा की साक्षी कुमारी को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जबकि प्रखंड स्तर पर टॉप छात्रों में मझिआंव प्रखंड से आरके पब्लिक स्कूल के अहनान जफर, चिनिया प्रखंड के हाई स्कूल के राधिका कुमारी, रंका प्रखंड के आदर्श बाल विकास विद्यालय के समर्थ सोनी, मेराल प्रखंड के एस मेमोरियल स्कूल के शाहीद राजा अंसारी, बिशनपुरा प्रखंड के बाल शिक्षा निकेतन के आयुष कुमार चंद्रवंशी, नगर ऊंटरी आरके पब्लिक स्कूल के पार्थ कुमार और डडई प्रखंड के आइडियल पब्लिक स्कूल के फैजान अफसर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को समिति की ओर से प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर समन्वय समिति के मोजीबुद्दीन खान, जिला शिक्षा निकेतन के निदेशक अनिल विश्वकर्मा, बाल विकास विद्यालय के निदेशक भोला नाथ साहू, बाल शिक्षा निकेतन के रामेश्वर राम, यासीन अंसारी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कमलेश कुमार दुबे और ान्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार विश्वकर्मा ने किया।


विजेता प्रतिभागियों के साथ समिति के पदाकिारी

## स्पीड न्यूज

### आरबीआइ की एमपीसी बैठक चार दिसंबर से

नयी दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय द्विमासिक समीक्षा बैठक 4 से लेकर 6 दिसंबर तक चलेगी। बैठक के बाद निर्णय की घोषणा छह दिसंबर को आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास करेंगे। इस बार भी एमपीसी की समीक्षा बैठक में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में बदलाव की संभावना कम है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को बताया कि आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में छह सदस्यीय एमपीसी की बैठक 4-6 दिसंबर को होने वाली है। विशेषज्ञों का कहना है कि नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट को एक बार फिर अपरिवर्तित रख सकता है।

### राज कुंद्रा से आज पूछताछ करेगी ईडी

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने पोर्नोग्राफी मामले में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को समन जारी कर सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। राज कुंद्रा को भेजे गए ईडी के समन में कहा गया है कि कुंद्रा को सोमवार को दिन में 11 बजे मुंबई स्थित ईडी के दफ्तर में उपस्थित रहना है। ईडी सूत्रों के अनुसार पोर्नोग्राफी मामले में मुंबई पुलिस की टीम ने राज कुंद्रा के मुंबई स्थित आवास पर 29 नवंबर को छापा मारा था।

### सरगुजा में कार-ट्रक में टक्कर, पांच मरे

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा में रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसा जिले उदयपुर थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे130पर स्थित गुमगा के पास की है, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने स्कोडा कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। चार युवकों ने मौके पर और एक युवक ने अबिकापुर मेडिकल कॉलेज लाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पीएम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### रेलवे ने पिछले दशक में की पांच लाख युवाओं की भर्ती

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने वर्ष 2014-2024 के दौरान लगभग पांच लाख से अधिक युवाओं की भर्ती की है, जो पिछले दशक के पूर्व के दशक की तुलना में 25 प्रतिशत से अधिक है। यह रेलवे द्वारा रोजगार क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। पहली बार भारतीय रेलवे ने रोजगार कैलेंडर प्रकाशित किया है। सभी रिक्तियों की अधिसूचनाएं समयबद्ध तरीके से जारी की गईं। रोजगार कैलेंडर के तहत फरवरी 2024 में सहायक लोको पायलट (एएलपी) के 18,799 पदों के लिए अधिसूचना प्रकाशित की गई।

### मुखबिरी के आरोप में ग्रामीण की हत्या

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में पुलिस की मुखबिरी के आरोप में शनिवार रात नक्सलियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी। भैरमगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम डालेर निवासी कुम्मेश कुंजाम की देर रात माओवादियों ने गला घोंट कर हत्या कर दी शव को चिहका टिडोडी मार्ग पर फेंक दिए।

### माधव नेशनल पार्क टाइगर रिजर्व घोषित

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित माधव नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। एनटीसीए की तकनीकी समिति ने माधव राष्ट्रीय उद्यान को टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी रविवार को अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य-जीव) एल. कृष्णमूर्ति ने दी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक कृष्णमूर्ति ने बताया कि एनटीसीए की तकनीकी समिति ने प्रस्तावित बाघ अभयारण्य का कोर क्षेत्र 375 वर्ग किलोमीटर, बफर क्षेत्र 1276 वर्ग किलोमीटर और कुल क्षेत्रफल 1751 वर्ग किलोमीटर होगा।



## जनकपुरधाम में शुरू हुआ सीता विवाह का उत्सव

काठमांडू। जनकपुरधाम में सप्ताह भर चलने वाला सीता विवाह पंचमी का उत्सव रविवार से विधिवत शुरू हो गया है। त्रेता युग के दौरान भगवान राम और सीता के विवाह के उपलक्ष्य में हर साल विवाहपंचमी महोत्सव एक सप्ताह तक मनाया जाता है। सीताराम विवाह पंचमी महोत्सव के पहले दिन नगर दर्शन कार्यक्रम है। दूसरे दिन सोमवार को फुलवारी लीला, तीसरे दिन मंगलवार को धनुष यज्ञ, चौथे दिन बुधवार को तीलोत्कस्व, पांचवें दिन 5 दिसंबर को मटकोर और 6 दिसंबर को रामसीता स्वयंवर एवं विवाह कार्यक्रम होगा। महोत्सव के अंतिम दिन 7 दिसंबर को रामकलेवा कर बारात के रूप में अयोध्या से आए साधु संत को विदाई देने के बाद विवाहपंचमी महोत्सव का विधिवत समापन किया जाएगा।

# अब उज्जैन महाकाल मंदिर में एटीएम से 24 घंटे मिलेगा प्रसाद

एजेंसी

उज्जैन। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को अब एटीएम की तरह लगी मशीन से 24 घंटे लड्डू-प्रसादी(प्रसाद) मिल सकेगी। क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन पेमेंट के बाद लड्डू प्रसादी का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को महाकालेश्वर मंदिर में इस लड्डू प्रसादी मशीन का शुभारंभ किया। इसके साथ ही महाकालेश्वर मंदिर यह हाईटेक सुविधा शुरू करने वाला देश का पहला मंदिर बन गया है। दरअसल, भोपाल के एक दानदाता ने महाकालेश्वर मंदिर को दान में दो मशीनें देने की बात कही थी, जिसके बाद कोयम्बटूर की 5जी

### भाजपा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा ने किया शुभारंभ



टेक्नोलॉजी नामक कंपनी को लड्डू प्रसादी पैकेट की ऑटोमैटिक मशीन का ऑर्डर दिया गया। अब यह मशीन महाकालेश्वर मंदिर में लग चुकी है। केन्द्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने सपत्नीक भगवान महाकाल के दर्शन किए। उन्होंने यहां मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर बाबा महाकाल का पूजन और अभिषेक भी किया। इस अवसर पर उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने महाकाल मंदिर में पूजन के बाद नई लड्डू प्रसादी(प्रसाद) मशीन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने क्यूआर कोड से पेमेन्ट किया और मशीन से लड्डू प्रसादी प्राप्त की। महाकाल मंदिर में मशीन लगने से अब भगवान महाकाल के दर्शन करने वालों को प्रसाद के लिए कतार में नहीं लगना पड़ेगा। खास बात है कि प्रसादी पैकेट मशीन से निकालने के लिए कैश और क्यूआर कोड का भी ऑप्शन रहेगा। वे अपने मोबाइल से ही लड्डू प्रसादी ले पाएंगे। फिलहाल प्रायोगिक रूप से शुरुआत में एक मशीन मंगवाई है। 5जी कंपनी के बिजनेस हेड एम. कनन ने बताया कि मशीन को शुरू होने में करीब दो-तीन दिन का समय लगेगा। सोमवार को इसे महाकालेश्वर मंदिर के बैंक अकाउंट से जोड़ा जाएगा।

# भारतवंशी काश पटेल बने एफबीआइ के डायरेक्टर

## अमेरिका में सबसे उच्चे रैंक के अधिकारी होंगे पटेल

**एक बेहतरीन वकील, जांचकर्ता और अमेरिका को प्राथमिका देने वाले योद्धा हैं काश पटेल : ट्रंप**

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक पद के लिए अपने विश्वासपात्र काश पटेल को नामित किया। इसी के साथ पटेल आगामी प्रशासन में सबसे ऊंची रैंक के भारतीय अमेरिकी बनेंगे। ट्रंप ने न्यूयॉर्क के रियल एस्टेट डेवलपर चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अपना राजदूत नामित किया।

ट्रंप ने अपने स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर



कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि कश्यप काश पटेल एफबीआई के अगले निदेशक के रूप में काम करेंगे। काश एक बेहतरीन वकील, जांचकर्ता और अमेरिका को प्राथमिका देने वाले योद्धा हैं, जिन्होंने अपने करियर के दौरान भ्रष्टाचार को उजागर किया और न्याय तथा अमेरिका के लोगों की रक्षा की। पटेल (44) ने 2017 में तत्कालीन ट्रंप प्रशासन के अंतिम कुछ हफ्तों में अमेरिका के कार्यवाहक रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में काम किया था। ट्रंप ने कहा कि काश ने मेरे पहले कार्यकाल के दौरान शानदार काम किया।

इस दौरान वह रक्षा विभाग में चीफ ऑफ स्टाफ, राष्ट्रीय खुफिया के उप निदेशक और राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में आतंकवाद रोधी विभाग के वरिष्ठ निदेशक रहे। काश ने अदालत में हुई 60 से अधिक सुनवाई में प्रशासन की तरफ से पैरवी भी की।

### न्यूयॉर्क में जन्मे पटेल का नाता गुजरात से

न्यूयॉर्क में जन्मे पटेल का नाता गुजरात से है। हालांकि उनकी मां पूर्वी अफ्रीका में तंजानिया से और पिता युगांडा से हैं। वे 1970 में कनाडा से अमेरिका आ गए थे। पटेल ने एक साक्षात्कार में कहा था कि हम गुजराती हैं। वह एक बेहतरीन कारोबारी नेता और परोपकारी है जो हमारे देश और उसके हितों के लिए काम करेंगे। काश पटेल का पूरा नाम कश्यप पटेल है। काश पटेल ने कानून की पढ़ाई की। नस्लवाद विरोधी माने जाने वाले काश ने इससे पहले ब्रिटेन में यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन फैकल्टी ऑफ लॉज से अंतरराष्ट्रीय कानून में सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया था। काश 20 जनवरी को नई सरकार के कार्यकाल के साथ काबिज होंगे।

### तमिलनाडु के तट से टकराया तूफान फेंगल भारी बारिश व हवा जारी

नयी दिल्ली। बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठा चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में दस्तक दी। इसके कारण तेज हवा के साथ भारी बारिश का दौर जारी है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक चक्रवाती तूफान फेंगल तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार कर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात फेंगल पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने और पुडुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु- पुडुचेरी तटों को पार कर गया है। यह 70-80 किमी प्रति घंटे की हवा की गति से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसका असर से तमिलनाडु में भारी बारिश का दौर जारी है। आईएमडी ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। फेंगल से तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगी हैं। मौसम विभाग ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। यह समुद्री तट वाले अन्य राज्यों में भी असर छोड़ रहा है।

# तेलंगाना में मुठभेड़ सात माओवादी ढेर

**नक्सली नेता भी मारा गया, दो एके-47, एक इंसास और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद**

एजेंसी

मुलुग (तेलंगाना)। छत्तीसगढ़ व तेलंगाना की सीमा पर मुलुग जिले के इटुरनगरम वन क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली नेता सहित सात माओवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, माओवादी विरोधी दस्ते के साथ समन्वय में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स ने जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ होने पर माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गये।

मृतकों की पहचान नक्सली नेता कुरसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पापन्ना (35), एगोलापु मल्लैया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), जय सिंह (25), किशोर (22), कामेश (23) के रूप में हुयी। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से दो एके-47, एक इंसास रायफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग जारी है। मुलुग जिले के पुलिस अधीक्षक शबरी सिंह ने बताया कि जिले के चालपाका के जंगलों में माओवादियों की होने की सूचना मिली थी जिसके तहत ग्रेहाउंट जवानों को इस इलाके में भेजा गया था। आज सवेरे से ही ग्रेहंट फोर्स और नक्सलियों के बीच करीब एक घंटे से अधिक तक गोलीबारी होती रही। इस गोलीबारी में सात नक्सली मारे गए शव बरामद कर शिनाख्त भी की गई। मारे गए नक्सलियों में नक्सली नेता पापन्ना, मधु, मुस्की देवल, मुस्की जमुना, जयसिंग, किशोर और कमलेश शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से दो एके-47 एक इंसास रायफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।

# देश की एकता को तोड़ने में लगे हैं मोदी : खड़गे

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि एक हैं तो सेफ हैं...लेकिन आप सेफ रहने ही नहीं दे रहे। सच्चाई ये है कि काटने वाले भी आप हैं और बांटने वाले भी आप हैं। देश की एकता को तोड़ने में मोदी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस नेता उदित राज के नेतृत्व में आयोजित ईवीएम हटाओ महारैली में खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई उनकी फैलाई गई नफरत के खिलाफ है, जिसके लिए राजनीतिक शक्ति बेहद

**काटने के साथ ही बांटने का भी काम करती है भाजपा**



जरूरी है। अगर बाबासाहेब अंबेडकर संविधान के रूप में मताधिकार नहीं देते, तो देश में लोग बड़े और शक्तिशाली पदों पर पिछड़े नहीं बैठे होते। खड़गे ने कहा कि भाजपा नैतिकता की सिर्फ बातें करती है, लेकिन अनैतिक काम करती है। वो कभी ईवीएम से वोट चुराती है तो कभी आपके चुने हुए विधायक को चुराती है।

### फ्यूल के दाम में वृद्धि, महंगा हो सकता है हवाई सफर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एयर टरबाइन फ्यूल एटीएफ यानी जेट फ्यूल की कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। जेट फ्यूल की कीमत में लगातार दूसरे महीने बढ़ोतरी की गई है। फ्यूल की कीमत में 1.45 प्रतिशत का इजाफा किया गया है। बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में जेट फ्यूल की कीमत में 1,318.12 रुपये प्रति किलो लीटर की बढ़ोतरी हो गई है। अब दिल्ली में जेट फ्यूल 91,856.84 रुपये प्रति किलो लीटर के भाव पर मिल रहा है। मुंबई में एविएशन टरबाइन फ्यूल की कीमत 84,642.91 रुपये से बढ़ कर 85,861.02 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है। चेन्नई में बढ़ कर 95,231.49 रुपये प्रति किलो लीटर हो गई है, कोलकाता में कीमत 94,551.63 रुपये प्रति किलो लीटर मिल रहा है।

# मप्र के सिवनी खंभे से टकरायी एंबुलेंस बिहार के चार की मौत और पांच घायल

एजेंसी

सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में धूमा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक तेज रफ्तार एंबुलेंस राहगीर को टक्कर मारने के बाद एक खंभे से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि खंभे से टकराने के बाद एंबुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में बिहार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। मृतकों में एक तीन साल का बच्चा

### प. चंपारण के रहने वाले थे सभी मृतक

भी है। पुलिस के अनुसार, हादसा रविवार सुबह करीब 9 बजे जबलपुर रोड पर धारपाठा गांव के पास हुआ। लखनादौन थाना प्रभारी कैपी धुर्वे ने बताया कि एम्बुलेंस आंध्र प्रदेश के कुरनूल से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। इसी दौरान धूमा के धारपाठा गांव के पास तेज रफ्तार होने के कारण एम्बुलेंस अनियंत्रित हो गई और पैदल जा रहे एक राहगीर को टक्कर मारने के बाद खंभे से टकरा गई। इसके बाद सड़क से उतरकर एक खेत में जा घुसी। थाना प्रभारी धुर्वे ने बताया कि एम्बुलेंस में आठ लोग सवार थे। इनमें चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रतिमा देवी (35) पत्नी लाल शाह निवासी बेतिया, प्रिंस कुमार (चार वर्ष) पुत्र लाल शाह निवासी-बेतिया,, मुकेश शाह (36) पुत्र दीपलाल शाह निवासी- रक्सौल, और सुनील (40) पुत्र मदन शाह निवासी- गोकुल के रूप में हुई है।

# नौ कंपनियों के मार्केट कैप 2.29 लाख करोड़ बढ़ा

## एलआइसी के बाजार पूंजीकरण में 60,656 करोड़ की वृद्धि

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

नयी दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार से शुक्रवार के कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में से 9 कंपनियों के मार्केट कैप में कुल मिलाकर 2,29,589.86 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मार्केट कैप में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। टॉप 10 की एक कंपनी इंफोसिस के मार्केट कैप में 18,477.50 करोड़ रुपये की कमी हो गई। टॉप 10 में शामिल कंपनियों के मार्केट कैप की ये स्थिति तब हुई, जब पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान बीएसई का सेंसेक्स 685.68 अंक यानी 0.86 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 223.85 अंक यानी 0.93 प्रतिशत मजबूत हो गया। सोमवार से शुक्रवार के बीच हुए कारोबार के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 60,656.72 करोड़ रुपये बढ़ कर 6,23,202.02 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 35,860.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 13,73,932.11 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 35,860.79 करोड़ रुपये बढ़ कर 17,48,991.51 करोड़ रुपये के स्तर तक, भारती एयरटेल का मार्केट कैप 32,657.06 करोड़ रुपये बढ़ कर 9,26,725.90 करोड़ रुपये के स्तर तक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 20,482 करोड़ रुपये बढ़ कर 7,48,775.62 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसी तरह आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 15,858.02 करोड़ रुपये उछल कर 9,17,724.24 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।



इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 11,947.67 करोड़ रुपये बढ़ कर 5,86,516.72 करोड़ रुपये के स्तर तक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 10,058.28 करोड़ रुपये बढ़ कर 15,46,207.79 करोड़ रुपये के स्तर तक और आईटीसी का मार्केट कैप 2,555.35 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,96,828.28 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इस सप्ताह टॉप 10 भारतीय कंपनियों में से सिर्फ एक कंपनी इंफोसिस को ही मार्केट कैप के मामले में नुकसान का सामना करना पड़ा। इंफोसिस का मार्केट कैप सोमवार से शुक्रवार तक हुए कारोबार के दौरान 18,477.50 करोड़ रुपये घट कर 7,71,674.33 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,48,991.51 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस (कुल मार्केट कैप 15,46,207.79 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 13,73,932.11 करोड़ रुपये), भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 9,26,725.90 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 9,17,724.24 करोड़ रुपये), इंफोसिस (कुल मार्केट कैप 7,71,674.33 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 7,48,775.62 करोड़ रुपये), एलआईसी (कुल मार्केट कैप 6,23,202.02 करोड़ रुपये), आईटीसी (कुल मार्केट कैप 5,96,828.28 करोड़ रुपये), और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 5,86,516.72 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।